राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त


दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...

गाजियाबाद, बुधवार 08 मई 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 63, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12



11 नेहा मलिक ने बिकनी पहन दरिया...



अगर UPA का कार्यकाल जंगल... 12

## न्यूज डायरी

### कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, लश्कर के टॉप कमांडर बासित अहमद डार को घेरा, एनकाउंटर जारी

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का ऑपरेशन जारी है। दक्षिण कश्मीर में कुलगाम के रेडवानी पाईन इलाके में तलाशी अभियान के साथ सुरक्षाबलों की आतंकियों से मुठभेड़ शुरू हो गई है जो अब भी जारी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला हुआ है। जानकारी के मुताबिक शीर्ष लश्कर



कमांडर बासित अहमद डार कुलगाम की इस मुठभेड में घिर गया है। पिछले साल ही एनआईए ने लश्कर के सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के कमांडर बासित अहमद डार पर 10 लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की थी। इनामी राशि की घोषणा दक्षिण कश्मीर के कुलगाम के रेडवानी पाईन के बासित अहमद डार के खिलाफ दर्ज मामले 32/2021/ एनआईए/ डीएलआई में की गई थी। अधिकारियों के मुताबिक, बासित कई हत्याओं का मास्टरमाइंड था। रेडवानी के कुलगाम का निवासी बासित, जो पिछले साल अप्रैल 2022 से अपने घर से लापता था, लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) में शामिल हो गया था। आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में गत 4 मई को आतंकवादियों ने भारतीय वायु सेना (IAF) के काफिले पर घात लगाकर हमला कर दिया था। सुरक्षा अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक इस हमले में IAF का 1 जवान शहीद हो गया, जबकि 4 अन्य घायल हो गए।

### दिल्ली शराब नीति मामला : मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने 15 मई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली ।** दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया फिलहाल राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। अदालत ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक



हिरासत 15 मई तक के लिए बढ़ा दी है। सुनवाई के दौरान एऊने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। जिसके बाद अदालत ने ईडी को 15 मई तक का समय दिया है।

### श्रीलंका दे रहा भारतीयों को फ्री वीजा

**कोलंबो ।** द्वीप राष्ट्र में पर्यटकों के आगमन को बढ़ावा देने के लिए श्रीलंका ने भारत और कई अन्य चुनिंदा देशों के पर्यटकों के लिए वीजा-मुक्त प्रवेश का नवीनीकरण किया है। श्रीलंकाई सरकार के इस कदम से दोनों देशों के बीच बिना बाधा के यात्रा की रोमांचक संभावनाएं खुलेंगी। देश की कैबिनेट ने सोमवार को भारत, चीन, रूस, जापान, मलेशिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया के नागरिकों को वीजा मुक्त प्रवेश देने का फैसला किया है, जिसकी मान्यता 30 दिन तक होगी। यह योजना देश में पर्यटन उद्योग के पुनर्निर्माण के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में अक्टूबर में शुरू की गई थी।आप्रवासन और प्रवासन विभाग के अनुसार, पर्यटकों को श्रीलंका पहुंचने से पहले वीजा के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस वीजा की वैधता 30 दिन तक रहेगी। इस बीच, एक निजी कंपनी के तहत उच्च शुल्क पर हालिया विवाद के बीच, कैबिनेट ने 30 दिनों के लिए आगमन वीजा पर देश में प्रवेश करने वाले पर्यटकों के लिए 50 डॉलर शुल्क बनाए रखने का फैसला लिया है।

आप्रवासन और प्रवासन विभाग के अनुसार, पर्यटकों को श्रीलंका पहुंचने से पहले वीजा के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस वीजा की वैधता 30 दिन तक रहेगी। इस बीच, एक निजी कंपनी के तहत उच्च शुल्क पर हालिया विवाद के बीच, कैबिनेट ने 30 दिनों के लिए आगमन वीजा पर देश में प्रवेश करने वाले पर्यटकों के लिए 50 डॉलर शुल्क बनाए रखने का फैसला लिया है।

# 'कांग्रेस और इंडी गठबंधन को ना हमारी आस्था की परवाह है और ना ही देशहित की', विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी

**धार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के धार में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन को ना हमारी आस्था की परवाह है और ना ही देशहित की। उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत में कहा कि आज सुबह मैं मेरा कर्तव्य निभाने गया था और सुबह मैं वोट करके आपके पास आया हूं। मेरा हमेशा से मत रहा है कि ये लोकतंत्र का उत्सव है और हर नागरिक को इसे उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। आज मैं धार में देख रहा हूं, यहां की माताएं-बहनें जिस तरह से परंपरागत वेशभूषा में आई हैं, जैसे अपने परिवार में



कोई अवसर हो। ये लोकतत्रं का मिजाज है। मोदी ने कहा कि एक प्रकार से चुनाव, संस्कार की प्रक्रिया भी है, लोकतंत्र के प्रति समर्पण को और अधिक प्रभावी बनाने का उत्तम अवसर है। धार के मेरे भाई-बहनों ने आज जो ये उत्सव को माहौल बना दिया है, मैं धार के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज तीसरे चरण का मतदान चल रहा है। पहले चरण में विपक्ष पस्त पड़ गया था, दूसरे चरण में विपक्ष ध्वस्त हो गया था और आज तीसरे चरण में जो कुछ बाकी रह गया है, वो भी अस्त हो जाएगा। क्योंकि पूरे देश ने ठान लिया है- फिर एक बार मोदी सरकार। नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस, बाबा साहेब से नफरत? करती है, इसी नफरत में अब कांग्रेस ने एक और चाल चली है। कांग्रेस चाहती है कि संविधान बनाने का श्रेय बाबा साहेब को न मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कहना शुरू कर दिया है कि संविधान बनाने में बाबा साहेब का योगदान तो कम

> धार के मेरे भाई-बहनों ने आज जो ये उत्सव को माहौल बना दिया है, मैं धार के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं

था, संविधान बनाने में नेहरु जी ने सबसे बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि इन परिवारवादियों ने पहले देश का इतिहास तोड़ा-मरोड़ा, आजादी के महान सपूतों को भुलवा दिया।

## पुतिन 5वीं बार बने रूस के राष्ट्रपति, शपथ लेते ही नाटो को दी चेतावनी, कहा-हम पर दबाव डाला तो मचा देंगे तबाही

**रूस ।** व्लादिमिर पुतिन ने रूस के राष्ट्रपति के तौर पर पांचवीं बार शपथ ले ली है। इसी के साथ उन्होंने अपने इरादे भी साफ कर दिए हैं। पुतिन ने शपथ लेने के बाद पहले ही संबोधन



में स्पष्ट शब्दों में कह दिया है कि यह पश्चिमी देशों पर निर्भर है कि वह रूस से बातचीत करना चाहते हैं या फिर रूस के विकास में बाधा डालने की कोशिश करते हुए हमारे गुस्से का शिकार होना चाहते हैं। पुतिन ने पश्चिम का नाम लेकर अप्रत्यक्ष तौर पर नाटो को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हम पर दबाव डालना जारी रखा तो तबाही के लिए तैयार रहें। रूस के राष्ट्रपति का यह शपथ ग्रहण समारोह क्रेमलिन ग्रैंड पैलेस में हुआ और इसमें संसद और संवैधानिक न्यायालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**दबाव नहीं झेलेंगे**

पुतिन ने रूस के भविष्य और पश्चिमी देशों के साथ अपने संबंधों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हम पश्चिमी देशों से बातचीत के लिए तैयार हैं, ये उनको चुनना है कि वे रूस से बातचीत करें या हमारे ऊपर दबाव की नीति को जारी रखने की कोशिश करेंगे, जैसा कि वे कई वर्षों से करते चले आ रहे हैं।

## खड़गे के दामाद सहित 5 लोगों के खिलाफ CBI में शिकायत

**बेंगलुरू ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दामाद एवं कुलबर्गी से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार राधाकृष्ण डोड्डामणि सहित पांच लोगों के खिलाफ 800 करोड रुपये के कथित घोटाले में शामिल होने की शिकायत सोमवार को केन्द्रीय

> 800 करोड़ के घोटाले में शामिल होने का आरोप

जांच ब्यूरो (सीबीआई) और कर्नाटक लोकायुक्त के पास दर्ज की गई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बेंगलुरु दक्षिण जिला अध्यक्ष एनआर रमेश द्वारा दायर की गई शिकायत में विशेष रूप से डॉ. बीआर अंबेडकर मेडिकल कॉलेज और डॉ. बीआर अंबेडकर डेंटल कॉलेज में प्रबंधन समिति के प्रमुख के रूप में कार्यरत श्री डोड्डामणि पर कथित घोटाले में केंद्रीय व्यक्ति होने का आरोप लगाया गया है। उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों में भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी से लेकर जालसाजी और सत्ता का दुरुपयोग शामिल है। शिकायत में श्री डोड्डामणि के साथ एचएस महादेव प्रसाद, डॉ.



एनटी मुरली मोहन, वीएस कुबेर और जनसंपर्क अधिकारी अमानुल्ला खान के नाम है। रमेश का आरोप है कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए अयोग्य छात्रों को एमबीबीएस और बीडीएस पाठ्यक्रमों में दाखिला देकर धन लेने की योजना बनाई थी। उनका दावा है कि कॉलेज प्रशासन के सदस्यों और कार्यकताओं सहित विभिन्न हितधारकों द्वारा कई शिकायतें दर्ज किए जाने के बावजूद अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आरोपियों ने फर्जी तरीकों से प्रवेश का वादा करके प्रत्येक छात्र से एक करोड़ रुपये से दो करोड़ रुपये तक की रकम एकत्र की। रमेश ने आगे आरोप लगाया कि 12वीं कक्षा की परीक्षा में असफल हुए छात्रों को प्रवेश की सुविधा देने के लिए झारखंड और अन्य राज्यों के कॉलेजों से फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र खरीदे गए थे। उन्होंने कहा कि विशेष चिंता का विषय कलबुर्गी में आगामी चुनाव के लिए डोड्डामणि की उम्मीदवारी है, जिससे राजनीतिक मिलीभगत और भाई-भतीजावाद के आरोप लग रहे हैं।

## बंगाल में भिड़े बीजेपी प्रत्याशी व TMC समर्थक, बिहार में पीठासीन अधिकारी सहित दो लोगों की मौत

**सुपौल ।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के दौरान वोटिंग जारी है। इस दौरान बंगाल में जंगीपुर के एक मतदान केंद्र पर



टीएमसी बूथ अध्यक्ष की बीजेपी उम्मीदवार धनंजय घोष से झड़प हो गई। वहीं, बिहार के सुपौल में मतदान ड्यूटी पर तैनात पीठासीन अधिकारी की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि निर्मली विधानसभा के सरायरंजन के मतदान केंद्र संख्या 163 पर मतदान शुरू होने के बाद पीठासीन अधिकारी शैलेंद्र कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक पीआरएलएन हाई स्कूल (रतनपुर) में बतौर शिक्षक पदस्थापित थे। सुपौल डीएम के निर्देश पर शैलेंद्र कुमार के स्थान पर दूसरे पीठासीन अधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। वहीं, अररिया के पलासी प्रखंड के उत्क्रमित म. वि. पेचैली बूथ पर मंगलवार को मौके पर तैनात होमगार्ड जवान महेंद्र साह की मौत होने की सूचना है। माना जा रहा है कि उन्हें हार्ट अटैक आया था। हालांकि, अभी हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि नहीं हुई है। महेंद्र साह सीतामढ़ी के रहने वाले थे।

## भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद के कार्यालय में तोडफोड़, दीवारों पर लिखे फलस्तीन की आजादी के नारे

**वाशिंगटन ।** अमेरिका में भारतीय मूल के सांसद श्री थानेदार के डेट्रायट स्थित कार्यालय में तोडफोड़ हुई है। श्री थानेदार के कार्यालय के प्रवक्ता ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। दीवारों पर फलस्तीन की आजादी के नारे लिखे गए है। थानेदार ने अपने पोस्ट में लिखा कि कांग्रेस का सदस्य होने के नाते मैं हमेशा बातचीत और चर्चा करना चाहता हूं, दुर्भाग्य से कम्युनिटी सेंटर (ऑफिस) में हुई तोडफोड़ कोई अकेली घटना नहीं है, साथ ही न ये बातचीत का सही तरीका है। ये सब सिर्फ डर फैलाने और लोगों को बांटने की कोशिश है। श्री थानेदार ने लिखा कि वह पहले भी ऐसे विरोध झेल चुके हैं। बीते साल दिसंबर में तो यह विरोध हिंसक हो गया था। इन घटनाओं के चलते लोग घायल हुए और इससे मेरे परिजन घबराए हुए हैं।


**इस्राइल का किया था समर्थन**

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सांसद थानेदार ने कुछ समय पहले इस्राइल हमास युद्ध में इस्राइल का समर्थन किया था।

## कंस का युग याद कर ले या कांग्रेस का, दोनों एक जैसे है : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**रतलाम (आरएनएस)।** हम सभी देवी देवताओं को मानने वाले लोग हैं। जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवताओं का वास होता है। लेकिन आज कंस का युग याद कर ले या कांग्रेस का, दोनों एक जैसे है। इनकी निगाह और नियत खराब है। आज मैं कूलर में खड़ा हूं, माइक से बोल रहा हूं लेकिन पहले लाइट ही नहीं रहती थी, ऐसे हालात कांग्रेस ने कर रखे थे। यही कारण है कि आज पूरे देश से कांग्रेस को ठुकरा रहे है।

यह बाद प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने रतलाम जिले के सरवन और बांगरोद में आमसभा को सम्बोधित करते हुए कही। वे पहले रतलाम के सैलाना विधानसभा के सरवन में पहुंचे और आमसभा को संबोधित किया। इसके बाद वे रतलाम ग्रामीण विधानसभा के ग्राम बांगरोद पहुंचे। सभा में कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय जिला प्रभारी प्रदीप पांडेय एवं भाजपा प्रत्याशी अनीता नागरसिंह चौहान मौजूद रहे। बांगरोद में मुख्यमंत्री जी ने सभा स्थल के समीप स्थित बाबा खाटूश्याम मंदिर पहुंचकर दर्शन किए, उसके बाद मंच से मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए कांग्रेस को जमकर आड़े हाथ लिया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि ये बोल रहे है कि भाजपा सरकार में संविधान खतरे में आ जायेगा। इनके लिए लोकतंत्र इसलिए खतरे में है क्यो कि ये गलत काम कर रहे है और जेल जा रहे है। मोदीजी के जीवन का एक ही लक्ष्य सभी का जीवन सुखमय बनाना है। जिसका खुद का मकान नहीं वह 4 करोड़ आवासों का सपना देख रहा है। मोदी जी ने हर घर पर नल से जल और गैस पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कांग्रेस झूठ बोलने की दुकान है। राहुल गांधी बोलते है कि हमारी सरकार बनाओ, हम गरीबी हटाएंगे। लेकिन पहले सालो तक इनकी सरकार थी, तब नहीं कर पाए तो ये क्या जादू से कर देंगे।



**चुनावी रैली** | मोदी ने 10 साल में 22 लोगों को अरबपति बनाया

# हम करोडों लोगों को लखपति बनाएंगे: राहुल गांधी

**चाईबासा (झारखंड)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस समय झारखंड में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने अपनी चुनावी रैली के दौरान मोदी सरकार पर गंभीर रुप से हमला बोला है। उन्होंने पीएम मोदी पर उद्योगपतियों को और अमीर और गरीबों को और गरीब करने का आरोप लगाया है। झारखंड के चाईबासा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने सत्ता में आने पर करोड़ों लोगों को लखपति बनाने का वादा भी किया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को उद्योगपतियों के हवाले करना चाहते हैं। झारखंड के चाईबासा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने सत्ता में आने पर करोड़ों लोगों को लखपति बनाने का वादा भी किया। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव संविधान और आदिवासियों, गरीबों एवं पिछड़ों के अधिकारों को बचाने के लिए है तथा इंडिया गठबंधन के नेता संविधान को बचाने के लिए अपने जीवन का बलिदान तक देने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन को 14-15 उद्योगपतियों के हवाले करना चाहते हैं...उन्होंने अपने 10 साल के कार्यकाल में 22 लोगों को अरबपति बनाया...सत्ता में आने पर हम करोड़ों लखपति बनाएंगे और गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देंगे। उन्होंने कहा, भाजपा आदिवासियों की भूमिका घरेलू सहायकों जैसी कर देना चाहती है। वे कभी नहीं चाहते कि आप डॉक्टर,



इंजीनियर और वकील बनें। वे जंगलों को उद्योगपतियों को सौंपना चाहते हैं... देश को 90 आईएएस अधिकारी चला रहे हैं और उनमें से केवल एक आदिवासी है जिसे दिल्ली में किनारे कर दिया गया है। देश में आदिवासियों की आबादी करीब आठ फीसदी है। उन्होंने कथित पक्षपातपूर्ण भूमिका के लिए प्रेस पर भी निशाना साधा और दावा किया कि अधिकांश मीडिया घरानों को उद्योगपति चला रहे हैं। गांधी ने बेरोजगार डिप्लोमा धारकों, स्नातकों को एक साल की प्रशिक्षुता प्रदान करने का वादा भी किया। उन्होंने कहा, अगर हम सत्ता में आए तो बेरोजगार स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को प्रशिक्षुता के अवसर देंगे और 8,000 रुपये प्रति माह का भुगतान करेंगे।

उन्होंने घोषणा की कि इंडिया गठबंधन गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की पहचान करने के लिए आदिवासी, दलित और ओबीसी समुदायों सहित गरीब लोगों की एक सूची तैयार करेगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने महिलाओं को प्रति माह 8,500 रुपये यानी सालाना एक लाख रुपये प्रदान करने का वादा किया। गांधी ने कहा, कांग्रेस सरकार किसानों के सभी उत्पादों के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) सुनिश्चित करेगी; मनरेगा दैनिक भत्ता 250 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये किया जाएगा और आशा व आंगनवाड़ी कर्मियों का पारिश्रमिक दोगुना किया जाएगा। जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बारे में गांधी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया है, लेकिन हेमंत सोरेन छूटेगा। इसके जवाब में भीड़ ने नारा लगाया जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा। रैली को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना ने उपस्थित लोगों से सवाल किया कि क्या चुनाव से पहले उनके पति को जेल में डालना सही है?

## अहमदाबाद में मतदान केंद्र के बाहर भारी भीड़ के बीच बुजुर्ग महिला ने पीएम मोदी को बांधी राखी

**अहमदाबाद ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अहमदाबाद के रानिप स्थित निशान स्कूल में वोट डाला। इस दौरान उत्साही भीड़ ने उनका जोरदार स्वागत किया। मतदान केंद्र पर माहौल उम्मीद और उत्साह से भरा था। लोगों ने जय श्री



राम के नारे के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मतदान केंद्र के बाहर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। समर्थकों और शुभचिंतकों की भीड़ के बीच, एक बूढ़ी महिला ने पीएम मोदी को राखी बांधी। बदले में उन्होंने हाथ जोड़कर आशीर्वाद मांगा। पीएम मोदी ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर और ऑटोग्राफ देकर इस गर्मजोशी का जवाब दिया। एक स्थानीय व्यक्ति ने पीएम को एक पेंटिंग भेंट की, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। उन्होंने सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने सुचारू और हिंसा मुक्त चुनावी प्रक्रिया आयोजित करने के लिए चुनाव आयोग की सराहना की। पहले वोटिंग के दौरान हिंसा होती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। यह प्रक्रिया चुनाव अनुकूल है। यह दुनिया के सभी लोकतंत्रों के लिए एक उदाहरण है। यह एक केस स्टडी है।

# शिकारपुर में1'65 करोड़ की लागत से होगा गौशाला का निर्माण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** शिकारपुर में कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अंतर्गत1'65 करोड रुपए की लागत से नगर में कान्हा गौशाला का निर्माण और संचालन किया जाएगा। नगर पालिका ने मेरठ बदायूं स्टेट हाईवे स्थित हलपुरा मंदिर के सामने गौशाला की 9 बीघा भूमि पर निर्माण कार्य कराए जाने की कवायद शुरू कर दी है। जिसके लिए बजट की स्वीकृति मिल चुकी है। चुनाव आचार संहिता के बाद गौशाला का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। 30 जून 2023 को नगर पालिका बोर्ड की बैठक में नगर की कान्हा गौशाला के संचालन एवं निर्माण करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया था। गौशाला की भूमि पर भू माफिया ने कब्जा कर निर्माण का प्रयास किया था जिस पर नगर पालिका ने रोक लगा दी थी। नगर पालिका अध्यक्ष राजबाला सैनी तथा अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने बताया कि गोवंश हित में मेरठ बदायूं स्टेट हाईवे पर हलपुरा मोड़ के पास गौशाला के लिए सुरक्षित जमीन पर कान्हा आश्रय गौशाला का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए शासन से 1'65 करोड रुपए धनराशि स्वीकृत की है। गौशाला निर्माण करने के लिए कवायद जल्द शुरू की जाएगी।

# टैगोर बाल शिक्षा सदन में रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी। (सैय्यद मजहर)** नगर के विख्यात टैगोर बाल शिक्षा सदन में गुरु रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई ! इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा ने रविंद्र नाथ टैगोर के चित्र पर माल्या अर्पण कर इस कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया !इस अवसर पर शिक्षक रमेश चंद शर्मा ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवन के विषय में प्रकाश डालते हुए बताया कि रविंद्र नाथ टैगोर विश्व विख्यात कवि व कालिदास कालिदास जी के बाद विश्व के दूसरे कवि थे तथा शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने का श्रेय टैगोर जी को ही जाता है। इनको नोबेल पुरस्कार भी प्राप्त हुआ था , टैगोर जी के द्वारा ही राष्ट्रीय ज्ञान की रचना की



गई। इस कार्यक्रम के समापन पर शिक्षक शिक्षिकाओं एवम छात्र-छात्राओं द्वारा टैगोर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तेज धवनी में राष्ट्रीय गान के गायन के साथ हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार निराला, पवन कुमार, गीता वर्मा, राकेश कुमार, मंजू रानी, दीपक शर्मा, शिखर भारद्वाज, आदि इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे !

# मंडी परिसर में ईवीएम स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** वरिष्ठ पुलिस सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।



अधीक्षक श्री श्लोक कुमार द्वारा मंडी परिसर में ईवीएम स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण करते हुए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात है।

# रास्ता में जलभराव से निकलना दूभर, निकासी ने होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** नगर के विकास की पोल खोलता हुआ यह जल भराव आपको बता दें कि अग्रसेन चौक के पीछे से यह रास्ता शिकारपुर नगर के अंदर जाने के लिए

**रास्ता नही जलभराव से रास्ता बना तालाब जलभराव बना लोगों की जन समस्या**



गुजरता है वहीं इस रास्ते पर राधा कृष्ण स्कूल पड़ता है इस जल भराव की वजह से यह स्कूल बंद होने के कगार पर है। इस रास्ते को लेकर नगर के संयुक्त उधोग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कई बार शिकायत की है। वही स्कूल संचालक मां भगवती स्कूल व राधा कृष्ण स्कूल द्वारा भी लिखित शिकायत की गई है। लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। जिम्मेदार इस जल भराव से बेखबर है नगर के लोग इस रास्ते से ना निकल कर नगर के अन्य रास्तों का सहारा ले रहे हैं। यदि इस जल भराव को देखा जाए तो लगता है कि क्या यह रास्ता नहीं कोई तालाब है जहां नगर पालिका भी विकास के लाख दावे कर रही है वहीं इसको देखकर लगता है की धरातल पर कुछ नहीं है।

**इनका कहना**

शिकारपुर ईओ नीतू सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया है कि इस जल भराव का स्थाई समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। लोकसभा चुनावों को लेकर अभी आदर्श आचार संहिता लगी हुई। लेकिन इस रास्ते का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है जैसे ही शासन से स्वीकृति मिलेगी उसके बाद रास्ता को बनवाया जाएगा।

# रोटरी क्लब बुलंदशहर सिटी ने खाटू श्याम मंदिर को वाटर कूलर किया समर्पित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** रोटरी क्लब बुलंदशहर सिटी द्वारा आज पंचशील कॉलोनी स्थित श्याम खाटू मंदिर में एक वाटर कूलर जन सेवा के लिए रोटरी इंटरनेशनल एवं रोटरी क्लब बुलंदशहर सिटी के सहयोग से समर्पित किया मंडल3100 के मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने वर्चुअल वाटर कूलर का उद्घाटन किया।

इस पुनीत कार्य की व्यवस्था करने में श्री श्याम सेवा समिति (रजि)से विनय अग्रवाल एवं अतुल खेतान ने पुरा सहयोग प्रदान किया मंदिर समिति की ओर से पंडित जी ने सभी क्लब सदस्यों को पटका पहनकर एवं प्रसाद देकर स्वागत किया।

क्लब के सभी सदस्यों ने बाबा खाटू श्याम एवं समस्त उपस्थित शक्तियों के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

क्लब अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल, सचिव अर्जित गर्ग, कोषाध्यक्ष, जुगनेश बंसल, प्रदीप अग्रवाल, राजीव



अग्रवाल, अंकुर गर्ग मनोज गोयल, अरविंद गर्ग ,डॉक्टर सचिन, डॉक्टर नवीन, दिव्यांशु मित्तल, लवकेश गुप्ता, शिखर अग्रवाल, सुमित मित्तल, दीपक बंसल,अमित गर्ग आर्किटेक्ट अंकुश गोयल आदि सदस्य मौजूद रहे।

# वार्ड सभासदों ने पालिका अधिशासी अधिकारी को दिया ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** नगर के वार्ड सभासदों ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी नीति सिंह को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर में आवारा पशुओं का आतंक काफी बढ़ गया है। जिसमें गोवंश और आवारा कुत्ते जगह-जगह डस्टबिन बिखेर देते हैं और गंदगी करते हैं। जिससे व्रत महिलाओं और बच्चों को चोट लगने की आशंका बनी रहती है। मोहल्ला कोट शेर खान स्थित सब्जी मंडी में काफी गंदगी रहती है। वहीं राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है। सभासद संगीता गर्ग सभासद बृजरानी सैनी आदि मौजूद रहे।


# शहीद पिता की बेटी भटक रही दर दर नहीं मिल रहा न्याय

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सिकन्द्राबाद।** छेत्र के ग्राम गाजीपुर की रहने वाली कविता ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है की उसके पिता देव नारायन यादव ने कारगिल युद्ध मे अपने प्राणों का

**माँ ने नाकारा परिवार ने नाकारा पहुंची एसएसपी के द्वार, न्याय पाने की गुहार**

बलिदान दिया था। उसके पिता जब युद्ध में शहीद हुए थे तब वह मात्र 6 माह की थी। सरकार द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाएँ उसकी माँ मंजू देवी ने प्राप्त की थी। लेकिन उसकी माँ का व्यवहार सही न होने के कारण उसके शहीद पिता को मिली सभी सुविधाओं का गलत इस्तेमाल किया तथा अपने निजी सुख के लिये पीड़िता का उत्पीड़न करने लगी।पीड़िता अपने शही पिता की इकलौती संतान है। पीड़िता ने अपनी मां पर आरोप लगाया है कि उसकी मां का चाल चलन ठीक नहीं रहा ही जिस कारण शहीद बेटी का सब कुछ हड़पकर शहीद के भाई से शादी करने के बाद तलाक देकर अपने निजी स्वार्थ के लिए मामा और मामा के साले के पास रह रही है। पीड़िता का कहना है कि वह आप बालिग है लेकिन ु अकेली और अनाथ के रूप मै जीवन



व्यतीत कर रही है और बी0ए0 तक शिक्षा प्राप्त करके आगे की पढ़ाई बन्द कर भूखी मरने को मजबूर है।पीड़िता का आरोप है कि सरकार से मिली करोड़ो की संपत्ति को उसकी मां और मामा उसका साला हड़प कर उसे अनाथ छोड़ दिया है। पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगायी है। पीड़िता ने अपने मामा और उसके साले पर भी गलत नियत रखना और मारपीट करने का आरोप लगाया है।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बुलंदशहर के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर की वार्ता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव एवं जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को संगठन के प्रतिनिधि मण्डल ने प्रभारी वित्त एवं लेखाधिकारी( माध्यमिक शिक्षा ) से 31 मार्च को सेवानिवृत शिक्षकों की पेंशन पत्रावली, अंतिम भुगतान, जीपीएफ के भुगतान और कुछ लंबित एरियर बिलों के भुगतान के संबंध में वार्ता की। संगठन ने वित्त एवं लेखाधिकारी से अतिशीघ्र शिक्षकों के वित्तीय प्रकरणों का निस्तारण करने की मांग की।

वित्त एवं लेखाधिकारी ने आश्वस्त किया कि आज ही समस्त प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। साथ ही संगठन ने चेतावनी दी कि यदि कल



तक मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो जिलाधिकारी को संगठन द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा तथा संगठन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन के लिए विवश होगा।

प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने वित्त एवं लेखाधिकारी से यह भी कहा कि संगठन की अगली वार्ता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में स्थित लेखा कार्यालय में ही होनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में जिला मंत्री अरुण राठी, जिला कोषाध्यक्ष कौशल किशोर अगौता ब्लॉक अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह, शिकारपुर ब्लॉक अध्यक्ष रविराज सिंह गुलावठी ब्लॉक अध्यक्ष अशोक यादव संगठन मंत्री वीरेंद्र कुमार सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।

# काली नदी में अज्ञात शव मिलने से फैली सनसनी पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु भेजा शव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर ।** शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर मानपुर की काली नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से फैली सनसनी। प्राप्त जानकारी के अनुसार काली नदी में एक शव मंगलवार को समय करीब 12 बजे

**अज्ञात शव की नही हुई शिनाख्त पुलिस जांच पड़ताल में जुटी**

तैरता हुआ ग्रामीणों को दिखाई दिया जिसकी सूचना शिकारपुर कोतवाली पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को काली नदी से बाहर निकाल कर शव को पोस्टमार्टम हेतु बुलंदशहर भेज दिया गया है।शव की



शिनाख्त कराने में पुलिस जुटी हुई है।उधर खबर लिखे जाने तक अज्ञात शव की पहचान नहीं हुई है।

# विद्यालय केशव माधव में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी की जयंती मनायी गई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ककोड़ ।** केशव माधव सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककोड़ में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी की जयंती का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचाय मनोज कुमार मिश्र एवं मुख्य वक्ता आचार्य श्री शिवनारायण शर्मा जी रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्या बहन श्रीमती ममता शर्मा जी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्व्लन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया व बहनों ने रविन्द्र नाथ टैगोर के जीवन पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता आचार्य शिवनारायण शर्मा ने बताया कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी ने अपने जीवनकाल में कई उपन्यास,





निबंध, लघु कथाएँ, यात्रावृन्त, नाटक और सहस्त्रो गाने भी लिखे हैं। वे अधिकतम अपनी पद्य कविताओं के लिए जाने जाते हैं। गद्य में लिखी उनकी छोटी कहानियाँ बहुत लोकप्रिय रही हैं। टैगोर ने इतिहास, भाषाविज्ञान और आध्यात्मिकता से जुड़ी पुस्तकें भी लिखी थीं। टैगोर के यात्रावृन्त, निबंध, और व्याख्यान कई खंडों में संकलित किए गए थे। अल्बर्ट आइंस्टीन के साथ उनकी संक्षिप्त बातचीत, "वास्तविकता की प्रकृति पर नोट", बाद के उत्तराधो एक परिशिष्ट के रूप में सम्मिलित किया गया है। 1913 ई. में रबीन्द्रनाथ टैगोर को उनकी काव्यरचना गीतांजलि के लिये साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला। 1915 ई. में उन्हें राजा जॉर्ज पंचम ने नाइटहुड की पदवी से सम्मानित किया था।

1919 ई. में जलियाँवाला बाग हत्याकांड के विरोध में उन्होंने यह उपाधि लौटा दी थी।

विद्यालय के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, प्रबंधक जगदीश प्रसाद ढौड़ियाल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्यमनोज कुमार मिश्र ने इन महापुरुषों से देशभक्ति की प्रेरणा लेने की सलाह दी। आज के इस कार्यक्रम में विद्यालय की समस्त आचार्या बहनें, आचार्य बंधु एवं समस्त भैया बहन उपस्थित रहे।

**लोकसभा सामान्य निर्वाचन** | **34-मोहनलालगंज (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं**

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के पाँचवें चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**लखनऊ (आरएनएस)।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया संचालित है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के पांचवे चरण में 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 173-लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 26 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया, संवीक्षा तथा नाम वापसी के बाद 144 प्रत्याशी तथा 173-लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 04 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

34-मोहनलालगंज (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से कौशल किशोर, समाजवादी पार्टी से आर0के0 चौधरी, बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, राष्ट्रीय समाज पक्ष से बृजेश कुमार विक्रम, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से एस0एल0 सिंह, आम जनता पार्टी (इंडिया) से सुनीता छेदा पासी, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से सूरज कुमार, निर्दलीय प्रत्याशियों में जितेन्द्र कुमार, महेन्द्र, रमेश कुमार, सुशील कुमार रावत है।

35-लखनऊ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद सरवर मलिक, समाजवादी पार्टी से रविदास मेहरोत्रा, भारतीय जनता पार्टी से राज नाथ सिंह, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया से मो0 अहमद उर्फ रिंकू, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल से कपिल मोहन चौधरी, हिन्दु समाज पार्टी से गौरव वर्मा, किसान विश्व पार्टी से बृजेश कुमार यादव, सरवर पार्टी से सरवर अली, निर्दलीय प्रत्याशियों में अखंड प्रताप सिंह, इश्तियाक अली है।

36-रायबरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 08 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बहुजन समाज पार्टी से ठाकुर प्रसाद यादव, भारतीय जनता पार्टी से दिनेश प्रताप सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस से राहुल गांधी, अखिल भारतीय अपना दल से दिलीप सिंह, अपना दल (कमेरावादी) से मु0 मोबिन, मानवतावादी समाज पार्टी से हिन्द रोहिताश, भारतीय पंचशील पार्टी से सुरदर्शन राम, निर्दलीय से होरीलाल है।

37-अमेठी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इंडियन नेशनल कांग्रेस से किशोरी लाल, बहुजन समाज पार्टी से नन्हे सिंह चौहान, भारतीय जनता पार्टी से स्मृति इरानी, जनशक्ति समता पार्टी से दिनेश चन्द्र मौर्य, मौलिक अधिकार पार्टी से भगवानदीन पासी, संयोगवादी पार्टी से शैलेन्द्र कुमार मिश्र, समझदार पार्टी से सन्तराम, राष्ट्रीय नारायणवादी विकास पार्टी से मो0 हसन लहरी, निर्दलीय प्रत्याशियों में उदयराज, खुशीराम, चन्द्रावती, जगदम्बा प्रसाद यादव, सुरेन्द्र कुमार हैं।

45-जालौन (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 06 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से नारायण दास अहिरवार, भारतीय जनता पार्टी से भानु प्रताप सिंह वर्मा, बहुजन समाज पार्टी से सुरेश चन्द्र गौतम, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से नगेन्द्र कुमार, निर्दलीय प्रत्याशियों में प्रेमलता वर्मा, बृज मोहन हैं।

46-झांसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से अनुराग शर्मा, इंडियन नेशनल कॉंग्रेस से प्रदीप जैन ह्यआदित्यह्ल, बहुजन समाज पार्टी से रवि प्रकाश, अपना दल (कमेरावादी) से चन्दन सिंह, अल-हिन्द पार्टी से इं0 दीपक कुमार वर्मा, निर्दलीय प्रत्याशियों में इन्द्र सिंह, गनेशराम, धर्मेन्द्र प्रताप, रमेश, लखन लाल हैं।

47-हमीरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से अजेन्द्र सिंह लोधी, बहुजन समाज पार्टी से निर्दोष कुमार दीक्षित, भारतीय जनता पार्टी से कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से अनुपम कुमार त्रिपाठी, अल हिन्द पार्टी से धर्मराज, राष्ट्र उदय पार्टी से ब्रजेश कुमार पाल, एकलब्य समाज पार्टी से सुरेश कुमार, स्पष्टवादी जन आधार पार्टी से संजीव कुमार, निर्दलीय प्रत्याशियों में भुवनेन्द्र नारायण सिंह, राजेश सिंह, सन्तोष कुमार हैं।

48-बांदा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल, बहुजन समाज पार्टी से मयंक द्विवेदी, भारतीय जनता पार्टी से आर0के0 सिंह पटेल, राष्ट्र उदय पार्टी से गुलाब चन्द्र वर्मा, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से दिनेश कुमार पटेल, भागीदारी पार्टी (पी) से पंचा उर्फ पंचमलाल, अपना दल (कमेरावादी) से प्रमोद आजाद, लोग पार्टी से बाबूलाल, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया से रामचन्द्र सरस, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से श्रीराम सिंह गौर, स्वतंत्र जनता राज पार्टी से सुरेन्द्र कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी में रामचरन है।

# किन्नर समाज के लोगों ने बिलासपुर में पौधारोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** पर्यावरण संरक्षण समिति के नेतृत्व में डमरू कॉलोनी परिसर में मंगलवार को किन्नर समाज के साथ मिलकर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अघोरी योगी बाबा सोनू नाथ के नेतृत्व में ये अभियान चलाया जा रहा है ।

इस मौके पर सिमरन किन्नर ने कहा कि हमें आध्यात्मिक जीवन को अपनाकर अपने हृदय में प्रकृति के प्रति निश्चल प्रेम जगाने की आवश्यकता है और एक पेड़ एक जिंदगी है। बिलासपुर में किन्नर समाज के लोग एकत्रित हुए और अघोरी योगी बाबा सोनू नाथ के नेतृत्व में सिमरन, रिया, काजल, राकेश, रंजीत, जीतू, सिकंदर, मुकीम , चिराग ,वंदना पाल ने प्रकृति को सहयोग देते हुए हर सदस्य ने एक पेड़ लगाया ।इस मौके पर रिया पटेल किन्नर ने कहा कि समाज में उन्हें कोई स्वीकार नहीं करता, परिवार के साथ वह त्योहार नहीं मना सकते। करोना काल में लोगों को काफी आक्सीजन की कमी हो गई थी। ऐसे में प्राकृतिक रूप से आक्सीजन देने के लिए सिर्फ पेड़ पौधे ही कारक होते हैं। मन में इच्छा रहती है कि मैं भी किसी को राखी बांधूं तो इन पेड़-पौधों को मैंने भाई बना कर राखी बांधती हूं ।

# शारदा विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** नॉलेज पार्क स्थित शारदा यूनिवर्सिटी में फैक्स फ्लोरेसेंस माइक्रोस्कोपी और एनिमल सेल कल्चर तकनीकों पर तीन दिवसीय हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन विश्वविद्यालय के डीएसटी फिस्ट प्रयोगशाला में किया गया। इस आयोजन में 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें संकाय सदस्य, अनुसंधान विद्वान, मास्टर के छात्र और उद्योग पेशेवर शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आशीष पांडे, प्रतिदीप्ति माइक्रोस्कोपी के लिए अनुप्रयोग विशेषज्ञ, भारत और सार्क ,डॉ. शशांक मिश्रा, अनुप्रयोग वैज्ञानिक, बीडी एफएसीएस और डॉ. बिनायक कुमार, सहायक प्रोफेसर ने अपने विचार रखे ।विश्वविद्यालय के पीआईजी प्रमुख डॉ संदीप के शुक्ला ने बताया कि आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में, ये तकनीकें महत्वपूर्ण उपकरणों का प्रतिनिधित्व करती हैं जो सेलुलर जीव विज्ञान की जटिल कार्यप्रणाली में गहराई से उतरने और जीवन के रहस्यों को खोलने में सक्षम बनाती हैं। जर्मनी और संयुक्त राज्य अमेरिका के तकनीकी वैज्ञानिकों ने अपना ज्ञान और अनुभव साझा किया। इस आयोजन ने अन्य शैक्षणिक संस्थानों के शोधकताओं के साथ बातचीत और सहयोगात्मक अनुसंधान योजनाओं को बढ़ावा दिया। इष्टतम सेल रखरखाव और प्रयोग के लिए सेल कल्चर तकनीकों में व्यावहारिक कौशल विकसित किया। उन्नत इमेजिंग अनुप्रयोगों के लिए उल्टे प्रतिदीप्ति माइक्रोस्कोप के संचालन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उपस्थित लोगों के बीच सेल- आधारित अनुसंधान पद्धतियों की गहरी समझ को बढ़ावा दिया ।इस अवसर पर वाईस चांसलर डॉ सिबाराम खारा,डीन रिसर्च डॉ. भुवनेश कुमार , डॉ श्यामल के बनर्जी, डॉ. संजय कुमार, डॉ. सौमी साधु और डॉ. अनुपम अग्रवाल मौजूद रहे।





# गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी के हॉस्टल की पानी टंकी में मिली महिला की लाश मामले में पति और सास फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा ।** ग्रेटर नोएडा के गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में बने कर्मचारियों के क्वार्टर की छत पर सीमेंट से बनी पानी की टंकी में एक महिला का शव मिला। महिला का शव मिलने के बाद से पति और सास फरार है। मृतक महिला का पति गौतमबुद्ध नगर यूनिवर्सिटी में ही चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी है और उसे हॉस्टल में ही एक कमरा बतौर क्वार्टर रहने के लिए दिया गया था। पुलिस ने उनकी तलाश के लिए कई टीमों का गठन किया है। शुरूआती जांच में ये मामला पति पत्नी के बीच विवाद का बताया जा रहा है। फिलहाल, महिला के पति पर हत्या करने और शव को छुपाने की आशंका जताई जा रही है। उसके फरार होने के बाद शक और गहरा हो रहा है। पुलिस ने बताया कि पीआरवी कंट्रोल से गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के हॉस्टल की छत पर बने सीमेंटेड पानी के टैंक में एक महिला का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर ईकोटेक-1 थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की।

**फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने टीम का गठन किया है और सभी एंगल से जांच की जा रही है**

पड़ोसियों ने बताया कि रात में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। वे अक्सर आपस में झगड़ते रहते थे। महिला का पति मौके से फरार है। मृतक महिला के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने टीम का गठन किया है और सभी एंगल से जांच की जा रही है।

# ग्रेटर नौएडा के एल्फा-1 में रहने वाले शिवांश सिंह ने सीएसई-2023 की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंकिंग में प्राप्त किया 164 वां स्थान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** जिला गौत्तम बुद्ध नगर ग्रेटर नौएडा के एल्फा-1 में रहने वाले शिवांश सिंह ने सीएसई-2023 की परिक्षा में ऑल इंडिया रैंकिंग में 164 वां स्थान प्राप्त किया।

शिवांश सिंह ने आईआईटी रूड़की से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया है। उनका पारिवारिक परिचय इस प्रकार से है। वर्तमान में शिवांश सिंह अल्फा-1 ग्रेटर नौएडा (जिला गौत्तम बुद्ध नगर) में रहते हैं। उनके पिता एम एम सिंह यूपी सिंचाई विभाग में इंजीनियर हैं।

उनकी माता रश्मि सिंह एक साधारण गृहिणी हैं। उनकी एक बहन तनिष्का सिंह हैं जो वर्तमान में छात्रा हैं और जीआईएमएस ग्रेटर नोएडा से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं)शिवांश सिंह अपने बारे में बताते हुए कहते हैं कि उन्होंने 2022 में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और सीएसई की पूर्णकालिक तैयारी के लिए जनवरी 2023 में अपनी नौकरी छोड़ने से पहले 6 महीने तक बैंगलोर में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम किया था। सीएसई 2023 की इस परीक्षा में उनका ये पहला ही प्रयास था। और उन्होंने अपने कठिन परिश्रम के द्वारा इस पहले ही प्रयास में इस महत्वपूर्ण परिक्षा को एआईआर-164 वाँ स्थान प्राप्त करके उत्तीर्ण किया। उन्होंने आगे बताया कि ये मेरा वैकल्पिक विषय मानवविज्ञान है।

# अपर जिला अधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में एनटीपीसी दादरी के प्रभावित किसानों की समस्याओं को लेकर हुई बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) डा0 नितिन मदान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में एनटीपीसी दादरी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एनटीपीसी से प्रभावित किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भारतीय किसान परिषद के जिला अध्यक्ष/सदस्यों एवं किसानों द्वारा अवगत कराया गया कि रोजगार को लेकर एनटीपीसी दादरी दोहरा रवैया अपनाए हुए है एवं उपलब्ध रिक्तियों, उपयुक्तता और पात्रता के आधार पर रोजगार नहीं दिया गया है ।अपर जिला अधिकारी प्रशासन द्वारा एनटीपीसी के अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए एनटीपीसी दादरी से प्रभावित किसानों की समस्याओं का बहुत ही गहनता के साथ अनुश्रवण किया गया ।उन्होंने एनटीपीसी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आज जो समस्याएं एनटीपीसी दादरी के प्रभावित किसानों द्वारा दर्ज करायी गयी है, उनका निस्तारण यथाशीघ्र कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। आयोजित बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट गौतम बुद्ध नगर धर्मेन्द्र सिंह, डीजीएम (एचआर) एनटीपीसी रितेश भारद्धाज, एजीएम (एचआर) विल्सन अब्राहम एवं भारतीय किसान परिषद संगठन के जिला अध्यक्ष/सदस्य व प्रभावित कृषक उपस्थित रहे।

# कुणाल हत्याकांड का जल्द नहीं हुआ पर्दाफाश तो सपा करेगी आंदोलन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** ढाबा संचालक कृष्ण कुमार शर्मा के 15 वर्षीय पुत्र के कुणाल की हत्या कर शव नहर में फेंक देने के मामले में मंगलवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी के नेतृत्व में पीड़ित परिवार के आवास पर पहुंचा

**पीड़ित परिवार से मिले सपाई**

और मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि कुणाल हत्याकांड में पुलिस पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है, यदि पुलिस मामले की गंभीरता को समझती तो कुणाल आज जिंदा होता। नोएडा पुलिस की उदासीनता और गलत कार्यशैली के कारण आज गौतम बुद्ध नगर जिले में अपराधियों के हौसले बढ़े हुए हैं। उन्होंने कुणाल हत्याकांड का शीघ्र पदार्फाश कर हत्या में शामिल दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने और लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी इस दुख की घड़ी में कृष्ण कुमार शर्मा के परिवार के साथ खड़ी है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पार्टी उनकी लड़ाई लड़ेगी और कहा कि यदि अगले 2 दिन में इस घटना का खुलासा नहीं हुआ तो समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।



इस मौके पर मुख्य रुप से इंडिया गठबंधन लोकसभा प्रत्याशी डॉ महेंद्र नागर, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नरेंद्र नागर, जिला पंचायत सदस्य सुनील भाटी, कृशांत भाटी, राजेश रोही, रोहित मत्ते गुर्जर, हैप्पी पंडित, अक्षय सिंह भाटी, लोकेश जनमेदा, समय भाटी, अलीम सलमानी, धारा सिंह आदि मौजूद रहे।

# आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देशो के क्रम में एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक निरंतर एक्शन में

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निदेर्शों के क्रम में एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद के मेडिकल स्टोर्स पर मानकों के अनुरूप दवाइयों की बिक्री कराने के उद्देश्य से आज औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने सेक्टर 66, मामूरा, नोएडा स्थित दो मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम में खांसी, जुकाम, बुखार जैसी बीमारियों की दवाओं की गुणवत्ता की जांच करने के क्रम में बायोइस्कॉन मेडिकल से एक एंटी बायोटेक इंजेक्शन और एक गैस का कैप्सूल औषधि और शिवाय मेडिकोज से एक खांसी के सिरप का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया है। उन्होंने बताया कि शिवाय मेडिकोज द्वारा संगृहीत औषधि के बिल के साथ अन्य 7 दवाओं के क्रय विक्रय बिल प्रस्तुत नहीं किए गए, जिस पर मेडिकल स्टोर को सभी 8 औषधि के विक्रय बिल प्रस्तुत नहीं किए जाने तक के लिए 8 औषधियों के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने जानकारी देते हुए अवगत कराया कि मेडिकल स्टोर के क्रय विक्रय अभिलेखों की जांच यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि किसी भी मेडिकल द्वारा किसी बिना या अवैध लाइसेंस धारी या बिना डॉक्टर के पर्चे पर औषधि का क्रय विक्रय तो नहीं किया जा रहा है।

# श्री द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाई गई गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** मंगलवार को दनकौर स्थित श्री द्रोणाचार्य स्टाफ उत्तर महाविद्यालय में गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती समारोह मनाई गई कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं टैगोर के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जिसने प्राचार्य डॉ गिरीश कुमार वाट उप्राचार्य डॉ रश्मि गुप्ता सभी संकायों के विभाग अध्यक्ष डॉ देवानंद सिंह अमित नागर शशि नागर ने टैगोर के जीवन पर विविध सूक्ष्म व्याख्यान प्रस्तुत किया प्राचार्य ने कहा कि टैगोर की जीवन से यह सीखा जा सकता है की सर्वश्रेष्ठ शिक्षक वही है जो शिक्षार्थी है इस मौके पर अजमत आरा ने भी अपने विचार प्रस्तुत किया इस अवसर पर चंद्रेश कुमार त्रिपाठी विक्रम सैनी डॉ प्रशांत कनौजिया मोनिका शर्मा काजल कपासिया डॉक्टर संगीता रावल एवं कारण नगर तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**पहला शुद्धिपत्र**

**टेंडर नं. 30-ELECT-11-T-2024-25-E3 कार्य का नामः** दिल्ली मंडल में लिफ्ट, एस्केलेटर, प्लेटफार्म लाइटिंग (30/70%) स्ट्रीट लाइट, सबस्टेशन आदि जैसी विद्युत सामान्य संपत्तियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए आईओटी उपकरणों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य।

| टेंडर नं. 30-ELECT-11-T-2024-25-E3 | | | |
|---|---|---|---|
| | पहले प्रकाशित | | संशोधन |
| कार्य का नाम | दिल्ली मंडल में लिफ्ट, एस्केलेटर, प्लेटफार्म लाइटिंग (30 / 70%), स्ट्रीट लाइट, सबस्टेशन आदि जैसी विद्युत सामान्य संपत्तियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए आईओटी उपकरणों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। | | प्रशासनिक आधार पर रद्द कर दिया गया |
| निविदा की अनुमानित लागत | | Rs. 599.57 लाख | |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | | |
| बयाना राशि | | Rs. 449800.00 | |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | | 29.05.2024, 12.00 Hrs. | |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | | 29.05.2024, 12.00 Hrs. | |

उपर्युक्त निविदा के निविदा दस्तावेज को संशोधित किया गया है, कृपया **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध संशोधित दस्तावेजों को देखें और तदनुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1373/24

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा शुद्धिकरण**

प्रशासनिक कारण के कारण एन आई टी संख्या **1-डब्ल्यू–उ.मु.अभि.–टी.एम.सी.–ला.–टी.बी-01-24-25 दिनांक– 03.05.2024** में **शुद्धिकरण** किया गया है। जिसे 07.05.2024 को खोला जाना है।

शुद्धिकरण के डिटेल्स निचे दिये गए है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मौजूदा मूल्य | उप मुख्य अभियंता / टी.एम.सी. / ला. उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन अगले दो वर्षों में टैम्पिंग बैंकों के 17 सेट (सीएसएम / डब्ल्यूएसटी / वीपीआर = 05 सेट, यूनिमैट–2एस / 3एस = 01 सेट, यूनिमैट–4एस / एमपीटी = 02 सेट, एमएफआई = 04 सेट, सीएसएम / डीयूओ संशोधित प्रकार = 02 सेट और पीसीटी / सीआरसीसी = 03 सेट) का ओवरहालिंग का कार्य। **कार्य समाप्त अवधि :** 24 महीने |
| 2. | संशोधित मूल्य | उप मुख्य अभियंता / टी.एम.सी. / ला. उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन अगले दो वर्षों में टैम्पिंग बैंकों के 18 सेट (सीएसएम / डब्ल्यूएसटी / वीपीआर = 05 सेट, यूनिमैट–2एस / 3एस = 02 सेट, यूनिमैट–4एस / एमपीटी = 02 सेट, एमएफआई = 04 सेट, सीएसएम / डीयूओ संशोधित प्रकार = 02 सेट और पीसीटी / सीआरसीसी = 03 सेट) का ओवरहालिंग का कार्य। **कार्य समाप्त अवधि :** 15 महीने |

No. 1-W-Dy.CE/TMC/L/NDLS/Tender Corresp. Dated : 07.05.2024 1372/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**विश्व अस्थमा दिवस** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के बाल रोग विभाग ने...

# अस्थमा से पीड़ित बच्चों की सक्रिय भागीदारी के साथ मनाया विश्व अस्थमा दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के बाल रोग विभाग ने अस्थमा से पीड़ित बच्चों की सक्रिय भागीदारी के साथ विश्व अस्थमा दिवस, 2024 मनाया। दुनिया भर में अस्थमा के प्रति जागरूकता और देखभाल में सुधार के लिए प्रत्येक वर्ष मई में ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा (जीआईएनए) द्वारा विश्व अस्थमा दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष की थीम "अस्थमा शिक्षा सशक्तीकरण" है जो अस्थमा से पीड़ित बच्चों के माता-पिता को शिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर देती है। अस्थमा बाल आयु वर्ग में सबसे आम गैर-संचारी रोगों में से एक है। हाल ही में वैश्विक अस्थमा अध्ययन (जीएएन) चरण में बताया गया है कि अस्थमा का वैश्विक प्रसार 6-7 वर्ष की आयु के बच्चों में 11% और 13 वर्ष की आयु के बच्चों में 9.1% है। -14 वर्ष। जीआईएमएस में बाल चिकित्सा विभाग पिछले 1 वर्ष से सहायक प्रोफेसर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संजू यादव द्वारा प्रत्येक सोमवार को अस्थमा क्लिनिक चलाता है। अब हमारे पास लगभग 100 बच्चे हैं। आज विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर, बाल चिकित्सा विभाग ने जागरूकता बढ़ाने वाली गतिविधि के अलावा अस्थमा से पीड़ित बच्चों के लिए एक मनोरंजक गतिविधि का आयोजन किया, जिसमें अत्यधिक प्रभावी रिलीवर के उपयोग को प्रोत्साहित किया गया।

# प्रशासन की मिली भगत से भूमाफियाओं ने किया कब्जा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** एम-160 सी, सुमंगलम सोसायटी महिंद्रा एंक्लेव, शास्त्री नगर, गाज़ियाबाद खसरा नंबर 977 को जबरन 965 बना दिया गया है 977 पर अधिकारियों की साठ गांठ से भूमि 965 बता कर अधिग्रहण किया जा रहा है वही 160 सी, सुमंगलम सोसायटी महिंद्रा एंक्लेव, शास्त्री नगर की महिलाओं ने बताया की जब उन्होंने फ्लैट खरीदे थे तो यह जीडीए की जमीन थी यह पूरी जमीन बाहर मेंन गेट तक 977 खसरा नंबर थी लेकिन भू माफिया 965 खसरा नंबर बात कर जबरन रातों-रात कब्जा कर लिया है दीवारें खड़ी कर दी गई है ।वैशाली त्यागी, ने बताया कि यहां उनकी सोसाइटी का मेंन गेट था जो सोसाइटी में लगा कर दिया गया था उसे भी नेपाल यशपाल ऋषिपाल सरोज बबलू और रानी काटकर अपने घर-घर ले गए सुमन ने बताया, कि हमारी सोसाइटी वाली महिलाओं पर सरोज नाम की महिला घास काटने वाली धारदार हथियार गर्दन पर रख दी और कहा कि तुम्हें मार कर लेन पर रख देगी शोभा सिंह, ने बताया कि जब महिलाएं निकाल कर जाती है। तो बेटि को गंदे गंदे कमेंट्स करते हैं और जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं पुलिस प्रशासन के सामने भी इंट लेकर भागी सरोज नाम की महिला रेखा बताया कि 2020 में भी इन्होंने जबरन इसी तरीके से कब्जा करने की कोशिश की थी एसडीएम साहब ने मौके पर कागज सही नहीं पाए जाने पर इन्हें कहा कि तुम्हें जेल भेज देंगे तो इन्होंने माफी मांग कर चले गए थे अब दोबारा इन्होंने कागजों में पैसे के बल पर गड़बड़ी करवा करके जबरन कब्जा किया जा रहा है जो कि कागजों में जीडीए खसरा नंबर 977 दर्ज है लेकिन भू माफिया रातों-रात 965 बनाने पर तुले हुए हैं अब देखना यह है कि प्रशासन किस तरीके से 977 खसरा नंबर करोड़ों की जमीन को जीटीए जांच करता महिलाओं ने भू माफियाओं के खिलाफ लगाए नारे योगी जिंदाबाद के भी नारे लगाए मोदी जिंदाबाद के भी नारे लगाए



महिलाओं का कहना है यह 977 खसरा नंबर है और जबरन 965 गलत कागजों में दाखिल किया गया है सूत्रों से पता चला है यह फ्लैट जिन मालिक से खरीदे गए थे उसने किसी और से प्रॉपर्टी खरीदी गई थी रजापुर की कोई भी जमीन मौके पर दर्ज नहीं है जो रजापुर वालों की जमीन थी उसे जीडीए एक्वा कर के मुआवजा देकर अधिग्रहण कर लिया गया था लेकिन अब कुछ दबंगई तरीके से रजापुर के कुछ लोग नेपाल, यशपाल ,ऋषिपाल ,बबलू उनके घर की महिलाएं सरोज नेपाल की पत्नी यशपाल की पत्नी रानी जीडीए का सरकारी गेट काट कर अपने घर ले गई वहीं मौके पर अपार्टमेंट की महिलाओं के गर्दन पर दरांती रखकर जबरन उन्हें गोली मारने की धमकी दी जा रही है।

# पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री की कोठी में चोरी, सीसीटीवी फुटेज से चोर तक पहुंचेगी पुलिस

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** वैशाली सेक्टर-एक में पूर्व केंद्रीय कृषि और ग्रामीण उद्योग राज्यमंत्री की बंद कोठी से चोर ने लोहे की ग्रिल व अन्य सामान चुरा लिया। अधिवक्ता ने कोठी की जांच के बाद कौशांबी पुलिस को चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आसपास की सीसीटीवी फुटेज से चोर की पहचान करने में जुटी है।

अधिवक्ता रामपाल सिंह ने पूर्व केंद्रीय मंत्री संघप्रिय गौतम की तरफ से शिकायत दी है। उनका कहना है कि राज्यमंत्री ने वैशाली सेक्टर-एक की कोठी को फरवरी तक जल आयोग को किराये पर दी हुई थी। अनुबंध खत्म होने के बाद आयोग के पदाधिकारियों ने कोठी खाली कर दी थी। वह समय-समय पर कोठी में जाकर देख रेख करते थे।

दो मई को जब कोठी पर पहुंचे तो देखा कि चोर ने ताला तोड़कर पानी की टोंटी, दरवाजों की कुंडी, बिजली के पैनल व ग्रिल समेत अन्य सामान चुरा लिया। सूचना पर कौशांबी पुलिस और अन्य अधिकारी पहुंचे। पुलिस ने निरीक्षण करके शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# तिपहिया वाहनों के चलाने पर ट्यूटर पत्रकारों का बोलबाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद जहां एक तरफ सरकार द्वारा यातायात में वाहनों के भारी चालानों के चलते सख्ती से रूख अपना रही है वहीं कुछ लोगों ने यातायात विभाग का मजाक सा उड़ाते नजर आते हैं ऐसा ही एक नजारा देखने को मिला 62,के गोल चक्कर पर जहां भारी संख्या में अपने आपको पत्रकार कहने वाले ट्यूटर बाजों ने नोएडा यूपी 16,के सैकड़ों तिपहिया वाहनों गाजियाबाद छेत्र में चलते या खड़े हुए देखा जा सकता है वहीं ट्यूटर बाज इन वाहनों को अपने वाहन बताकर उनसे अवैध वसूली कर रोड़ों पर खुलेआम चलवाकर मोटी रकम कमाते है सूत्रों की मानें तो अगर यातायात अधिकारी इन तिपहिया वाहनों पर कार्रवाई करते है तो अधिकारी को इनकी धमकीयों का सामना करना पड़ाता है आखिर कब तक ऐसे लोगों पर कार्रवाई होगी! इस बाबत जब सीओ ट्रैफिक से जानकारी चाही तो जल्दी ही इस पर जांच कर जल्दी ही कार्रवाई की जाएगी।





# बाढ़ से बचाव के लिए परम्परागत शैली के साथ नई तकनीक व सोच की आवश्यकता: सौरभ भट्ट उप जिलाधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निदेर्शानुसार उप जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में बाढ़ नियंत्रण के सम्बंध में बैठक आयोजित हुई। सौरभ भट्ट उप जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान बाढ़ से सम्बंधित सभी बिन्दुओं जैसे नदियां, अधिकतम निस्सरण, खतरे का निशान, कुल बंधों की लम्बाई, बाढ़ कन्ट्रोल रूम, बाढ़ चौकियां, नालों की संख्या व लम्बाई, जल प्लावन से प्रभावित ग्राम, बाढ़ से प्रभावित ग्राम, गत वर्ष का अधिकतम निस्सरण, बाढ़ पूवार्नुमान सूचना व्यवस्था, पीत सिग्नल, हरित संकेत सहित जनपद में बहने वाली नदियों के उद्गम स्थल की विस्तार से जानकारी ली। जिसमें उन्होने जाना कि गाजियाबाद में यमुना नदी जो हिमालय के बर्फ पिघलने से बहती है व हिण्डन नदी जो सहारनपुर से प्राकृतिक नालों से होने वाले प्रवाह द्वारा बहती है। यमुना नदी पर ओखला बैराज है जो लोनी,ओखला तहसील में है व







हिण्डन नदी में हिण्डन बैराज है जो मोदीनगर,गाजियाबाद तहसील में है। उन्होने जाना कि बाढ़ कन्ट्रोल रूम सिंचाई निर्माण खण्ड, गाजियाबाद द्वारा 24 घंटे क्रियाशील रहने वाले सम्पर्क सूत्र 0120-2759678, 9871465532 उपलब्ध हैं। इसके साथ ही जनपद में 6नग बाढ़ चौकियां हैं। सौरभ भट्ट ने कहा कि बाढ़ रोकने के लिए सबसे पहले जरूरी हैं कि उसका प्रभाव कैसे कम किया जाये। नालों की सफाई करवाई जाये। इंसानों के साथ ही उनके जीव जन्तुओं की तथा सामान की सुरक्षा की जाए। यदि आवश्यकता हैं तो उन्हें समय से स्थानान्तरित किया जाये। आज तक जहां जहां बाढ़ आयी हो वहां के अधिकारियों और ग्राम प्रधानों सहित अन्य वरिष्ठ एवं बुद्धिजीवी लोगों से सम्पर्क कर, बाढ़ को रोकने व नुकसान से बचने के बारे में चर्चा की जाए। बाढ़ी से बचाव के लिए परम्परागत तरीकों के साथ नई तकनीक और सोच को जोड़ते हुए कार्य करने की आवश्यकता है।

बैठक में मुख्य रूप से योगेन्द्र प्रताप सिंह जिला सूचना अधिकारी, डॉ.अमित एसीएमओ, प्रशांत सक्सेना नायाब तहसीलदार, कृपा शंकर एआरओ, ए.सिंह एडीपीआरओ, निधि सिंह डीएचओ, शताक्षी मिश्रा एडीएओ, रविन्द्र कुमार एसीपी प्रोटोकोल, राहुल पाल सीएफओ, एनपी सिंह एई सहित अन्य सम्बंधित गणमान्य उपस्थित रहे।

# 29 खाद्य पदार्थ जांच में हुए फेल, 49 लाख से अधिक का लगा जुर्माना

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** फरवरी माह में खाद्य सामग्रियों के 29 सैंपल अलग-अलग जगह से लिए गए थे, जो जांच में फेल हो गए। इसके बाद इनके खिलाफ कोर्ट में वाद दायर किया गया। वहीं, नए और पुराने सैंपल मिलाकर अप्रैल माह में कोर्ट ने 40 मामलों की सुनवाई करते हुए 49 लाख से अधिक का जुमार्ना लगाया है।

सभी पर अलग-अलग जुमार्ना लगाया गया है।

होली के समय दूध-पनीर और खोया के सबसे अधिक सैंपल लिए गए थे। इसके अलावा कोल्ड ड्रिंक, जूस और पेय पदार्थों के भी सैंपल लिए गए थे। उनमें से लखनऊ लैब से 29 खाद्य पदार्थों की रिपोर्ट अधोमानक मिले हैं। मसालों में रंग की मिलावट मिली है। एडीएम कोर्ट में हुई सुनवाई में नए-पुराने सैंपल को मिलाकर कुल 40 के खिलाफ 49,70000 का जुमार्ना लगाया गया है। जिला अभिहित अधिकारी डॉ. अरविंद यादव ने बताया कि वादों का निर्णय होने के बाद सभी संबंधित व्यक्तियों को जुमार्ने की राशि राजकोष में



जमा कराने के आदेश दिए गए हैं।

अप्रैल माह में दायर वाद
सामग्री संख्या
दूध पांच
खोया पांच
फल-सब्जियां एक
मसाले तीन
अनाज तीन
दाल एक
मिठाइयां सात
पैक्ड ड्रिंक एक
नमकीन एक
अन्य चार

---------

अप्रैल माह में वाद पर निर्णय
सामग्री संख्या जुमार्ना
दूध एक 50,000
खोया - एक 1,00,000
पनीर - चार 3,75,000
बटर - एक 2,50,000

दूध से बनी मिठाइयां - दो 2,60,000
दूध से बने अन्य पदार्थ - 3,00,000
सरसों तेल - दो 26,5,000
वनस्पति - दो 3,00,000
फल सब्जियां - तीन 8,15,000
मसाले - दो 1,65,000
अनाज - एक 40,000
मिठाइयां - दो 3,20,000
बेकरी का सामान - एक 2,20,000
अन्य - 17 14,10,000

# गोआश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंश के लिए भूसा दान करने वालों को प्रसस्ति पत्र देकर जिलाधिकारी करेंगे सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद डॉ एसपी पाण्डेय मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद ने 5000 से अधिक गोवंश गोआश्रय स्थलों में संरक्षित किए गए जिनके लिए वर्ष भर के लिए भूसे की आवश्यकता है । गोवंश के लिए 22452 कुंतल भूसा दान में प्राप्त करने का शासन द्वारा लक्ष्य दिया गया है। अब तक 173 कुंतल भूसा दान में प्राप्त हो गया है। शासन के निदेर्शानुसार निराश्रित गोवंश के लिए भूसा दान करने वाले किसानों, दानदाताओं, गोवंश के श्रद्धालुओं, अन्य संस्थाओं को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर खंड विकास अधिकारी तथा नगर पंचायत / नगर पालिका परिषद स्तर पर अधिशासी अधिकारी भूसा संग्रह का कार्य करा रहे हैं। उप जिलाधिकारी तहसीलदार भूसा संग्रह की मॉनीटरिंग कर रहे हैं । जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी



किसानों दान दाताओं से अपील की गई है कि अधिक से अधिक मात्रा में गोवंश के लिए भूसा दान करें। तथा अधिक जानकारी के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसपी पांडे के मोबाइल नंबर 9412313943 पर संपर्क करें ।

# गोवंश से लदी पिकअप गाड़ी को हिन्दू संगठन के लोगों ने पकड़ा, हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद (कासिम अहमद )।** औरंगाबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम गोवंश से भरी पिकअप गाड़ी को हिन्दू संगठन के लोगों ने मौके पर पहुंचकर रोक लिया और कटान के लिए ले जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बेलोन की पैंठ से खरीदी गई गोवंश के मामले में पुष्टि करने के बाद गोवंश से भरी गाड़ी को पुलिस ने छोड़ दिया।

धौलाना थाना क्षेत्र के गांव सपनावत निवासी शिवकुमार समेत छह लोग बैलोन की पैंठ से दुधारू चार गोवंश और दो बच्चे खरीदकर पिकअप गाड़ी में लदान कर औरंगाबाद जहांगीराबाद मार्ग से होते हुए सपनावत लौट रहे थे।

इंटर कालेज के सामने पिकअप गाड़ी से नीचे गोवंश के गिरने पर चालक ने गाड़ी को रोक लिया। नीचे गिरे गोवंश को गाड़ी में लदान करने की सूचना पर हिन्दू संगठन के लोग मौके पर पहुंचे और गाड़ी को पकड़कर औरंगाबाद ले आये और गौकशी करने के लिये ले जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। हिन्दू संगठन के लोगों ने फोन कर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसएसआई मुनेन्द्र शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गोवंश खरीदकर लाये लोगों से वार्ता की और रसीद दिखाने का कहा। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को खरीद की रसीदें सौंप दी। पुलिस ने बैलोन पैंठ से खरीदी गई गोवंश की रसीदों के विषय में पुष्टि करने के बाद गोवंश से भरी गाड़ी को छोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि गोवंश खरीदने के मामले में सही पुष्टि करने के बाद उनके आधार कार्ड, रसीदों की कापी लेने के बाद उन्हें गोवंश समेत छोड़ दिया गया है। इस मौके पर नितिन सिंघल, दीपक उर्फ दीनू अग्रवाल, प्रीतम सैनी, मुदित कुमार, संजय सिंह, राहुल सैनी, कपिल कुमार, गोविन्द सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# दुष्यंत पुडीर बने गाजियाबाद नोएडा मंडल आई एन ए के नए अध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद इंदिरापुरम स्थित एक होटल में इंडियून नर्सरीमैन एसोसिएशन गाजियाबाद नोयडा की कार्यकारिणी की आम सभा हुई ।जिसकी अध्यक्षता रफीक खान प्रदेश



अध्यक्ष एवम,हरीश भाटी प्रदेश महासचिव ने की ।जिसमे दुष्पत पुंडीर को सर्वसम्मति से नया अध्यक्ष,मनोनीत किया गया। इस मौके पर मनोज भाटी उपाध्यक्ष इमरान , उपाध्यक्ष संजय त्यागी महासचिव, संजीव कुमार सचिव और सभी सदस्य गण उपस्थिति रहे और साथ में नर्सरी मैन भी उपस्थित रहे। रफीक खान ने सभी का नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा सभी का धन्यबाद किया ।


# अवेकनिंग इंडिया फाउंडेशन ने हर्ष ईएनटी हॉस्पिटल के साथ लगाया नि:शुल्क मेडिकल कैम्प


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कैम्प में जो मरीज देखे उन्होंने आश्चर्य चकित कर दिया ।ईएनटी के मरिजो के साथ पेट व गले के मरीज ज्यादा थे ।

**पायी दूषित वाटर सप्लाई, निगम पर उठते है सवाल**







एंट्राइटिस के मरीज मिलना यह दर्शाता है कि केले भट्ठे में पानी की सप्लाई ठीक नहीं है । मरिजो ने बताया कि कभी कभी तो पानी में गंदगी साफ दिखाई देती है । गंदे पानी से पेट , लिवर , आँत व गले की बीमारी देखने को मिली। 213 मरीज देखे, कुछ मरीज फ्री ऑपरेशन के लिए बुक किए । सभी मरिजो को जाँच के लिए एमएमजी रेफर किया गया ।कैम्प में डॉबीपी त्यागी के साथ डॉ अर्जुन , डॉ अरशद, डॉ सैफी, संजीव खन्ना,ललित, सेखर, अमित, दीन, विकास यादव व रितेश ने मदद की ।

आरोप

## सामाजिक कार्यकर्ता ने परेशान महिलाओ को देख आवाज उठायी

# वार्ड न.12 की गृहस्थी को पर्याप्त सरकारी रासन ना मिलने का आरोप : रविंद्र आर्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं लेखक रविंद्र आर्य ने जनता को परेशान देख अपनी आवाज बुलंद किया उन्होंने बताया की सरकारी रासन देने के नाम पर भू-देवी पुत्र राहुल जनता से छल कपट करता आया है, जिसमे 2013 के अंतर्गत संचालित उचित दर की दुकान मैसर्स भू-देवी का पुत्र राहुल दबाब डालकर गृहस्थी से अंगूठा लगवाया जाता रहा है। ओर गुमराह कर रासन संचालक भू-देवी पुत्र राहुल यह कार्य रहा है। जिसमे अशिक्षित लोग एवं गृहस्थी राहुल के बहकावे में आती रही है, वार्ड न 12 के महिलाओं का आरोप है की हमको इसकी शिकायत की प्रतिक्रिया नहीं मालूम है, जिस कारण इसका हौसला बढ़ता गया, आलम यह है की कुछ महिलाओं को भू-देवी पुत्र राहुल इस तरह गुमराह करता आया है, जल्दी अंगूठा लगा दो, वरना फ्री का रासन से आपका नाम कट जाएगा, ऐसे आरोपों की झड़ी लगाते हुए विडिओ मे साफ देखा जा सकता है की रात्रि मे कुछ महिलाओ का एक समहू वार्ड न. 12 के पार्षद प्रत्याशी अजित गौतम के निवास कालका गढ़ी आ पहुँचा, जहाँ आनन फान्नान मे राहुल भी वहां आ पहुंचा, तभी हाथ पैर फूले सरकारी रासन संचालक भू-देवी पुत्र राहुल ने अजित गौतम के कहने पर महिलाओं से माफी मांगी।

जिन आरोपों मे एक आरोप रासन को ब्लैक करने के महिलाओं के आरोपों को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। खाद्य एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश के रास्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र गृहस्थी हेतु निग्रत रासन कार्ड के अंतर्गत आता है। बताते चले








की राशन ना देने वाले व्यक्ति का लाइसेंस रद कराना सरकारी प्रक्रिया का ही हिस्सा होता है, जो व्यक्ति के अनैतिक कार्यों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को संदेश देता है। इससे जनता को संबोधित किया जाता है कि सरकार संचालक के खिलाफ सख्त है और न्याय की प्राथमिकता है। ओर सरकारी राशन को ब्लैक करना भी अबैध कार्य है, क्योंकि यह उपाधियों और कानूनों का उल्लंघन होता है। यह गरीबों और आवश्यकता में होने वालों को उनके अधिकार से वंचित करता है और सामाजिक न्याय को उलटा देता है।

# 9 मई को धौलाना में गुजेंगा महाराणा प्रताप का विजय गान: एड जसवीर सोनू राणा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** उस महावीर का आज कर लो जयगान । राष्ट्र की रक्षा के लिए जिसने कर दिया सर्वस्य बलिदान ।

धौलाना क्षेत्र में राजपूती आन बान शान के साथ 9 मई को राष्ट्र भक्त अमर वीर महाराणा प्रताप की जन्म जयंती मनाई जाएगी । जिसमे क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में महाराणा को नमन कर

- क्षेत्र के गांव गांव में महाराणा को किया जायेगा नमन
- दर्जनों स्थानों पर किया जाएगा प्रसाद वितरण
- सिरोधन गांव से देहरा गांव तक निकलेगी विशाल शोभा यात्रा

उनका गुणगान किया जायेगा । महाराणा वंशज एड जसवीर सिंह सोनू राणा , एड विनोद शिशोदिया, विजय शिशोदिया, ललित राणा, सुबोध शिशोदिया, राहुल राणा, सतीश राणा, अतुल प्रधान, ब्रिजेश गहलौत, अमर सिंह आदि ने बताया की 9 मई को सर्वप्रथम क्षेत्र के हर घर में हवन यज्ञ पूजन आदि के बीच महाराणा प्रताप को नमन किया जायेगा और पकवान बनाए जायेंगे । जिसके बाद ग्राम



जसवीर सिंह सोनू राणा जानकारी देते हुए

सिरोधन से लेकर देहरा गांव तक लगभग 25 किलोमीटर की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी । जिसमे महाराणा प्रताप जयघोष होगा । इसी तरह विभिन्न ग्रामों में छबील लगाकर मीठे जल के साथ प्रसाद वितरण होगा । रात्रि में क्षेत्र के कई ग्रामों में कवि सम्मेलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे । कुल मिलाकर 9 मई को पूरा क्षेत्र राजा महाराणा प्रताप की भक्ति में लीन हो जायेगा ।

# बच्चों का अटल दिवस समारोह आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । दिल्ली पब्लिक स्कूल एनटीपीसी में अटल समुदाय दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों और संगठनों से छात्रों, शिक्षकों और उद्योग विशेषज्ञों का महत्वपूर्ण समागम हुआ। प्राचार्य पूनम दुआ और एटीएल प्रभारी ओ पी सिंह, समन्वयक नीरज सक्सेना और सुरभि सिंह के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम में युवा मनों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचारिक आत्मा और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

यह कार्यक्रम इस बात को प्रमाणित करता है कि एटल टिंकरिंग लैब्स जैसी पहल नवाचार और शिक्षा के महत्व को प्रोत्साहन और उनकी उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में कितना महत्व रखती है। पांच पड़ोसी स्कूलों ने इस समागम में भाग लिया तथा सहयोग और शिक्षा की गतिविधियों के जीवंत वातावरण में योगदान किया। एसटैम (रळ्एट) रोबो प्रा॰ लि॰, नोएडा, से जयेश उपाध्याय और क्लाउड एजुकेशन प्रा॰ लि॰, नई दिल्ली, से हिमांशु राणा जैसे अनुभवी अतिथियों की मौजूदगी ने इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक्स और ड्रोन प्रौद्योगिकी के नवीनतम विकास में मूल्यवान अवधारणाओं को सांझा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान चर्चाएं, कंप्यूटर प्रौद्योगिकी की नवीनतम रुझान साथ ही छात्रों के नवाचारी विचारों और परियोजनाओं का अनावरण हुआ। नए सॉफ़्टवेयर अनुप्रयोगों की खोज से लेकर कटिंग-एज रोबोटिक्स प्रोटोटाइप डिजाइन करने आदि विषयों पर विचार विमर्श किया गया। इस आयोजन ने छात्रों को उनकी रचनात्मकता और समस्या समाधान कौशल का प्रदर्शन करने का मंच प्रदान किया। प्रभारी ओ. पी. सिंह ने आभार प्रकट करते हुए सभी को उनके योगदान और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। संपूर्ण समारोह सफल और प्रेरणादायक रहा। एटल समुदाय दिवस समारोह ने स्कूली-छात्रों तथा शिक्षकों और उद्योगपतियों के सहयोगपूर्ण प्रयासों का एक प्रमाण स्थापित किया है, जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, और गणित की (रळ्एट) शिक्षा को आगे बढ़ाने और नवोदित और नेताओं की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने में समर्थ है।






# सीएमओ ने उत्कृष्टद्द कार्य करने वाली आशाओं को सम्मानित किया, 500 रुपये देकर सफाई कर्मचारी को भी सम्मानित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम वझीलपुर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर अस्पताल में कायाकल्प अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील त्यागी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में सीएमओ ने उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आशा लक्ष्मी,कुसुम,रीना एवं रचना,एनम लक्ष्मी देवी,और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी राधेश्याम यादव को एक एक मयूर जग और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया वहीं सफाई कर्मचारी सुनील कुमार सफाई कर्मचारी को पांच सौ देकर के देख करके सम्मानित किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.सुनील त्यागी ने बताया कि कायाकल्प निरीक्षण में हॉस्पिटल पास होने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी के प्रयासों की सराहना की यह प्रयास ग्राम प्रधान, प्रधान सहायक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, एन0ए0एम0, आशा के सहयोग से ही यह संभव हो पाया।






सीएमओ ने अस्पताल को मंडल में पहले स्थान पर नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस स्टैंडर्ड पास करने के लिए बधाइयां देते हुए लू से बचने के उपाय बताएं। कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक हौसला प्रसाद ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजू सैनी,प्रधान सहायक प्रेमचंद सैनी, शैलेंद्र कुमार, किसान यूनियन के युवा नेता शेंकी त्यागी, प्राइमरी पाठशाला वझीलपुर के प्रधानाध्यापक दुष्यंत कुमार, सहायक अध्यापिका पूनम गौतम, अध्यापक विनोद कुमार,भगवान नंबरदार, ब्रजबूषण त्यागी,श्याम किशोर त्यागी,सफाई कर्मी राजो बाल्मिकी उपस्थित रहे।

# बाढ़ के समय लोगों को कम से कम हानि हो: डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कहा कि हमें बाढ़ का इंतजार नहीं करना है बल्कि बाढ़ आने से पूर्व ही आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लेना है जिससे बाढ़ के समय लोगों को कम से कम हानि हो। उन्होंने सभी अधिकारियों से पूर्व में बाढ़ से प्रभावित लोगों तथा पशुओं का डाटा संग्रहीत करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा बाढ़ से बचाव के लिये जनपद स्तरीय बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रही थी। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के मोबाइल नंबर इका करने के साथ-साथ बाढ़ के दौरान आवश्यक उपयोगी उपकरण जैसे लाइव जैकेट आदि को पहले ही खरीद कर रख लिये जाए।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका गढ़ से जल निकासी के लिए आवश्यक उपकरण जैसे मोटर मोटर पंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने,बाढ़ से निपटने के लिए एक उच्च सुविधाओं से युक्त कंट्रोल रूम की स्थापना हर हालत में कर ली जाए।

डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से बाढ़ के बारे मे तथा बाढ़ बचाव के बारे मे छात्रों को जागरूक करने के निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 संदीप कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी ग्राम स्तर पर कम्युनिकेशन प्लान




बना ले तथा बाढ़ के दौरान पशुओं को कहां शिफ्टिंग किया जाना है इसकी एक रूपरेखा बना ले। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के पशुओं एवं बच्चों का कैंप लगाकर टीकाकरण कराया जाए साथ ही बाढ़ के दौरान स्वच्छ पीने के पानी की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। बैठक का संचालन आपदा विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह बघेल ने किया। बैठक में उप जिलाधिकारी हापुड़, उप जिलाधिकारी गढ़,उप जिलाधिकारी धौलाना, एआरटीओ, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ताइक्वांडो टूर्नामेंट में छात्रों ने 28 गोल्ड तथा 8 सिल्वर मेडल जीते

बुन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** मिनीलैंड दा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने इंटर स्कूल ताइक्वांडो टूर्नामेंट गाजियाबाद में भाग लिया। जिसमें छात्रों ने 28 मेडल गोल्ड मेडल तथा 8 सिल्वर मेडल जीते।

इस प्रतियोगिता में 10 स्कूल के छात्रों ने भाग लिया। जिसमें मिनीलैंड दा ग्लोबल स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रों की इस सफलता में कोच अर्जुन तथा शोभा रानी का विशेष सहयोग रहा। स्कूल के प्रबंधक सुभाष खुराना, सुधान्शु माहेश्वरी ने छात्रों को बधाई दी और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। प्रधानचार्या पूनम भटनागर ने छात्रों को खेल के प्रति रुचि जागृत करने और कामयाबी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।




# डीएम ने स्ट्रांग रूम का किया दौरा,सीसीटीवी फुटेज का निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी,जिलाधिकारी ने नवीन मंडी स्थित स्ट्रांग रूम का दौरा किया।

**हापुड़,गढ़ व धौलाना विधान सभा क्षेत्र की ईवीएम स्ट्रांग रूम में रखी गयी है**

सीसीटीवी फुटेज का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित किया।

आपको बता दें,कि गत 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में हापुड़ विधान सभा, गढ़मुक्तेश्वर विधान सभा व धौलाना विधान सभा क्षेत्र में मतदान होने के बाद ईवीएम मशीनें नवीन मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखी गयी है। जहां दिन रात सुरक्षा बलों द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। इसके अलावा सपा,कांग्रेस व आप के कार्यकर्ताओ द्वारा भी दिन रात ईवीएम की निगरानी की जा रही है।

मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेरणा शर्मा ने नवीन मंडी स्थल स्थित स्ट्रांग रूम का दौरा कर कार्मिकों की लॉग बुक में दर्ज एन्ट्री का अवलोकन किया। इसके अलावा कंट्रोल रूम में सीसीटीवी फुटेज का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को भी फुटेज पर ध्यानपूर्वक देखने के निर्देश दिये।



निरीक्षण

## गौआश्रय स्थल में साफ सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये


# सीडीओ ने गौआश्रय स्थल,सीएचसी व उच्च प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मुख्य विकास अधिकारी ने सदर तहसील क्षेत्र के गांव सिखैड़ा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,गौआश्रय स्थल व ग्राम बनखंडा में उच्च प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने गांव सिखैड़ा स्थित गौआश्रय स्थल का निरीक्षण किया। गौआश्रय स्थल में पशुओं से ग्रीष्म ऋतु व लू बचाव हेतु उचित प्रबन्ध किये गये थे। इसके अलावा पशुओं के पीने के लिए पानी व हरा चारा उपलब्ध था।

**प्रधानाध्यापक को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व सचिव को खराब आरओ ठीक कराने दिये निर्देश**

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने सीडीओ को बताया कि पशुओं का एफएमडी टीकाकरण कराया जा चुका है। सभी पशुओं को शेड में रखा गया है। पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध है। ग्राम सचिव ने बताया कि गांव में 50 कुंटल भूसा दान से प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है,जिसके सापेक्ष 32 कुंटल भूसा दान से प्राप्त हो गया है। इस अवसर पर बीडीओ श्रुति, सहायक विकास अधिकारी बिशन सक्सैना, पशुधन प्रसार अधिकारी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।





सीडीओ ने ग्राम सिखैड़ा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने लू से पीड़ित मरीजों से जानकारी भी प्राप्त की,मरीज ने स्वयं को ठीक होना बताया, इसके अलावा लू के प्रकोप से बचाव हेतु किया गयी व्यवस्था भी परखी मुख्य विकास अधिकारी ने गांव बनखंड़ा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का भी औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण उपरांत सीडीओ ने प्रधानाध्यापक को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने,पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करने के निर्देश दिये। साथ ही विद्यालय में खराब आरओ को तत्काल ठीक कराने के लिए ग्राम सचिव को निर्देश दिये।

# 10 मई को मनेगा अक्षय तृतीया पर्व:भारद्वाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** बालाजी धाम धौलाना में पीठाधीश्वर पंडित भारद्वाज की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक मे सभी विद्वानों ने निर्णय लिया कि आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा। पंडित अजय भारद्वाज ने बताया कि दस मई को अक्षया तृतीया का पर्व मनाया जाएगा। अक्षय तीज पर मां लक्ष्मी, भगवान विष्णु , और परम पितृ भक्त महाबली भगवान परशुराम जी की पूजा की जाती है। इसके लिए पूजा का शुभ मुर्हुत सुबह 5 बजकर 48 मिनट से दोपहर 12 बजकर 23 मिनट तक रहेगा। उन्होंने बताया कि इसे आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है। इस पर्व का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। अक्षय का अर्थ है कि जो कभी क्षय न हो, इसे अबुझ मुर्हुत माना गया है। जिसमें कोई भी मांगलिक व शुभ कार्य किए जा सकते है। इस शुभ पर्व पर दान-पुण्य, पूजा पाठ,जप-तप से अनंत फल प्राप्त होता है। इस दिन सोने के गहने खरीदना और मां लक्ष्मी की पूजा करने का विशेष महत्व है।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# समूचा विश्व भयाक्रांत



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

शांति के तमाम उपायों के बीच दुनिया भर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ खतरे की घंटी हैं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामों से समूचा विश्व भयाक्रांत है। हर पल आणविक हथियारों के प्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिए आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही हैं। शक्ति संतुलन के लिए शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता क्योंकि इससे अपव्यय तो होता ही है, साथ ही गलत हथियारों के हाथों में पडकर दुरुपयोग की आशंकाएं बढ़ जाती हैं।

ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, दूसरी तरफ इस्त्रइल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में सवाल स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल और भी हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है। स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले भी हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनिया भर में सैन्य खर्च का बढना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिंताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में सर्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे। रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। इसके अलावा, पिछले पांच वर्षो में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन युद्ध ने देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है तो अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नम्बर पर हैं। पिछ्ले 25 सालों में पहली बार अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका ने दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिए जिस अपसंस्कृति को दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड ऑर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है। लगता है कि ह्यविश्व मानवह्ल का दम घुट रहा है, और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडंबना देखिए, अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है, लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी देश में नहीं हैं। कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोगों को मार डाला। 2014 में अमेरिका में हत्या के दर्ज सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद मामलों में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था। दरअसल, मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना जरूरी है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक या दूसरे देश की जीत नहीं, बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यथार्थ यह है कि अंधकार प्रकाश की ओर चलता है, पर अंधापन मृत्यु-विनाश की ओर। रूस ने अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य का अहसास गलत समय पर गलत उद्देश्य के लिए कराया है। युद्ध से तबाही रूस-यूक्रेन की नहीं, बल्कि समूची दुनिया की तबाही होगी, क्योंकि रूस परमाणु विस्फोट करने को विवश होगा जो दुनिया की बड़ी चिंता का सबब है। बड़े शक्तिसंपन्न देशों को युद्ध विराम के प्रयास करने चाहिए। लेकिन प्रश्न है कि जो देश हथियारों के निमार्ता हैं, वे क्यों चाहेंगे कि युद्ध विराम हो। जब तक शक्तिसंपन्न देशों की शस्त्रों के निर्माण एवं निर्यात की भूख शांत नहीं होती तब तक युद्ध की आशंकाएं मैदान में, समुद्र में, आकाश में तैरती रहेंगी।

# कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन



ललित गर्ग

लोकसभा के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी होने वाली है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन ह्यइंडियाह्ल को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो- खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने ह्यनाइंसाफीह्ल के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है। आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। यही कारण है कि उसकी राजनीति में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। उसका व्यवहार दोगला हो गया है। दोहरे मापदण्ड अपनाने से उसकी हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रही हैं। यही कारण है कि कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने या फिर चुनाव लड़ने से इन्कार करने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यह निर्णय क्षमता का अभाव ही है या हार का डर कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने क्रमशः अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लेने में बड़ी कोताही बनती है। अब राहुल ने अमेठी में स्मृति ईरानी का सामना करने में स्वयं को अक्षम पाया तो रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर दिया और प्रियंका एक बार फिर चुनाव लड़ने से दूर ठिठक गईं। राहुल गांधी का अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ना भी कांग्रेस की दिशाहीनता का सूचक है। यह हास्यास्पद है कि गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार कांग्रेस नेता राहुल के अमेठी से चुनाव न लड़ने के फैसले को यह कहकर बड़ी राजनीति जीत बता रहे हैं कि पार्टी ने स्मृति इरानी का महत्व कम कर दिया। क्या सच यह नहीं कि कांग्रेस ने अमेठी से स्मृति इरानी की जीत सुनिश्चित करने का काम किया है?

राहुल गांधी का दो-दो सीटों से का चुनाव लड़ना भी यह दशार्ता है कि दोनों में से एक सीट पर तो वे जीत हासिल कर ही लेंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का सेक्शन 33 प्रत्याशियों को अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति भी देता है। देश में लोकतंत्र की जड़ें लगातार मजबूत हो रही हैं। ऐसे में नेताओं के एक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर विसंगतियां भी सामने आ रही हैं। विमर्श इस बात पर हो रहा है कि जब एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार है तो प्रत्याशी को दो सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति क्यों होनी चाहिए? नेता अपने राजनीतिक हितों के लिए एक साथ दो सीटों पर चुनाव लड़ते हैं और दोनों सीटों पर चुनाव जीतने की स्थिति में अपनी सुविधानुसार एक सीट से इस्तीफा दे देते हैं। कानूनी रूप से उनके लिए ऐसा करना जरूरी भी है। फिर उस सीट पर उपचुनाव होता है। इसमें न सिर्फ करदाताओं का पैसा खर्च होता है बल्कि उस क्षेत्र के मतदाता भी ठगा हुआ महसूस करते हैं। इस बात की पड़ताल जरूरी है कि दो सीटों से चुनाव लड़कर राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं या इस व्यवस्था से सिर्फ अपने राजनीतिक हित साध रहे हैं? भले ही राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान बेहद आक्रामक दिख रहे हों, लेकिन वह अपने नेताओं और कार्यकताओं में जोश नहीं भर पा रहे हैं। इसका एक कारण गठबंधन के नाम पर अपने पुराने मजबूत गढ़ों में भी अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ना है। यह कांग्रेस ही लगातार कमजोर होती राजनीति ही है कि वह जीत की संभावना वाली सीटों को भी महागठबंधन के अन्य दलों को दे रही है। ऐसे ही निर्णयों के चलते कांग्रेसजनों के लिए भी यह समझना कठिन है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी से समझौता करने से पार्टी को क्या हासिल होने वाला है? इस बार गांधी परिवार दिल्ली में उस आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को बोट देगा, जिसने उसे रसातल में पहुंचाया। इस तरह के मामले केवल यही नहीं बताते कि कांग्रेस उपयुक्त प्रत्याशियों का चयन करने में नाकाम है, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उसके पास अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने और अपने कार्यकताओं में उत्साह का संचार करने की कोई ठोस रणनीति नहीं है।



कांग्रेस की नीति एवं नियत भी संदेह के घेरों में हैं। क्या कारण है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का ह्यशहजादाह्ल भारत का प्रधानमंत्री बने। दुश्मन राष्ट्र के नेता अगर किसी व्यक्ति या नेता के प्रधानमंत्री बनने की कामना करते हैं तो निश्चित ही उस देश का हित जुड़ा होता है। पड़ोसी देश भले ही राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो लेकिन भारत की जनता अपने हितों की रक्षा करते हुए विवेकपूर्ण मतदान के लिये तत्पर है। भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है। नए भारत के ह्यसर्जिकल और एयर स्ट्राइकह्ल ने उस पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया था जिसे कांग्रेस शासन के दौरान भारत पर आतंकी हमलों का समर्थन करने के लिए जाना जाता था। कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को नजरअंदाज करते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति की है, उसी का परिणाम है कि जिसने 500 वर्षों तक पीढ़ियों के संघर्ष के बाद बने प्रभु श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह एवं मन्दिर से कांग्रेस दूरी बनाये रखी है। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के निर्णय का भी विरोध किया है, जबकि अब वहां आतंकवाद खत्म होकर शांति, अमन एवं विकास की गंगा प्रवहमान है। जनता ही नहीं, कांग्रेस के नेता भी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की इन विसंगतियों एवं विडम्बनाओं को समझ रहे हैं और पार्टी से पलायन कर रहे हैं। मुगलों व अंग्रेजों की भाषा बोल रहे व हिंदू जनमानस व हिंदू संस्कृति के विरुद्ध जहर उगल रहे राहुल गांधी को पिछले दो लोकसभा चुनाव की तरह आगामी लोकसभा चुनाव में जनता क्या जबाव देती, यह भविष्य के गर्भ में हैं।

## तेजस्वी संतों का हो संग

अलौकिक तेज भाल पर दमकता सुमंगल,
कांतिमय प्रखर चमकता मुख मंडल,
उनकी वाणी होती ओजस्वी, मनोहारी, शीतल,
भर देती घावों को मरहम बन प्रति पल।

सांसारिक बंधनों से वे होते पूर्णतः विरक्त,
राग, द्वेष, ईर्ष्या, लोभ, दंभ न करते उन्हें आसक्त,
नित हरि भजन, मंत्र जाप, शून्य में विचरण,
जीवन महानतम लक्ष्य उनका होता मोक्ष गमन ।

शांत, विनम्र, प्रसन्नचित्त, गंभीर, वे जितेंद्रिय,
जीवन दर्शन उनका होता सर्वस्व अनुकरणीय,
कठोर तप साधना, सेवा, संकीर्तन में रहते निमग्न,
क्षमाशील, दयालु, आनंदित वो अपनी ही धुन में मग्न।

जीवन में उन्हें नही होती अपनी कोई चिंता न ही फिक्र,
वे जानते हैं उनका रखवारा तो है सांवरा जादूगर,
बस जीवन लक्ष्य होता है उनका विश्व का हो कल्याण,

निःस्वार्थ जीवन पर्यंत सेवा करते हरि की आज्ञा जान ।

ऐसे दिव्य तेजस्वी संतों का अवश्य करो संग,
खिल उठेगा फिर "आनंद" सुख अंतमुर्खी अंतरंग,
शांत हो जाएगी जीवन की सारी अतृप्त तृष्णा,
जीवन सरिता में मिलेंगे भगवान योगेश्वर श्री कृष्णा ।



मोनिका डागा "आनंद" , चेन्नई, तमिलनाडु

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# आम आदमी के खर्च का बोझ बढ़ाता मोबाइल,कम्प्यूटर,इंटरनेट का मायाजाल



संजीव ठाकुर

समाज मे आज मध्यम,निम्न वर्ग के लोगों द्वारा मोबाइल,कम्प्यूटर,इंटरनेट का बेजा व अनावश्यक उपयोग,प्रयोग सीधे-सीधे आम उपभोक्ता के लिए उनकी आर्थिक स्थिति में सेंध मारने जैसा कार्य है, जो आम आदमी की के लिए नशे की लत सदृश्य है।बच्चे,युवा मोबाइल के बेहद आदि हो गए हैं उनकी इस आदत से पीछा छुड़ाना भी अभिभावकों के लिये सिरदर्द बन चुका है टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट के अविष्कार के बाद मानवीय संचार माध्यम के अविष्कार के बाद संचार विज्ञान के इतिहास में अत्यंत समीचीन तथा भविष्य का एक तूफानी विकास है। विभिन्न संचार माध्यमों के आपस में जुड़े कंप्यूटर एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का समूह कंप्यूटर नेटवर्क कहा जाता है, और इन्हीं कंप्यूटर नेटवर्क का विश्व स्तरीय अंतरजाल को अंग्रेजी में इंटरनेट कहा जाता है। अमेरिका में एक दूसरे के सूचना माध्यमों को जोड़कर जानकारी गुप्त रूप से आदान-प्रदान करने के लिए 1969 में अमेरिका में कंप्यूटर में 'अपारनेट' की स्थापना की गई थी। इसी परिकल्पना के साथ कंप्यूटर नेटवर्क, आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क इंटरनेट के रूप में परिवर्तित हो गया। इंटरनेट का सार्थक उपयोग समाज में शिक्षा संगठन और भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण पॉजिटिव ट्रैक होने के साथ एक चमत्कारिक परिवर्तन समाज में आया है। आज लोगों के शौक खेलना, पढ़ना ,संगीत सुनना, चित्र बनाना ,फोटोग्राफी परिवर्तित होकर 90% लोगों के इंटरनेट सर्फिंग, संगीत सुनना और चित्र बनाने जैसे शौक इंटरनेट से मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। विश्व में जनसंख्या के हिसाब से 4 अरब लोग इंटरनेट कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से सुबह शाम इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय परिपेक्ष में 140 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या वाले देश में लगभग 40% लोग मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग कर एक दूसरे से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इंटरनेट एक ऐसा सेवक है जो मोबाइल के माध्यम से आपके सभी आदेशों का पालन करने के लिए दिन रात उपलब्ध है। मोबाइल और कंप्यूटर में उपयोग होने वाला इंटरनेट एक ऐसा अंतरजाल है जिस का आविष्कार सूचनाओं को साझा करने के उद्देश्य किया गया था और अब सूचना प्रौद्योगिकी के इस वर्तमान काल में दस्तावेजों एवं ध्वनि माध्यम के साथ वीडियो का आदान प्रदान करना भी इंटरनेट के माध्यम से संभव हो गया है। हवाई जहाज की, होटल की, किताबों की और व्यापार बढ़ाने की योजनाओं की बुकिंग इंटरनेट द्वारा घर बैठे कंप्यूटर या मोबाइल से किया जा सकता है। सरकार की प्रशासनिक कार्यों से लेकर व्यापार ,शिक्षा के नव अवसर भी इंटरनेट के माध्यम से पूर्ण किए जाने लगे हैं।

# संविधान की रक्षा के लिए ?



जुनैद मलिक अत्तारी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को तेलंगाना के आदिलाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत निर्मल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आरक्षण के खिलाफ हैं और वह आरक्षण छीनना चाहते हैं। उन्होंने वादा किया कि कांग्रेस सत्ता में आई तो वह आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को समाप्त कर देगी और आरक्षण का दायरा 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ा देगी।राहुल गांधी ने दावा किया कि मौजूदा आम चुनाव दो विचारधाराओं के बीच है, जिसमें कांग्रेस संविधान की रक्षा करने की कोशिश कर रही है जबकि बीजेपी-आरएसएस मिलकर इसे और जनता के अधिकारों को खत्म करना चाहते हैं। मोदी जी आरक्षण के खिलाफ हैं। वह आपसे आरक्षण छीनना चाहते हैं। देश के सामने सबसे बड़ा मुद्दा आरक्षण को 50 फीसदी से बढ़ाना है।ह्लह्ल उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में वादा किया है कि अगर पार्टी की केंद्र में सरकार बनती है, तो वह 50 प्रतिशत की सीमा को समाप्त कर देगी और आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ा देगी।उन्होंने दावा किया कि बीजेपी के अन्य नेता भी आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। यह आरोप लगाते हुए कि मोदी ने सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर दिया है, राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लागू की गई अनुबंध प्रणाली आरक्षण को हटाने के समान है। उन्होंने कहा, हम सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक क्षेत्र में अनुबंध प्रणाली को हटा देंगे। अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी नौकरियां मिलेंगी।राहुल गांधी ने कहा, नरेन्द्र मोदी ने आज तक अपने भाषणों में कभी नहीं कहा कि वह आरक्षण की 50 फीसदी सीमा हटा देंगे।ह्लह्ल उन्होंने दावा किया कि बीजेपी नेताओं ने देशवासियों से कहा है कि अगर उनकी पार्टी चुनाव जीतेगी, तो वे संविधान को बदल देंगे और इसे खत्म कर देंगे।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, अगर संविधान खत्म हो गया तो आरक्षण खत्म हो जाएगा।उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी चाहती है कि पिछड़े वर्ग, दलित और आदिवासी पिछड़े रहें।राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने करीब 22-25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। उन्होंने दावा किया, 16 लाख करोड़ रुपये यानी 24 साल का मनरेगा का पैसा, नरेन्द्र मोदी जी ने 22 लोगों को दे दिया। उन्होंने कहा, 22 अमीरों के पास 70 करोड़ भारतीयों के बराबर पैसा है और कांग्रेस इसे बदलने जा रही है।राहुल गांधी ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने सरकारी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा जैसे चुनावी वादों को पूरा किया है और अगर उनकी पार्टी केंद्र में सत्ता में आती है, तो पूरे देश में इसी तरह की गारंटी लागू करेगी। उन्होंने कहा कि देश में गरीब परिवारों की सूची बनाई जाएगी और प्रत्येक परिवार की एक महिला के बैंक खाते में प्रति वर्ष एक लाख रुपये जमा किए जाएंगे।देश की 90 प्रतिशत से अधिक आबादी में पिछड़े वर्ग, आदिवासी, अल्पसंख्यक और सामान्य वर्ग के गरीब शामिल होने का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के किसी भी संगठन में इनके




लिए जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित जाति जनगणना से देश की राजनीति बदल जाएगी, क्योंकि ऐसे गरीबों और 90 प्रतिशत लोगों को अपनी आबादी और हिस्सेदारी के बारे में पता चल जाएगा। संविधान बचाओ मुद्दे ने गति पकड़ ली है क्योंकि विपक्षी दलों और उनके शीर्ष नेताओं ने बाबा साहेब अंबेडकर के दृष्टिकोण को मूर्त रूप देने और संविधान की रक्षा के लिए लोगों से भारतीय जनता पार्टी को वोट न देने की अपील कर रहे है। भारत का संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ था और इसे चुनावी मुद्दा बनाकर इसकी रक्षा और बचाव के लिए लोगों का आगे आना अपने आप में अभूतपूर्व कदम है। यह महसूस करते हुए कि संविधान को बदलने पर कुछ भाजपा नेताओं के बयानों के खिलाफ लोगों के गुस्से से पार्टी को चुनावी नुकसान होगा, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने चुनाव अभियान में कई बयान जारी किए हैं, जिसमें संविधान को नहीं बदलने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जिनके पास धर्मनिरपेक्षता को कायम रखने का शायद ही कोई ट्रैक रिकॉर्ड है, उन्हें भी यह कहना पड़ा कि संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष शब्द भी नहीं हटाया जाएगा।मोदीजी और गृहमंत्री शाह के ऐसे बयान, तथाकथित धर्म संसद में भाग लेने वाले कई भाजपा नेताओं के सामने खोखले लगते हैं, जो हिंदू राष्ट्र की स्थापना का बड़े सख़्त लहजे में आह्वान कर रहे हैं, जो धर्मनिरपेक्षता की धज्जियां उड़ा रहे हैं, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने संविधान की मूल संरचना अभिन्न अंग माना है।उदाहरण के लिए, जब हरियाणा के भाजपा विधायक असीम गोयल ने 3 मई, 2022 को अंबाला में भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने और इसके लिए बलिदान देने या लेने का संकल्प लिया, तो मोदी और शाह दोनों ने गहरी चुप्पी बनाए रखी। गोयल ने जो किया वह पूरी तरह से उस शपथ के विपरीत था जो उन्होंने एक विधायक के रूप में ली थी, भारत के संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखते हुए, धर्म के प्रति राज्य की तटस्थता को अनिवार्य बनाया और धार्मिक बहुलवाद को मानता है, जो हिंदू राष्ट्र के विचार को नकारता है।जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कई मौकों पर, धर्मनिरपेक्ष आदर्शों पर आधारित हमारे देश की संवैधानिक दृष्टि का उल्लंघन करते हुए भारत को एक हिंदू राष्ट्र के रूप में वर्णित किया, उस वक़्त तो न तो मोदीजी और न ही शाह जी ने इसे नकारते हुए एक भी शब्द नहीं कहा। राज्य विधानसभा के एक विधायक की तरह एक मुख्यमंत्री भी संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुए शपथ लेता है, जिसका हिंदू राष्ट्र से कोई लेना-देना नहीं है।मोदीजी , जो हमेशा बीआर अंबेडकर की प्रशंसा करते हैं और कांग्रेस पर उन्हें सम्मान न देने का आरोप लगाते हैं, सही मायनों में यह उनकी विरासत को अपमानित कर रहे होते हैं, जो हिंदू राज की उनकी दृढ़ अस्वीकृति पर आधारित है, जिसे उन्होंने विपत्तिके रूप में वर्णित किया और लोगों से अपनी पूरी ताकत से इसका विरोध करने की अपील की थी।क्या मोदीई ने भारत को हिंदू राष्ट्र कहने वाले आदित्यनाथ की जांच की? उनके खिलाफ कोई रुख न अपनाकर, प्रधानमंत्री संविधान की रक्षा करने में विफल रहे और अंबेडकर के दृष्टिकोण को नकार दिया। इसलिए, चुनाव प्रचार के दौरान उनका यह बयान कि भले ही अंबेडकर वापस आ जाएं, वे भी संविधान नहीं बदल सकते, खोखला और निरर्थक लगता है।लोग मोदी शासन की चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक घोषित करने वाले सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले को गंभीरता से ध्यान में रख रहे हैं, और मोदी ने खुद 1 अप्रैल, 2024 को ईबी का बचाव करते हुए दावा किया था कि यह दानदाताओं और दिए गए धन की राशि पर नजर रखने की इजाजत देता है।

## बुधवार का राशिफल

**मेष** – योग ध्यान करने के लिए दिन अच्छा है, थोड़ी चिंता रहेगी, जल का अधिक सेवन करें, स्किन समस्या से मुक्ति मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-56

**वृषभ** – कम्युनिकेशन स्थापित करने के प्रयास करे, खुद की प्रतिभा को पीछे ना रहने दे, कार्यक्षेत्र में थोड़ा दरकिनार किया जा सकता है।
भाग्य प्रतिशत- 51

**मिथुन** – बच्चों का खास ख्याल रखे, गर्भवती स्त्री ध्यान रखे, लग्जरी के पीछे कर्ज.की स्तिथि ना खड़ी करें।
भाग्य प्रतिशत-49

**कर्क** – बाहर जाने की इच्छा होगी, कुछ खरीदारी कर सकते है, पत्नी की सेहत प्रभावित रहेगी, नई जगह अप्लाइ करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-65

**सिंह** – नेवी में जाने वालो के लिए सही समय है,संतान की खुशखबरी मिल सकती है, परिवार में खुशी रहेगी।
भाग्य प्रतिशत- 68

**कन्या** – बाहर जॉब मिल सकती है, सेटल होने के योग है। विवाह की बात पक्की हो सकती है।
भाग्य प्रतिशत-71

**तुला** – बहनो का सुख बढ़ेगा, अपने कार्यो को बदलने का ना सोचे, फर्नीचर, तेल, एक्सपोर्ट व्यवसाय से लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-65

**वृश्चिक** – परिवार के लिए मदद कर पाएंगे, वायु विकार परेशान करेगा, हॉर्मोन समस्या सम्भव है, बैंक बैलेंस बचाकर रखें।
भाग्य प्रतिशत- 60

**धनु** – मानसिक चिंता बढेगी, कुछ कुंठा रह सकती है, शांति बनाकर रखे, समय पर कुछ चीजें छोड़े।
भाग्य प्रतिशत- 49

**मकर** – खुद को अकेला पाएंगे मगर आत्मविश्वास भी बढ़ायेंगे, प्राइवेट नौकरी में बदलाव लगता है, स्थान बदल सकता है। भाग्य प्रतिशत-53

**कुंभ** – सलाहकार कार्य से लाभ होगा, कुछ नया कार्य बनेगा, स्त्री पक्ष से सुख मिलेगा, धार्मिक रहेंगे।
भाग्य प्रतिशत-70

**मीन** – मनचाही इच्छा पूरी होगी, अच्छी जगह जॉब या एडमिशन सम्भव है, खर्चे बढ़ेंगे, कागज सम्भाल कर रखे।
भाग्य प्रतिशत-80



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# महाराणा प्रताप का अपमान करने वालों को संगीत सोम ने बताया बाबर की औलाद



मेरठ (आरएनएस)। सरधना से भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने मैनपुरी में महाराणा प्रताप की प्रतिमा को अपमानित करने के मामले में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। पूर्व विधायक ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करते हुए कहा कि सपा प्रमुख ने कार्यकर्ताओ के साथ पाकिस्तान को खुश करने के लिए महाराणा प्रताप की मूर्ति को अपमानित किया है। सरधना से भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम वीडियो में कहते दिख रहे हैं कि सपा कार्यकताओं के कृत्य के कारण पूरे देश में आक्रोश फैला हुआ है। आने वाले चुनाव में जनता वीर योद्धा महाराणा प्रताप को अपमानित करने वालों से बदला लेगी। संगीत सोम ने प्रतिमा को अपमानित करने वालों को मुगल साम्राज्य के बाबर और अकबर की औलाद बताया।
शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मैनपुरी में पत्नी और सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के समर्थन में रोड शो किया था। आरोप है कि रोड शो के दौरान सपा कार्यकर्ताओ ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनादर किया।

# गुलफशा हत्याकांडः आरोपी पति गिरफ्तार, पिस्टल भी बरामद



मेरठ (आरएनएस)। मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र के ढवाई नगर में गुलफशा (25) की गोली मारकर हत्या करने के मामले में सोमवार को नौचंदी पुलिस ने हत्यारोपी पति समीर मलिक को कोर्ट में पेश किया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी के पास से पिस्टल भी बरामद किया हैं। वहीं, गुलफशा के परिजनों ने पुलिस ऑफिस पहुंचकर एसएसपी से शिकायत करते हुए कहा कि समीर का मामा भाजपा नेता नईम मलिक उन्हें धमकी दे रहा है। वह आरोपियों को बचाने में लगा है। एसएसपी ने सीओ सिविल लाइन को जांच कर कार्रवाई करने के लिए कहा। सीओ ने परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंसूरपुर मुजफ्फरनगर निवासी राशिद मलिक की बड़ी बेटी गुलफशा की शादी हापुड़ रोड ढबाई नगर गली नंबर चार निवासी स्क्रैप कारोबारी समीर मलिक से हुई थी। छोटी बेटी शुमाइला की शादी समीर के छोटे भाई मुशीर से हुई थी। समीर के एक महिला से अवैध संबंध थे। गुलफशा इसका विरोध करती थी। कई बार दोनों के बीच विवाद हो चुका था। शनिवार को झगड़ा होने पर समीर ने गुलफशा की पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पति समीर मलिक, ससुर आफताब, सास नईमा, जेठ तनवीर और साकिब, देवर मास, ननद मुस्कान, जेठानी नाजमीन और जैनब के खिलाफ दहेज हत्या और गुलफशा की बहन शुमाइला के हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने हत्यारोपी पति समीर को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया।
परिजन बोले, मामा नईम ने कराया पेशः गुलफशा के परिजन सोमवार को पुलिस ऑफिस पहुंचे। उन्होंने एसएसपी से कहा कि समीर का मामा नईम मलिक भाजपा नेता है। उसने ही सेटिंग से समीर को पेश किया है। उन्होंने आरोपी को रात को थाने में एसी में सुलाए जाने के आरोप लगाए। गुलफशा के पिता ने आरोप लगाया कि नईम मलिक अन्य आरोपियों को बचाने में लगा है। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने सीओ को जांच करने के लिए कहा है।

# मतगणना केन्द्र में ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण




मेरठ (आरएनएस)। आज जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया तथा मतगणना तैयारियो की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होने राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो के साथ वहां साफ-सफाई, पीने का पानी, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, शौचालय आदि व्यवस्थाओ का जायजा लिया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रमुख राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आहुलाना धाम में बर्बरीक ने किया था शीष का दान : महावीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सोनीपत, हरियाणा। जनपद सोनीपत की गन्नौर तहसील में स्थित महाभारतकालीन अति प्राचीन आहुलाना धाम श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख तीर्थस्थल है। हर वर्ष देशभर से लाखों श्रद्धालु यहां स्थित प्राचीन भगवान श्री श्याम मन्दिर के दर्शनों के लिए आते है। मंदिर के मुख्य पुजारी महावीर ने बताया कि उनकी अनेकों पीढ़ियों ने इस मंदिर की सेवा की है। बताया कि यह वही स्थान है जहां पर भगवान श्री कृष्ण को महान योद्धा बर्बरीक ने अपना शीश काटकर दान में दिया था। पंड़ित महावीर ने बताया कि यह एक सिद्ध क्षेत्र है और बहुत ही चमत्कारी है। इस स्थान पर सच्चे मन से आने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती है। बताया कि वर्ष 2023 में यहां एक भव्य भगवान श्री श्याम जी के मन्दिर का निर्माण हुआ है। वर्ष 1976 में स्थापित प्राचीन सिद्ध और चमत्कारी भगवान श्री श्याम मन्दिर का जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है। मन्दिर परिसर में करोड़ो रुपए की लागत से एक विशाल कुंड़ का निर्माण कार्य चल रहा है। वर्ष 1976 में जिस स्थान पर प्राचीन भगवान श्री श्याम मंदिर को स्थापित किया गया है, उसी स्थान पर हजारों वर्षो से कलयुग के भगवान - श्री बर्बरीक के थान की पूजा होती चली आ रही थी। उसी थान के ऊपर देश के साधु-संतो ओर विद्धानों द्वारा वर्ष 1976 में प्राचीन श्याम मंदिर का निर्माण कराया गया। श्रद्धालुओं की बस लेकर आये मॉ वैष्णों सोशल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष बड़ौत निवासी सुनील गुप्ता उर्फ बॉबी गुप्ता ने बताया कि वास्तव में यह क्षेत्र बहुत ही चमत्कारी है। श्रद्धालुओं की मांग पर अनेकों वर्षो से हर साल अनेकों तीर्थ दर्शन यात्रा बसें मॉ वैश्णों सोशल वेलफेयर सोसायटी बड़ौत द्वारा निशुल्क आहुलाना धाम दर्शन कराने के लिए भेजी जाती है। मॉ वैष्णों सोशल वेलफेयर सोसायटी बड़ौत के सचिव शुभम गुप्ता ने बताया कि आहुलाना धाम को श्याम की नगरी के नाम से जाना जाता है। बताया कि इस स्थान पर सिद्ध गोगा मेढ़ी धाम, नाग देवी का मन्दिर, बाबा भोले की समाधि जैसे तीर्थ स्थल मौजूद है। इसके साथ-साथ इस स्थान पर दो बाबा निवास करते है। बड़े बाबा रामरूप जी महाराज उर्फ मोनी बाबा और छोटे बाबा अरविन्द दास जी महाराज के दर्शनों से श्रद्धालुगण धन्य हो जाते है। इसके अलावा आहुलाना धामा में अनेकों भगवानो और देवी देवताओं के मन्दिर है और अनेकों सिद्ध साधु-संतो की समाधि है।



# बेटी की जिद ने दिलाई जीत, किसान पिता और ममता के संघर्ष ने रूपल को ओलंपिक तक पहुंचाया




मेरठ। रूपल चौधरी ने 400 मीटर मिक्स रिले वूमेन में किया पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। भारत की टीम दूसरे नम्बर पर रही है। भारतीय महिला 47400 मीटर रिले टीम ने सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहने के बाद पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।
यह रूपल के माता-पिता की मेहनत का ही नतीजा है कि उसने परिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर देशभर में नाम रोशन किया है। रूपल ने वर्ष 2017 में कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम आना शुरू किया था। उस वक्त रूपल महज 14-15 वर्ष की थी।
इतनी छोटी उम्र में उन्होंने खेलना शुरू कर दिया था। उनके पिता ओमवीर सिंह और मां ममता भी रूपल की एथलीट बनने की जिद के आगे हार मान गए थे। उन्होंने बेटी को आगे बढ़ाने के लिए काफी संघर्ष किया। रूपल को रोज गांव से स्टेडियम लाना और फिर ले जाना, ये सब उनके पिता करते थे।
मां रूपल के खाने पीने का ध्यान रखती थीं। पिता ने बताया कि वह हाईस्कूल स्तर की प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करती रहीं हैं। वर्ष 2017 में उन्होंने स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त करना शुरू किया। इसके बाद से लगातार नेशनल और इंटरनेशनल लेवल की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर पदक प्राप्त कर मेरठ सहित पूरे देश का नाम रोशन कर रही हैं। वह अब भुवनेश्वर से बीए कर रही हैं। रूपल के दो भाई-बहन हैं। उनका बड़ा भाई परमजीत यूपी पुलिस में है।
घुटने की चोट के बाद भी नहीं हुई मायूस
बीते वर्षों में घुटने की चोट के कारण भी रूपल को परेशान होना पड़ा था। इसके बावजूद वह मायूस नहीं हुई और अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहीं। उन्होंने मेरठ को छोड़ मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन के तकनीकी विकास केंद्र में जेम्स हीलर कोच की निगरानी में अभ्यास किया। इसका परिणाम सामने है। पिछले एक वर्ष से वह मेरठ से बाहर ही प्रशिक्षण ले रही थीं। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव अनु कुमार ने बताया कि रूपल ने जिले की किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेने से अपनी दूरी नहीं बनाई बल्कि पूरे मन के साथ प्रतिभाग किया। उन्होंने रूपल को फोन पर बधाई दी। रूपल ने उन्हें बताया कि यह पहली बार था जब उन्होंने रिले रेस को स्टार्ट किया, अन्यथा वह हमेशा दूसरे, तीसरे या चौथे नंबर पर दौड़ी थीं।
ये हैं प्रमुख उपलब्धियां
-जूनियर वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 में 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक
-4 गुणा 400 मीटर मिक्स रिले में रजत पदक
-जूनियर वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो पदक प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी
-61 नेशनल इंटर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 में 400 मीटर दौड़ में रजत पदक
-4 गुणा 400 मीटर मिक्स रिले में स्वर्ण पदक
-81 वीं ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 400 मीटर दौड़ में रजत पदक
-400 मीटर हर्डल रेस में रजत पदक
-36वीं जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2021 में 400 मीटर में कांस्य पदक
-तीसरी ओपन 400 मीटर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप अंडर 18 में 400 मीटर में स्वर्ण पदक
-35वीं जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप अंडर 16 में 400 मीटर में स्वर्ण पदक।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने के मामले में रिपोर्ट हुई दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो




कांठ (सुदेश बिश्नोई )। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद एक नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है' जानकारी के अनुसार मोहम्मद यूसुफ ग्राम गढी थाना कांठ का निवासी ने थाना प्रभारी निरीक्षक को दी तहरीर में बताया कि मेरे घर पर 8-10 वर्ष से मेरी सलोत 17 वर्ष निवासी कस्साबान बिजनौर रह रही थी। पडोस का शमशाद पुत्र मौ० युनुस निवासी गढी का मेरे घर आना जाना था जो कि बालिका को अकेला पाकर व आते जाते गलत इशारे करता था जिसकी शिकायत भी की थी किन्तु वह नाजेबा हरकतो से बाज नही आ रहा था। दिनांक 4 मई 2024 को सुबह करीब 4 बजे शमशाद मेरी सलोत को बहला फुसलाकर भगा ले गया। तब से उसका मोबाइल नंबर बन्द है। काफी तलाशने पर भी कोई सुराग नही मिला है। उसकी इज्जत व जान का खतरा बना है। शमशाद के घर वाले झगड़े पर आमाद है। पुलिस ने तहसील के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है ।

### रंगदारी नहीं देने पर महिला से मारपीट

मेरठ (आरएनएस)। लिसाड़ी गेट की रहने वाली महिला ने शौकीन व अन्य दो युवकों पर मारपीट कर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। विरोध करने पर भतीजे शुऐब से मारपीट की गई। भतीजे को बचाने का प्रयास किया तो दबंगो ने छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत शुरू कर दी। गोली मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सोमवार को दंपती ने इस मामले में एसएसपी दफ्तर पहुंचकर शिकायत की है। उधर, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण का कहना है कि इस मामले में सीओ कोतवाली को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

### एनसीआर में हथियार सप्लाई करने वाले पांच गिरफ्तार

मेरठ (आरएनएस)। लोहिया नगर पुलिस ने एनसीआर में अवैध हथियार सप्लाई करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने सरगना सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दो पिस्टल, दो तमंचे और कारतूस बरामद हुए हैं। लोहिया नगर इंस्पेक्टर संजय कुमार पांडेय ने बताया कि एनसीआर व वेस्ट यूपी में अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले शास्त्री नगर निवासी मोनू उर्फ नितिन कौशिक, मुंडाली सिसौली निवासी अरुण कुमार, कंकरखेड़ा शोभापुर निवासी रोबिन जाटव, मेडिकल निवासी दीपांश चौहान, मुंडाली निवासी आकाश कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम के पूछताछ करने पर मोनू उर्फ नितिन अपने साथियो के साथ मिलकर एनसीआर में असलाह सप्लाई करता है। पिस्टल चालीस हजार रुपये और तमंचे पांच हजार रुपये में बेचते थे। बदमाशों से पूछताछ करने पर कुछ और नाम प्रकाश में आए हैं। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। उधर, सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार का कहना हैं कि पांचों बदमाशों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया हैं। सरगना मोनू के खिलाफ आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमें पहले दर्ज हैं।

### मुजफ्फरनगर में प्रेमी युगल ने निगला जहर, दोनों की मौत, पुलिस जांच में जुटी

मुजफ्फरनगर। जनपद के भौराकलां थाना क्षेत्र में प्रेमी युगल ने जहर का सेवन कर लिया। शामली में उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। भौराकलां थाना क्षेत्र के कसबा सिसौली की अनुसूचित जाति की निशा का प्रेम प्रसंग नजदीक के गांव भौरा खुर्द निवासी मोनू उर्फ विपिन कश्यप के साथ चल रहा था। मंगलवार सुबह दोनों बाइक पर सवार होकर घर से चले गए। फुगाना थानाक्षेत्र में करौदा महाजन गांव के ईंट भट्टे के पास दोनों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इसके बाद परिजनों को मामले की जानकारी दी। पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। दोनों को शामली के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दोनों की मौत हो गई है।

# रोहटा में घर के बाहर खड़े युवक पर तमंचे से फायरिंग, हालत गंभीर

मेरठ (आरएनएस)। बाइक पर सवार होकर आए हमलावर खुद को घिरा देख मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने घायल युवक को मेरठ एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।
बता दें कि गांव पूठ खास निवासी सागर(19) पुत्र सैनू गिरी सोमवार रात नो बजे अपने घर में मौजूद था।
इस बीच उसके मोबाइल पर एक कॉल आई और वह फोन पर बात करता हुआ अपने घर के दरवाजे पर पहुंच गया। कुछ ही देर बाद बाइक पर सवार दो युवक उसके घर के गेट पर पहुंचे और बाइक खड़ी कर ली। एक युवक सागर से बात करने लगा और एक व्यक्ति ने बाइक को स्टार्ट रखा। इसी बीच बातचीत कर रहे युवक ने सागर के सर पर तमंचे से गोली चला दी। गोली लगने से सागर गंभीर रूप से घायल हो गया और जमीन पर जा गिरा। बाइक सवार हमलावर मौके से फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल सागर को मेरठ बाईपास स्थित रीता अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर घायल सागर का उपचार चल रहा है।
घटना के संबंध में घायल सागर के पिता की ओर से रोहटा थाने में गांव अमानुलाहपुर निवासी दो युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई है। हालांकि अभी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

# बदायूं लोकसभा में 54% मतदान, सहसवान में पुलिस प्रशासन पर वोटर्स को रोकने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो





बदायूं (रफीक अहमद)। बदायूं लोकसभा चुनाव में शाम 6:00 बजे तक 54% वोट पड़े कुछ जगहों को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण रहा। सपा ने आरोप लगाया की सहसवान के बूथ संख्या चार पर पुलिस द्वारा मतदाताओं से पर्ची छीनकर वोट नहीं डालने दिया गया और समाजवादी पार्टी के बूथ अध्यक्ष को जबरन गिरफ्तार किया गया। पुलिस पर सपाईयों का विस्तर फेंकने और तोड़फोड़ का भी आरोप सपा प्रत्याशी आदित्य यादव ने लगाया। उनका आरोप है कि उनके वोट बैंक पर पुलिस प्रेशर बना रही थी ताकि वह मतदान न कर सकें । डीएम प्रेक्षक को भी जानकारी दी गई लेकिन कोई राहत नहीं मिली । बदायूं लोकसभा में 24 लाख 14, 048 मतदाता है नमें 12 लाख 94 हजार 634 पुरुष और चार लाख 19 हजार महिला वोटर है यहां सपा से पार्टी के प्रमुख महासचिव शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव चुनावी मैदान में है भाजपा से दुर्विजय शाक्य और बसपा से मुस्लिम खां प्रत्याशी हैं यहां आदित्य यादव शुरू से ही मजबूत माने जा रहे हैं वह अपनी जीत के दावे भी कर रहे हैं। उनको भाजपा के दुर्विजय शाक्य से सीधी टक्कर मिल रही है हालांकि सपा का जनाधार ज्यादा है मुस्लिम वोटर करीब 3:30 लाख हैं जो सपा का वोटर माना जाता है इसलिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी यहां ज्यादा मजबूत माने जा रहे हैं।

आयोजन

## विभाग के विद्याथीर्यों ने अतिथि वक्ता से कई प्रश्न कर अपनी जिज्ञासाओं को शान्त किया

# मेरठ में पहली बार बही बनारस घराने के संजू सहाय के तबला की धारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो









मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय के मंच कला विभाग के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शन व्याख्यान एवं सम्मान समारोह का आयोजन सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में किया गया। इस सम्मान को ग्रहण करने व अपने प्रदर्शन व्याख्यान को देने लंदन से पधारे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बनारस घराने के तबला वादक पं० संजू सहाय ने इस अवसर पर अपने उच्च स्तरीय तबले के वादन की प्रस्तुति की। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित से हुई। जिसमें विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वति की आराधना प्रस्तुत की गई। पं० संजू सहाय बनारस घराने के पं० राम सहाय घराने की छठी पीढ़ी के वाहक है। उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरूआत तीनताल में उठान बजाकर की जिसके बाद उन्होंने अपने घराने की कुछ विख्यात गतों, कायदा रेला एवं बंदिशों इत्यादि को प्रदर्शित कर दर्शकों का मन मोह लिया। सभागार में उपस्थित सभी श्रोता उनके वादन क्षमता को देख अभिभूत हो गये। उनके साथ हारमोनिय पर कुशल संगति सुभारती विश्वविद्यालय के मंच कला विभाग में कार्यरत उस्ताद मेहराज खान के द्वारा की गयी। इस कार्यक्रम में प्रख्यात कलाकारों उस्ताद अकरम खान, पं० विजय शंकर मिश्र, पं० हरिदत्त शर्मा, पं बिनोद पाठक, डॉ० अतुल शंकर, प्रो० जया शर्मा, प्रो० रेखा तिवारी, डॉ० निर्मल डॉ० शैल शर्मा, अनुप सिंघल एवं डॉ० अंजली, डॉ० श्रुति राज वर्मा आदि के साथ शहर व अन्य शहरों के कई गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर मान बढ़ाया। पं० संजू सहाय का स्वागत कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल एवं संकाय के डीन प्रो. पिन्टू मिश्रा एवं प्रो. भावना ग्रोवर ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह को देकर किया। सभी दर्शकों ने कार्यक्रम की जोरशोर से सराहना की। संकाय के सभी सदस्य शिक्षकगण डॉ. इन्द्रेश मिश्रा, तनुश्री कश्यप, निशी चौहान, श्वेता सिंह, मेहराज खान, अभिषेक मिश्रा, अक्षय शर्मा एवं फरदीन हुसैन आदि उपस्थित रहें। विभाग के विद्याथीर्यों ने अतिथि वक्ता से कई प्रश्न कर अपनी जिज्ञासाओं को शान्त किया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ. श्वेता चौधरी के द्वारा किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन से पूर्व पं० विजय शंकर मिश्र ने अपनी ज्ञान धारा से उपस्थित दर्शकों की ज्ञान पिपासा को शांत किया। विभागाध्यक्ष मंच कला विभाग डॉ० भावना ग्रोवर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# लोकसभा चुनाव 2024 में सैकड़ो की संख्या में नए मतदाताओं ने किया पहली बार मतदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/ संभल।** मयंक सक्सेना लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में लोकसभा सीट के लिए हुए मतदान में सैकड़ो नए मतदाताओं ने पहली बार मतदान किया इन मतदाताओं में मतदान के प्रति काफी उत्साह देखा गया। सौम्या, मयंक, अंशिका, ऋतिक, विधि, सिद्धार्थ, दीप्ति आदि नए मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान किया

**नए मतदाताओं व युवाओं ने मतदान में बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा**

अनेक मुस्लिम समुदाय की लड़कियों ने भी पहली बार लोकसभा चुनाव में मतदान किया इन नए मतदाताओं में मतदान के प्रति अधिक उत्साह देखा गया। संभल लोकसभा की विधानसभा क्षेत्र चंदौसी में बने पोलिंग बूथों पर पहुंचकर मतदाताओं ने अपने-अपने मत का प्रयोग किया जिसमें युवाओं को भारी संख्या में वोट डालते देखा गया है जिससे लगने लगा है कि युवा भी वोट की कीमत को जान चुका है नए मतदाता पहला वोट डालकर काफी उत्साहित नजर आए मंगलवार की सुबह 7 बजे से ही जनपद की चंदौसी विधानसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हो गया सुबह के समय मतदान धीमी गति से चला लेकिन जैसे-जैसे समय बढ़ता गया वैसे-वैसे ही मतदाता अपने-अपने घरों से अपने मत का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंचे इस चुनाव में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया मतदान केंद्रों पर युवाओं को लाइन में लगकर वोट डालते देखा गया इतना ही नहीं युवा वोटरों को घरों से मतदान करने के लिए बोटरो को लाते हुए दिखाई दिए युवा वर्ग ने बुजुर्ग मतदाताओं को वोट डालने में सहयोग भी किया वहीं जिन मतदाताओं ने प्रथम बार मतदान किया वह वोट डालने के उपरांत काफी उत्साहित दिखे प्रथम बार मतदान करने के बाद बोटर सौम्या, मयंक, अंशिका, ऋतिक, विधि, सिद्धार्थ, दीप्ति आदि ने बताया कि वोट डालने से पहले मन में कुछ हिचकिचाहट हो रही थी लेकिन मतदान कक्षा में पहुंचते ही वह दूर हो गई उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि मतदाताओं को अपने वोट का मूल्य समझते हुए मतदान में जरूर शामिल होना चाहिए जिससे देश में मजबूत सरकार बन सके।


मयंक


सौम्या


अंशिका


अनुज अनुज


सिद्धांत


विधि


दीप्ति

# कुन्दरकी मे संभल लोकसभा सीट पर मतदान शांतिपूर्ण रूप से हुआ संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** मंगलवार को संभल लोकसभा सीट पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। कई इलाकों में पुलिस के साथ बहस और विरोध के बीच वोटिंग चलती रही। समय बढ़ने के साथ साथ मतदान का प्रतिशत भी बढ़ता चला गया।

संभल लोकसभा सीट पर 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। मतदान को लेकर पूरे लोकसभा क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। लोकसभा संभल में छुटपुट घटनाओ को छोड़कर मतदान शान्ति पूर्ण सम्पन्न हुआ। आज मंगलवार को सुबह से ही मतदान केन्द्रो पर वोट लेकर महिला पुरूषों एवं युवाओ में जोश देखने को मिला । कस्बा महमूदपुर माफी के जूनियर हाई स्कूल में सुबह से ही वोटरों की लम्बी लम्बी कतारें लगनी शुरू हो गयी ।तो नगलिया मश्कूला, असालत नगर बघा,मैनाठेर , डींगरपुर ,रतनपुर कलां आदि गाव में शान्ति पूर्ण मतदान हुआ। इस दौरान पुलिस प्रशासन सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे चप्पे पर तैनात रहा। तो बही बिलारी विधानसभा में महिला और पुरुष वोटरों की लंबी लाइनें नजर आई। बिलारी नगर के कम्पोजिट स्कूल, जूनियर स्कूल, कन्या कम्पोजिट स्कूल और कोठी प्राइमरी स्कूल, ग्राम सहसपुर, मोहम्मद इब्राहीमपुर, थांवला आदि में बने बूथों पर सुबह से ही वोटर जुटने लगे थे। दोपहर में जैसे जैसे धूप तेज होने के साथ गर्मी बढ़ी वैसे वैसे वोटरों की भीड़ कम होती गई। दोपहर में लगभग दो घंटे की अवधि में अनेक बूथों पर गिने चुने वोटर ही दिखाई दिए। जंगल में खेतों पर काम करने वाले अधिकतर किसानों ने भी मतदान के शुरूआती घंटों में ही पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान किया। कुंदरकी विधानसभा में भी वोटरों में जोश दिखाई दिया ।क्योकि कुन्दरकी में ज्यादातर युवा वोटर सुबह से ही वोट मतदान के लिए लगी लाइन में लगे हुए नजर आये। मैनाठेर थाना इंचार्ज सर्वेंद्र शर्मा का कहना है की क्षेत्र में चुनाव शान्ति पूर्ण हुआ है ।







# जनप्रतिनिधियों ने परिवार के साथ जाकर किया मतदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** मयंक सक्सेना जनपद संभल में आज तीसरे चरण का मतदान करने के लिए जनप्रतिनिधि में अपने-अपने घरो से निकलकर अपने बूथों पर पहुंच और देश हित व राष्ट्र हित में मतदान किया। मतदान करने के बाद लोगो अपील की वे ज्यादा से ज्यादा मतदान बूथों पर पहुंच मतदान करे। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव एवं उनके पति नीलेश यादव तथा नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय भी मतदान करने पहुंची। लोगों से कहा कि नरेन्द्र मोदी की कल्याणकारी योजनाओं एवं राष्ट्र हित एवं भारत को विकास पथ में ले जाने के लिए वोट करे।





# भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने पूरे परिवार के साथ डाला बोट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/संभल।** लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वरलाल सैनी ने अपने पूरे परिवार के साथ चन्दौसी के संभल गेट वीएमजी इंटर कॉले मे वोट डालने पहुंचे। प्रत्याशी अपने 95 साल के पिता डूंगर मल को वोट डलवाने लाए। पूरा परिवार वोट डालने को काफी उत्साहित दिखाई दिया। । प्रत्याशी ने कहा की सभी को बढ़ चढ़कर मतदान में सहभाग करना चाहिए। सभी को मजबूत सरकार मिलेगी। साथ ही उन्होने मीडिया से रूवरू होते हुए कहा कि सरकार जनकल्याण कारी योजनाओ एवं राष्ट्र एवं लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नरेन्द्र मोदी से हर संभव प्रयासरत रहे है। इसी के साथ उन्होने सभी मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि सभी वोटरो को अपने वोट का अवश्यक प्रयोग करना चाहिए तभी देश को मजबूत सरकार मिलेगी। और देश उन्नति की ओर अग्रसर होगा।



# अभिभावक की हर जरूरत को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी: गुलाब देवी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभिभावक बनकर हर वर्ग को सामान रूप से उनकी हर जरूरत को पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। जिसका नतीजा सबके सामने है। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए लगातार काम किया। ऐसे अभिभावक के लिए अब जनता को बढ़ चढ़कर वोट करके अपनी जिम्मेदारी को पूरा करना चाहिए। संभल जिले में भाजपा प्रत्याशी की जीत के सवाल पर बोलीं, हम जीत रहे है। यह पहली बार नहीं पहले भी जीत चुके हैं। इससे पूर्व मंत्री गुलाब देवी अपनी बेटी चेतन और कार्यकताओं के संग पहले सुभाष रोड़ स्थित शिव मंदिर पहुंची और उन्होने पूजा अर्चना कर फिर मोदी सरकार बनने की प्रथार्ना की एसएस कालेज के पोलिंग बूथ संख्या 118 पर पहुंचीं और अपना वोट डाला।







# लोकतंत्र के महापर्व में बुर्जुग महिलाओं ने भी लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा डाले वोट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/संभल (मयंक सक्सेना)।** लोकसभा चुनाव 2024 में अपना योगदान के लिए बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में बुजुर्ग महिला पुरुषों ने पोलिंग बूथ पहुंचकर अपने अमूल्य वोट का प्रयोग कर लोकतंत्र का मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया। मंगलवार को संभल लोकसभा की चंदौसी विधान सभा में वोट डाले गये। सुबह सात बजे से बुजुर्ग मतदाता मतदान करने के अपने-अपने घरों से निकलकर पोलिंग बूथ पर पहुंचने लगे। बुजुर्ग लोगों ने अपनी हिम्मत दिखाते हुए अपने सहयोगी के साथ जाते दिखाई दिये। मतदान केन्द्र पर अपने मत का प्रयोग करने के बाद मतदाता मुन्नी 90 वर्षीय व अन्य बुजुर्ग महिला ने बताया कि, जब से उनकी वोट बनी है, वह प्रत्येक चुनाव में अपने वोट का प्रयोग करते आ रहे है। अब तक 16 लोकसभा चुनाव में अपने बोर्ड का प्रयोग कर चुके हैं और स्वयं पोलिंग बूथ पर वोट डालने जाती है साथ ही मुन्नी देवी ने बताया कि उन्होंने अपनी साथ सहेलियों के साथ वोट डालकर काफी उत्साहित हैं और उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि चुनाव में सभी वोटरो को अपने वोट का प्रयोग करना चाहिए।

**बुर्जुगों ने स्वयं पोलिंग बूथ पर पहुंचकर किया मतदान**

**बुर्जुग व दिव्यांगो की सहायता हेतु मतदान केंद्रों पर लगाई गई आंगनवाड़ी**



# फर्जी वोट डालने को भाजपा प्रत्याशी और पुलिस प्रशासन के बीच हुई नोकझोक, धरने पर बैठे भाजपा नेता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/संभल।** मयंक सक्सेना संभल विधान सभा क्षेत्र के जेडीयू इंटर कॉलेज के मतदान केन्द्र पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने फर्जी वोट डाले जाने का आरोप लगाकर मतदान केंन्द्र के बाहर धरना देकर बैठ गए।

मतदान केंद के बाहर भीड़ जुट गई पुलिस ने भीड़ को हटाया।

पुलिस अधिकारियों ने बीजेपी नेता को समझाया। वहीं इसी मतदान केंद्र पर भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी की पुलिसकर्मियों से नोकझोंक हुई।



# गलत केस लगाने की हिम्मत पर अंकुश लग जाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** यूपी के बरेली से एक अजीब और ऐतिहासिक फैसला सामने आया है। यहां एक 15 साल की लड़की ने एक व्यक्ति पर रेप का आरोप लगाया और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पॉक्सो सहित कई गंभीर धाराएं लगाकर जेल भेज दिया। व्यक्ति 4 साल, 6 महीने, 8 दिन यानी कुल 1653 दिन जेल में रहा। जांच में आरोपी व्यक्ति बेगुनाह निकला।

कोर्ट ने बाइज्जत बरी किया। यहां अपर सेशन जज ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने एक अलग फैसला सुनाया। उन्होंने केस करने वाली लड़की को दोषी मानते हुए अब उतने ही दिन जेल में रहने की सजा सुनाई है जितना वह व्यक्ति रहकर आया है। साथ ही 5 लाख 88 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। ये पैसा पीड़ित व्यक्ति को मिलेगा। ये फैसला एकदम जायज है। सजा का यह प्रावधान हो तो स्वाभाविक रूप से गलत केस लगाने की हिम्मत पर अंकुश लग जाएगा।

# महिलाओं में वोट को लेकर दिखा उत्साह, युवाओं ने अधिक से अधिक वोट करने की अपील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (दिनेश सक्सेना)।** तीसरे चरण के मतदान को लेकर वोटरों में एक खास उत्साह देखने को मिला। जनपद संभल में 7मई को 8लोक-सभा की पांच विधानसभाओं में पोलिंग हुआ। कुंदरकी, विलारी, चंदोसी,

**पहली बार वोट डाल कर छात्र ने किया अपनी खुशी का इजहार**

असमोली व संभल सूत्रों की मानें तो पिछले दो चरणों के मुताबिक तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत ज्यादा रहेगा उसका मुख्य कारण है कि किसानों की गेहूं की फसल घर में आ गई पिछले दो चरणों में किसान फसल को लेकर व्यस्त था।

ऐसा माना जा रहा है कि तीसरे चरण में सबसे ज्यादा मतदान संभल में हो सकता है। वोटर पहले मतदान फिर जलपान के नारे को जहन में रखकर ही वोट कर रहा है, पुलिस प्रशासन व प्रशासनिक अधिकारियों की प्रत्येक बूथ पर पैनी नजर है किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने के मूड़ में नही है प्रशासन ।बाज से भी तेज नजर बनाए हुए है पुलिस प्रशासन निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है, कही इंडिया गठबंधन के ने और कहीं भाजपा के प्रत्याशियों ने फर्जी वोट डालने के आरोप लगाए कहीं छुटपुट कहा सुनी हुई। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने पुलिस प्रशासन पर आरोप भी लगाए उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन हमारे वोटरों को धमका रहा है और भगा रहा है वही भाजपा नेता राजेश सिंघल का कहना है कि फर्जी वोट डाला जा रहा है उन्होंने एक फर्जी वोटर को पकडा उसके दस्तावेज किसी और के थे और वोट डाल कर आ रहा था पुलिस के हवाले किया। इस बार मतदाताओं में एक नया जोश देखने को मिला जहां अपने पहले वोट से लेकर बुजुर्ग महिला पुरुष,बीमार व्यक्ति तथा जो आने जाने में असमर्थ थे उन्होंने भी इस पर्व में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।









मतदान | दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं ने किया बढ़ चढ़कर मतदान

# दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने परिवार के साथ मतदान कर लोकतंत्र को किया मजबूत


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)** । चंदौसी/संभल लोकसभा सीट के लिए हुए मतदान में दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाई। दिव्यांग मतदाता अपने परिवार के लोगों के साथ व्हीलचेयर की सहायता से नगर में बने विभिन्न मतदान केदो पर पहुंचे और मतदान किया ऐसे मतदाताओं की लोग जमकर कर प्रशंसा कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान हुआ इसमें दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा किया। जिसमें ज्यादातर बुजुर्ग 75 से 90 वर्ष तक की आयु के लोगों ने नगर के विभिन्न इंटर व डिग्री कॉलेज में बने मतदान केंद्र पर परिवार वालों के साथ व्हीलचेयर पर बैठकर नगर में बने मतदान केंद्र पर मतदान किया' भीषण गर्मी में भी मतदान करने पर लोग इनकी प्रशंसा करते दिखाई दिए। साथ ही बूथों के बाहर खड़े पुलिसकर्मियों व तैनात फोर्स ने बुजुर्ग व व्हीलचेयर से आए लोगों की मदद करते देखा गया जिसमें मतदान करने आए लोगों ने यह दृश्य देखकर उनके कार्य की सराहना की।











# जिला अधिकारी का आदेश हवा में उड़ाया, अवकाश के बाद खुले अनेक स्कूल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सम्भल लोकसभा सीट पर मंगलवार को हुए मतदान को लेकर मुरादाबाद जनपद मे जिला अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने आज अवकाश घोषित किया गया था जिसमे सरकारी कार्यालय और सभी स्कूलो को बंद रखने का आदेश दिया था। जिला अधिकारी के आदेशों को हवा में उड़ते हुए नगर पंचायत कांठ मे कुछ स्कूल संचालको ने इसका पालन नहीं किया रोजाना की तरह ही स्कूल खोला इसकी जानकारी करने गए अनेक पत्रकारो के साथ स्कूल संचालक की कहासुनी भी हुई। बाद में स्कूल संचालक ने स्कूल खोले जाने से इंकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि सात मई को डीएम द्वारा अवकाश घोषित किया गया था। लेकिन पता लगा की नगर का गुड मंडी में स्कूल खुला है इसकी जानकारी मिलने पर कुछ पत्रकार स्कूल पहुंचे आरोप है की स्कूल संचालक ने उनसे कहासुनी भी की और अभद्रता पर उतारू हो गया। पत्रकारो ने छुट्टी होने पर बच्चो से बात की। इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी को भी अवगत कराया गया। उन्होने स्कूल को नोटिस जारी किऐ जाने की बात कही। फोन पर जानकारी लेने पर स्कूल संचालक ने स्कूल खोले जाने की बात से इंकार कर दिया कहा कि केवल स्टाफ को ही बुलाया गया था। कुल मिलाकर गली मुहल्लो मे चल रहे स्कूल संचालको की मनमानी जरूर उजागर हुई है।



# वैश्य बिश्नोई सभा के अध्यक्ष का नोएडा में उपचार के दौरान हुआ निधन, नगर में छाई शोक की लहर,अंतिम संस्कार में सैकड़ो लोग रहे मौजूद

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** वैश्य बिश्नोई सभा के अध्यक्ष श्री साहू चंद्रकांत बिश्नोई उर्फ साहू मुन्नन का आज दोपहर नोएडा में उपचार के दौरान निधन हो गया उनके अचानक निधन से नगर में शोक की लहर दौड़ गई' जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला बिशनपुर निवासी चंद्रकांत बिश्नोई( 57 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय साहू हरिश्चंद्र बिश्नोई कई सप्ताह से बीमार चल रहे थे उनका उपचार के लिए नोएडा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था मंगलवार की दोपहर करीब 2:00 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली' चंद्रकांत बिश्नोई काफी समय तक व्यापार मंडल एवं शिवसेना के अध्यक्ष भी रहे वे सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेते थे' आज देर शाम नगर के मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया' उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ो लोगों ने भाग लिया' उनके निधन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी,अभय कुमार विश्नोई, शिक्षक विजेंद्र बिश्नोई,भारत विकास परिषद के अध्यक्ष एडवोकेट दीपक बिश्नोई, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, पत्रकार ओमवीर सिंह बिश्नोई, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तहसील अध्यक्ष डॉ अशोक चौहान, प्रसिद्ध मिष्ठान विक्रेता अनिल बिश्नोई, अनुज बिश्नोई, आदि लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है ।

# आशापुरी गोल्ड ऑनामेंट लिमिटेड का राइट्स इश्यू आज खुलेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ।** सोने के आभूषणों के प्रमुख निमार्ताओं और हॉलसेलर्स में से एक आशापुरी गोल्ड ऑनामेंट लिमिटेड का 48.75 करोड़ रुपए का राइट्स इश्यू 8 मई को खुलेंगा। इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग कंपनी की विस्तार योजनाओं, नए क्षेत्रों में प्रवेश और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं पूरी करने के लिए किया जाएगा। कंपनी का राइट इश्यू 5.85 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर पेश किया जाता है जो 3 मई, 2024 को बंद शेयर मूल्य पर 57.45 प्रतिशत की छूट दिखाता है। राइट्स इश्यू 27 मई को बंद होगा। कंपनी एक रुपए के अंकित मूल्य के 8,33,28,666 फुल्ली पेइड इक्विटी शेयर रु. 5.85 प्रति इक्विटी शेयर (रु. 4.85 प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) की कीमत पर जारी करेगी, जिसका कुल मूल्य रु. 48.75 करोड़ होगा। प्रस्तावित इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 1:3 पर तय किया गया है (रिकॉर्ड तिथि 18 अप्रैल, 2024 को इक्विटी शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 रुपए के 3 इक्विटी शेयरों के लिए 1 रुपए के अंकित मूल्य का 1 इक्विटी शेयर)। ऑन-मार्केट अधिकार अधिकारों के त्याग की अंतिम तिथि 21 मई 2024 है। आशापुरी गोल्ड ऑनामेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार सोनी ने बताया कि, ह्लकंपनी ने हाल के दिनों में उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करने, विभिन्न बाजारों के लिए नई प्रोडक्ट लाइनें और कलेक्शन लॉन्च करने पर ध्यान देने के साथ महत्वपूर्ण रणनीतिक पहल की है। हमारा लंबे समय के लिए फोकस टीम डेवलपमेंट में निवेश करना और भारत की सबसे बड़ी बीटूबी प्रदर्शनियों में भाग लेना जारी रहेगा। इश्यू से होने वाली आय कंपनी की बैलेंस शीट को और मजबूत करेगी और इसकी विस्तार योजनाओं और रणनीतिक विकास पहलों को वित्त पोषित करने में मदद करेगी। कंपनी के बोर्ड ऑफ डिरेक्टर्स ने 10 अप्रैल, 2024 को पात्र इक्विटी शेयरधारकों को रु. 48.75 करोड़ से अधिक की राशि के लिए राइट्स इश्यू के माध्यम से इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दे दी। राइट्स इश्यू के बाद, कंपनी के कुल बकाया शेयर बढ़कर 33,33,14,666 इक्विटी शेयर हो जाने चाहिए, जो राइट्स इश्यू से पहले 24,99,86,000 इक्विटी शेयर थे।

# बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वृक्षारोपण करें : वीरपाल राठी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीनगर (अनवर खान)।** क्षेत्र की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था भारत जन सेवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र चौधरी के नेतृत्व में संस्था के पदाधिकारीयों द्वारा बड़ौत के ब्लॉक प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के अवसर पर मौजूद मुख्य अतिथि छपरौली के पूर्व विधायक वीर पाल राठी ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। पेड़ों से जहां हमें फल आदि मिलते हैं वहीं पेड़ों से ही हमें औषधीय आदि मिलती हैं। जो हमारे अनेक रोगों को ठीक करने में सहायक सिद्ध होती हैं। इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। इसके अलावा इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद बड़ौत नगर पालिका की चेयरपर्सन के पति अश्वनी तोमर, व जाट सभा के अध्यक्ष देवेंद्र धामा ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रदूषित वातावरण को स्वच्छ बनाने में वृक्ष महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से बचाना है तो अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाए। सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए संस्था की वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उषा मलिक ने भी पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण करने की अपील की। इसअवसर पर रवि गोयल, शिवकुमार पावरिया, राखी पंवार,शैली तोमर, विमलेश राठी, देवेंद्र मलिक, अलबेल सिंह राठी, सोनू छिल्लर सहित अनेक पदाधिकारी गण मौजूद थे।

# यूवी कैन ब्रिंगिंग स्माइल्स ने निर्धन विद्यार्थियों को वितरित किए जूते

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीनगर (अनवर खान)।** यूवी कैन ब्रिंगिंग स्माइल्स फाउंडेशन द्वारा अपने चरण पादुका अभियान के अंतर्गत बेगमाबाद के कंपोजिट विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे अनेक निर्धन विद्यार्थियों को जूते वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पूर्व चेयरमैन व लायंस क्लब सेंट्रल के पूर्व चेयरमैन राकेश कंसल ने संस्था के चरण पादुका अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह एक अत्यंत पुनीत कार्य है जो निर्धन बच्चों के नंगे पैरों की सर्दी, गर्मी और बरसात जैसे मौस में रक्षा करता है। इस दौरान मुख्य अतिथि राकेश कंसल द्वारा बच्चों को जूते पहनाये गए। जूते पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिले हुए नजर आए। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण कुमार शर्मा ने बताया कि यह विद्यालय प्रमुख समाजसेविका उषा चौधरी की सामाजिक संस्था रुद्रांश एक जरिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गोद लिया गया है। और इस विद्यालय के 101 बच्चों को जूते उपलब्ध कराए गए। मंच संचालन संस्था की वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा द्वारा किया गया।

इसअवसर पर विशाल माहेश्वरी, सचिन वधावन, ईशान गिरी, केशव ओझा, अंश कुशवाहा, आशुतोष शर्मा, सुमिता शर्मा, प्रकृति शर्मा, रेणु शर्मा, डॉ रूपा रानी त्यागी, दीपा जटवानी, पूनम सिंघल, डॉ के-के थम्मन, सुनीता शर्मा, माया रानी माहेश्वरी, उषा चौधरी, रजनी मित्तल, संतोष मेहता, तरुण विज, मनीष कौशल, मोहित शर्मा, शिवम कोहली, राजकुमार शिवाच,कंचन अग्रवाल, आस्था शर्मा, विनय चौहान, कृष थम्मन, अमरजीत सिंह, बलबीर मेहता, नैतिक गिरी केअतिरिक्त विद्यालय से प्रधानाचार्या शशि यादव, मधु व पवन सहित अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थी।

## अंग्रेजी माध्यम के दसवीं पास विद्यार्थियों को नहीं मिल सका 11वीं में दाखिला

# मोदी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य और अभिभावकों के बीच हुई वार्ता रही बेनतीजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** डॉ केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के अंग्रेजी माध्यम से दसवीं पास विद्यार्थियों के 11वीं में अंग्रेजी माध्यम में ही दाखिले को लेकर अभिभावकों और प्रधानाचार्य के बीच मंगलवार को हुई वार्ता बेनतीजा रही। प्रधानाचार्य ने गेंद मैनेजमेंट के पाले में डालकर मामले से अपना पल्ला झाड़ लिया। बता दें कि प्रधानाचार्य सतीश चंद्र अग्रवाल के निलंबन के बाद तेजपाल सिंह विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य का पदभार संभाल रहे हैं। अभी हाल ही में कॉलेज के ही अंग्रेजी माध्यम के दसवीं कक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सैंकड़ों विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह ने 11वीं कक्षा में अंग्रेजी माध्यम में अनुमति न होने का हवाला देते हुए दाखिला देने से इनकार कर दिया था। प्रधानाचार्य के इस फरमान से परेशान अभिभावक पिछले कई दिनों से लगातार प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह से दाखिला देने की गुहार लगा रहे थे। किंतु प्रधानाचार्य बार-बार अनुमति न होने की बात कह कर अभिभावकों को टाल रहे थे। जिससे नाराज होकर दर्जनों अभिभावक मंगलवार को अनेक सभासदों एवं व्यापारी नेता आदि के साथ कॉलेज में पहुंचे और बच्चों को 11वीं कक्षा में दाखिला देने की मांग करने लगे। इसी बीच कॉलेज प्रबंधन की सूचना पर पुलिस भी कॉलेज में पहुंच गई। जिसके बाद सभासदों ने विद्यार्थियों के भविष्य के अंधकारमयम होने की बात कहते हुए दसवीं पास विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा में सामाजिक करने की मांग रखी। जिस पर प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह ने इस मामले के कॉलेज मैनेजमेंट से जुड़े होने की बात कहते हुए गेंद मैनेजमेंट के पहले में डाल दी। और अभिभावकों को कॉलेज मैनेजमेंट से वार्ता करने का सुझाव देकर मामले को टाल दिया अब अभिभावक बुधवार यानी आज मैनेजमेंट से मुलाकात कर वार्ता करेंगे। इस अवसर पर सभासद सुबे सिंह, सभासद कृष्णराज सेन, सभासद मोनू धामा, सभासद प्रवीण गुर्जर, व्यापारी नेता निर्दोषखटाना, एड शिवकुमार, डॉ राजेश जैसवार, सोनू कुमार, किशन, कुलदीप, मनीष वर्मा, नितिन, ममता, महेश शर्मा, योगेश, इंदु, लोकेश, संजय, लक्ष्य, आदित्य सहित दर्जनों अभिभावक गण मौजूद थे।



### कार्यवाहक प्रधानाचार्य नहीं दिखा सके निलंबन के आदेश

11वीं कक्षा में दाखिले की मांग करने के दौरान कार्यवाहक प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह ने अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान कराए जाने की अनुमति न होने के कारण ही सतीश चंद्र अग्रवाल के निलंबन की बात कही। जिसके बाद अभिभावकों द्वारा एससी अग्रवाल के निलंबन के आदेश की प्रति दिखाए जाने की मांग पर प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह बगले झांकने लगे।

### बिना अनुमति के प्रधान कराई जा रही थी शिक्षा और सोते रहे अधिकारी

कार्यवाहक प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह की माने तो कॉलेज में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा बिना अनुमति के ही एससी अग्रवाल द्वारा प्रदान कराई जा रही थी। गत कई वर्षों से बिना अनुमति के कॉलेज में शिक्षा प्रदान कराए जाना शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कर्तव्य निष्ठा पर भी सवालिया निशान लगा रही है। और यदि एससी अग्रवाल के निलंबन की एक वजह यह भी है तो इस मामले में विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली की विद्यार्थी हित में जांच होना अत्यंत आवश्यक है।

### अभिभावक परेशान तो विद्यार्थी डिप्रेशन में

प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह के इस फैसले से जहां अपने बच्चों के भविष्य को लेकर अभिभावक चिंतित और परेशान है वहीं विद्यार्थी भी डिप्रेशन में है। कई अभिभावकों ने बताया कि दाखिला न होने से परेशान उनके बच्चों ने कई दिन से खाना तक नहीं खाया है। जबकि चिंता के कारण कई बच्चों की तबीयत भी खराब हो गई है।

# तिलक नगर विधानसभा में कमलजीत शहरावत ने निकाला रोड़ शो

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली ।** पश्चिमी दिल्ली लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कमलजीत शहरावत ने आज तिलक नगर विधानसभा में जोरदार रोड़ शो किया इस रोड़ शो को क्षेत्र की जनता का भरपूर समर्थन मिला और लोगों का जनसैलाब इस रोड़ शो में भाजपा प्रत्याशी कमलजीत शहरावत के स्वागत के लिए उमड़ पड़ा इस रोड़ शो में भाजपा प्रत्याशी कमलजीत शहरावत पर जगह जगह गुलाब के फूलों की वर्षा की गई और फूल मालाओं से स्वागत किया गया रोड़ शो के रास्ते में जगह-जगह स्टाल लगाए गए और स्वागत किया गया इस दो किलोमीटर लम्बे रोड़ शो मे युवा मोर्चा के कार्यकर्ता "अबकी बार चार सो पार" के नारे लगा रहे थे यह रोड़ शो शाम 5 बजे गणेश नगर शिव भोला मंदिर से शुरू हुआ वाया मॉल रोड होते हुए तिलक नगर गोल चक्कर से माता गुजरी हॉस्पिटल मंगल बाजार होते हुए वाल्मीकि मंदिर 80 गज तिलक नगर पर समाप्त हुआ इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी कमलजीत शहरावत ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास की गारंटी लोगों के विश्वास का प्रतीक बन चुकी है पश्चिमी दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश में लोगो की पसंद भारतीय जनता पार्टी बन चुकी है। कमलजीत शहरावत ने सभी क्षेत्र वासियों का दिल से धन्यवाद किया और कहा की मैं क्षेत्र की जनता द्वारा दिए गए इस प्यार और सम्मान का कर्ज कभी भी नहीं उतार सकती इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव बब्बर पश्चिमी जिला अध्यक्ष राजकुमार ग्रोवर शाम से ही उनकी गाड़ी पर उनके साथ रहे और पूरा सहयोग दिया ,इस अवसर पर पश्चिमी लोकसभा चुनाव प्रभारी जय प्रकाश जेपी,पश्चिमी जिला के दोनों महामंत्री संतोष गुप्ता, कुनाल साहनी, उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह सोनू, मंत्री चरनजीत सिंह लवली, अमित कोहली, सिक्ख प्रकोष्ठ दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह बंटी , अमरजीत सिंह अमर, रेनू भल्ला, सुरेन्द्र चौधरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वाति शर्मा, अमरजीत सिंह पप्पू आदि मौजूद रहे इस अवसर पर पश्चिमी जिला अध्यक्ष राजकुमार ग्रोवर ने बताया कि आने वाले दिनों में बाकि क्षेत्रों में भी रोड़ शो होंगे एवं बड़ी -बड़ी जन सभाए होगी और क्षेत्र की जनता का पूरा सहयोग और समर्थन भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा है और कमलजीत शहरावत भारी मतों से इस लोकसभा में जीत दर्ज करवायेगी और विपक्षी उमीदवार की जमानत भी जब्त होगी।



# शोभा सचान के दोहा संग्रह "कमल फूल उर-वेग के" का लोकार्पण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (डॉ.शंभू पंवार)।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद गाजियाबाद नगर इकाई के तत्वावधान में अमित थिएटर में कवि सम्मेलन एवम पुस्तक लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और प्रसिद्ध कवयित्री ममता लड़ीवाल की सुमुधर मां सरस्वती की वंदना से हुआ। समारोह की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय कवि व दोहाकर दिनेश रघुवंशी ने की,अतिथि के रूप में अंतर राष्ट्रीय ख्यातीनाम कवयित्री डॉ.रमा सिंह , डॉ.चेतन आनंद , डॉ. मनोज कामदेव ,प्रेम सागर उपस्थित रहे। तत्पश्चात परिषद की गाजियाबाद इकाई के अध्यक्ष बी. एल.बत्रा अमित्र ने सभी अतिथियों को माल्यार्पण, पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र तथा तुलसी के पौधे भेंट कर सम्मान किया।इस मौके पर डा.चेतन आनंद जी के सहयोग से 'देव प्रभा प्रकाशन' द्वारा प्रकाशित सुप्रसिद्ध कवयित्री शोभा सचान जी के दोहा -संग्रह "कमल फूल उर-वेग के" का लोकार्पण अतिथियों ने किया। इसके पश्चात एक के बाद एक शायर एवं शायराओं ने अपनी बेहतरीन रचनाओं की शानदार प्रस्तुति दे कर कार्यक्रम में समा बांध दिया। कवि सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय दोहाकार दिनेश रघुवंशी, डॉ. रमा सिंह , डॉ. चेतन आनद (महासचिव मेरठ मंडल ), प्रेम सागर प्रेम जी , डॉ.मनोज कामदेव ,बी. एल. बत्रा अमित्र, शोभा सचान , प्रोफेसर(डॉ.) कमलेश संजीदा ,डॉ. तुलिका सेठ, अरुण शर्मा साहिबाबादी, ममता लड़ीवाल, मनीषा जोशी, ज्योति किरण राठोर , डॉ. सुरुचि सैनी, गार्गी कौशिक ,डॉ. सुधीर त्यागी, प्रशांत कुमार, राजेश प्रभाकर , भूपेंद्र राघव , पूजा श्रीवास्तव , वैशाली मित्त , संगीता अहलावत, सीमा पटेल, डॉ. निवेदिता शर्मा , पूनम सागर ने शानदार रचनाओं की प्रस्तुति दे कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। बी.एल.बत्रा जी की ग्रांड डॉटर, छोटी सी गुड़िया ने काव्यपाठ कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर समारोह में उपस्थित प्रबुद्ध श्रोताजनों में महेश कुमार आहूजा (संरक्षक), पारस सचान, मोती राम शर्मा, पवी सचान, प्राची सचान, संजय दाधीच एवं निति अग्रवाल सहित काफी संख्या में उपस्थित थे।अंत में अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, गाजियाबाद के अध्यक्ष बी. एल. बत्रा अमित्र ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# मेदांता में सुपर स्पेशलिज्ड अस्थमा-एलर्जी क्लिनिक का हुआ शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मेदांता हॉस्पिटल ने 7 मई 2024 को विश्व अस्थमा दिवस के शुभ अवसर पर अपने अत्याधुनिक अस्थमा-एलर्जी क्लिनिक के उद्घाटन के साथ अपनी सुपर स्पेशलाइज्ड पल्मोनरी एंड स्लीप मेडिसिन सेवाओं का विस्तार किया है। इस क्लिनिक में डॉक्टरों की टीम मरीजों को उनके अस्थमा से सम्बंधित जरूरत के अनुसार इलाज प्रदान करेगी। इसके साथ-साथ अस्थमा का पूर्ण मूल्यांकन, बीमारी के बारे में मरीजों को पूरी जानकारी, परामर्श और बायोलॉजिकल ड्रग्स जैसी नई चिकित्सा पद्धतियों की आवश्यकता का भी आकलन किया जाएगा।



अस्थमा-एलर्जी क्लिनिक का उद्घाटन मेदांता अस्पताल, लखनऊ के चिकित्सा निदेशक डॉ. राकेश कपूर द्वारा किया गया। पल्मोनरी और स्लीप मेडिसिन के इंचार्ज एवं एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. जुगेन्द्र सिंह ने अस्थमा से जुड़ी प्रचलित भ्रांतियों को दूर किया और अस्थमा के खिलाफ मरीजों को सशक्त बनाने में अस्थमा क्लिनिक की भूमिका के महत्व को बताया।

अस्थमा एलर्जी क्लिनिक के प्रभारी डॉ अभिषेक टंडन ने अस्थमा को पहचानने और उसके इलाज पर बेहद जानकारी पूर्ण व्याख्यान दिया। डॉ. टंडन ने रोगियों के लिए व्यक्तिगत दृष्टिकोण की आवश्यकता और व्यक्तिगत उपचार योजना विकसित करने पर जोर देते हुए कहा, "क्लिनिक का अस्थमा की मुश्किल स्टेज से जूझ रहे व्यक्तियों पर विशेष ध्यान होगा, जहां पूरी तरह से प्रोटोकॉल आधारित बायोलॉजिकल थेरेपी या इम्यूनोथेरेपी का प्रावधान किया जाएगा, जो उनके जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार करेगा ।" बच्चों में अस्थमा की संभावना पर प्रकाश डालते हुए, बाल रोग पल्मोनोलॉजी विभाग की प्रभारी और अस्थमा विशेषज्ञ डॉ. वेल्लुवली पीवाईके प्रसन्ना ने कहा, "अस्थमा के प्रभाव को कम करने के लिए समय पर इस मर्ज की पहचान और उसके उपचार की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने लाइव सेशन में आम लोगों के साथ बातचीत की, जिसमें बच्चों में अस्थमा के इलाज में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर उपस्थित मरीजों को मुफ्त अस्थमा परामर्श और पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (पीएफटी) की सुविधा दी गई । अस्थमा एलर्जी क्लिनिक की शुरूआत, व्यक्तिगत देखभाल पर ध्यान देने के साथ, समग्र स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और अस्थमा के रोगियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए मेदांता के अटूट समर्पण को दशार्ती है।

**परेशानी** — अखिलेश यादव के बाद आज सीएम के लिए भी यातायात परिवर्तन

# वाहन चालकों की परेशानी का कारण बना कानपुर में नेताओं का दौरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** लोकसभा के जारी चुनाव के चलते यहां जिले में विभिन्न राजनीतिक दलों भाजपा सपा बसपा और कांग्रेस नेताओं का दौरा जारी है ,जिसमें उनके लिए आयोजित की जाने वाली जनसभाएं वाहन चालक राहगीरों के लिए परेशानी का भी कारण बन रही है।

आज मंगलवार को वाहन चालकों के लिए ऐसी ही परेशानी का कारण अकबरपुर से गठबंधन के प्रत्याशी राजा रामपाल के समर्थन में रमईपुर में आयोजित की गई सपा प्रमुख और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की रमईपुर में आयोजित की गई जनसभा बनी।

अखिलेश यादव की जनसभा के चलते प्रशासन द्वारा यातायात में जो परिवर्तन किया गया ,उसके फलस्वरूप न केवल आम राहगीरों को बल्कि बड़े वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। इनमें से बड़े वाहन चालकों को कई किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए मजबूर होना पड़ा।

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के समर्थन में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की रैलियों और जनसभाओं के इसी क्रम में आज बुधवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर में घाटमपुर के पतारा कस्बे में अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के पक्ष में जनसभा करेंगे। सीएम योगी के इस कार्यक्रम के चलते कानपुर नौबस्ता से हमीरपुर हाईवे घाटमपुर पर ट्रैफिक डायवर्जन भी किया गया है। अवगत कराते चलें कि जिस रमईपुर में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की यह जनसभा आज मंगलवार को आयोजित की गई, वह क्षेत्र बिठूर विधानसभा क्षेत्र में आता है। इस जनसभा रैली के चलते ही हमीरपुर रोड पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया। यह बदलाव आज मंगलवार सुबह छह बजे से दोपहर तीन बजे तक प्रभावी रहा। इस दौरान घाटमपुर की ओर से कोई भी भारी वाहन नौबस्ता की तरफ नहीं आ सका।

**कई किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए मजबूर हुए बड़े वाहन चालक**

ऐसे वाहन चौडगरा, मूसानगर होते हुए अपने गंतव्य को जा सके। इसी तरह नौबस्ता से घाटमपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन घाटमपुर की तरफ नहीं जाने दिए गये। ऐसे वाहन रामादेवी से सीधे सचेंडी, भोगनीपुर, मूसानगर होते हुए घाटमपुर की तरफ भेजे गए इस यातायात परिवर्तन के दूसरे बिंदु के मुताबिक वाहनों को रामादेवी से चौडगरा होते हुए घाटमपुर की ओर भेजा गया। और आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में घाटमपुर के पतारा में होने वाली जनसभा के लिए भी यातायात में जो परिवर्तन किया गया है उसके मुताबिक नौबस्ता से हमीरपुर हाईवे घाटमपुर पर ट्रैफिक डायवर्जन भी किया गया है। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर पुलिस और प्रशासन की अधिकारी भी पसीना बहाते नजर आए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी बहुत तगड़ी रहेगी ताकि मुख्यमंत्री योगी के आज बुधवार को आगमन के दौरान किसी तरह की बाधा पैदा ना हो सके।

# एडीएम प्रशासन ने राइस मिलर्स और आढ़तियों को दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । गेहूं खरीद का लक्ष्य पूरा करने के लिए जिला खरीद अधिकारी एडीएम प्रशासन गुलाब चंद ने राइस मिलर्स औरआढ़तियों से दो टूक कह दिया कि कोई भी

**एडीएम प्रशासन ने राइस मिलर्स और आढ़तियों को दिए निर्देश,गेहूं की खरीद सरकारी रेट से कम खरीदने पर होगी कार्रवाई**

सरकारी रेट से कम में खरीद नहीं करेगा। इस तरह की शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने विपणन निरीक्षकों से पूछा है कि उन्होंने गेहूं खरीद कराने में क्या प्रयास किए हैं बताएं। राइस मिलर्स ने गेहूं खरीद का लक्ष्य पूरा कराने में सहयोग करने का भरोसा दिलाया है। कलक्ट्रेट सभागार में गेहूं खरीद का लक्ष्य पूरा करने में सहयोग करने के लिए एडीएम और जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह ने राइस मिलर्स औरआढ़तियों की बैठक बुलाई। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि गेहूं खरीद में पीसीएफ की स्थिति ठीक नहीं है। 39 केंद्रों को दो लाख क्विंटल गेहूं की खरीद करने का लक्ष्य दिया गया है लेकिन, अभी तक 24 हजार क्विंटल ही खरीद की गई है। पीसीयू को एक लाख 10 हजार का लक्ष्य मिला है। सिर्फ नौ हजार क्विंटल खरीद की है। यूपीएसएस को एक लाख क्विंटल का लक्ष्य मिला है। सिर्फ 15 हजार क्विंटल खरीदा है। नैफेड को दो लाख तीस हजार क्विंटल गेहूं की खरीद करनी है। 58 हजार 980 क्विंटल ही खरीद की है। एफसीआइ को 43 हजार क्विंटल का लक्ष्य मिला है। 11 हजार विवंटल खरीद की है। खाद विभाग को शासन ने तीन लाख क्विंटल गेहूं खरीदने का लक्ष्य दिया है। अब तक 95 हजार 831 क्विंटल गेहूं की खरीद कर ली। एडीएम प्रशासन ने करा कि खरीद में सुधार नहीं करने वाली एजेंसियों के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। राइस मिलर्स ने अब तक जो गेहूं खरीदा है, उसके बारे में भी जानकारी देनी होगी। यह भी बताना होता कि किस रेट में गेहूं खरीदा गया है।

बैठक में गेहूं के संचरण पर पूरी तरह से रोक होने की भी जानकारी दी गई। बैठक में मंडी सचिव ज्योति सिंह ने कहा कि सरकारी रेट 2275 रुपये प्रति क्विंटल है। इससे नीचे किसान से गेहूं नहीं खरीदा जाएगा। चुनाव के बाद पुलिस की टीमें ब्लाक वार सक्रिय होंगी। बैठक में एआर कोआपरेटिव जितेंद्र पाल सिंह, नैफेड से राजकुमार समेत सभी एजेंसियों के अधिकारी आदि मौजूद रहे।



# आईजी ने कुन्दरकी मे मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)**। तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव मे आई जी









जोन बरेली पी0सी0 मीना ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के तृतीय चरण के मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद मुरादाबाद मे बिलारी/कुन्दरकी स्थित मतदान केंद्रो का निरीक्षण कर चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए निदेशो का पालन कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# आज के वैज्ञानिक युग में मिट्टी की बोतल व घड़े हुए लोकप्रिय: "गरीबों का घड़ा अमीरों के बंगले" में पहुंचा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । आज के वैज्ञानिक युग में प्रदूषण की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है. यही वजह है कि ज्यादातर लोग पानी को साफ करने के लिए अपने घरों में फ्ढ का इस्तेमाल करते हैं लेकिन अब संपन्न परिवार में भी भीषण गर्मी के चलते मिट्टी के घड़े खरीद रहे हैं। टोटी लगे घड़े के दाम 80 रुपये से लेकर 400 तक हैं। पानी पीने के लिए मिट्टी की बोतल भी बिक रही है रामनगर के 25 लीटर के घड़े 300 रुपये में बिक रहे हैं।घड़े का पानी पीना फायदेमंद होता है। जिससे लोग इसको खरीदना पसंद करते हैं। गर्मी में घड़ा, सुराही और लंबा पॉट लोगों को खूब रास आ रहा हैं। महंगाई बढ़ने से इसके दाम में भी इजाफा हुआ है। जो मिट्टी का घड़ा पांच साल पहले 80 रुपए में मिलता था, वो अब तीन सौ रुपये में बिक रहे है। पहले गरीब लोग घड़े का पानी पीते थे क्योंकि उनके पास फ्रिज नहीं था लेकिन आज के वैज्ञानिक युग में आर्थिक रूप से संपन्न लोग आर ओ का पानी न पीकर घड़े का पानी पी रहे हैं ' लोगों का मानना है कि आर ओ के पानी में बड़ी संख्या में मिनरल समाप्त हो जाते हैं यह पानी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो रहा है इसीलिए लोग खड़े का पानी ज्यादा पीना पसंद कर रहे हैं' पहले घड़ा गरीबों का फ्रिज हुआ करता था आज अमीरों के बंगले में भी मिट्टी का घड़ा देखा जा सकता है' मिट्टी के घड़े एवं बोतल बेच रहे अनेक दुकानदारों ने आज बताया कि यह घड़े रामनगर के बने हुए हैं जिनकी डिमांड ज्यादा है' अब बाजार में मिट्टी के तवे एवं कुकर भी आ रहे हैं।





कुन्दरकी : नगर मे मंगलवार को लोकसभा चुनाव मे तीसरे चरण के मतदान मे संभल लोक सभा चुनाव मे वरिष्ठ समाजसेवी राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित बाबू दिनेश बल भटनागर ने मतदान किया ।
**छाया बुलंद संदेश, एम.के.भारती सैफी**

# बीमार राजपाल सिंह ने वोट डालकर अपना फर्ज निभाया चारपाई पर लेटकर बूथ तक पहुंचा बीमार मतदाता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )**। जहां एक और लोग वोट डालने नहीं जाते जिस कारण मतदान का प्रतिशत कम रह जाता है । वही कुन्दरकी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू मे मंगलवार को संभल लोक सभा क्षेत्र को बूथ संख्या 378 पर राजपाल सिंह बीमार व्यक्ति ने अपना वोट डालने की इच्छा जाहिर की जिसपर उसके परिजन और गांव के जागरूक युवाओं ने बीमा राजपाल सिंह को जो कि चलने फिरने मे असमर्थ थे को चारपाई पर लेटाकर बूथ पर लाये । सरकारी कर्मचारियों ने बीमार राजपाल सिंह की बोट की पूरी प्रक्रिया के बाद उंगली पर निशान देई की। बीमार राजपाल सिंह ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल करके अपनी पसंद के उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह के आगे ईवीएम मशीन का बटन दबाकर वोट किया । बीमार राजपाल सिंह से लोगों को सीख लेनी चाहिए कि मतदान में हिस्सा जरूर लेना चाहिए मतदान आवश्यक करें क्योंकि एक वोट से ही सरकार बन जाती है ।



# बिलारी में शांतिपूर्ण माहौल में लोकसभा के तीसरे चरण के चुनाव मे वोट डाले गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)** । नगर मे लोकसभा के तीसरे चरण के चुनाव मे मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल करके वोट डाले । नगर व क्षेत्र में मतदान शांति पूर्वक रूप से संपन्न हुआ । नगर और क्षेत्र में मंगलवार की सुबह सात

**वाजिद हुसैन अंसारी ने अपनी पत्नी शहला वाजिद के संग डाले वोट**

बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई । मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं ने पोलिंग भूतों पर जाकर अपने-अपने पसंद के प्रत्याशियों को वोट किया इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा और अधिकारी नगर व क्षेत्र में भ्रमण करके नजर रख रहे । लोकसभा का तीसरे चरण का चुनाव मंगलवार की सुबह 7:00 से धीमी गति से शुरू हुआ उसके बाद लगातार प्रतिशत बढ़ता गया ।

बिलारी नगर मे संभल लोकसभा क्षेत्र मे कपड़ा मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सदस्य वाजिद हुसैन अंसारी एडवोकेट अपनी पत्नी शहला वाजिद के साथ मतदान स्थल से वोट डाले । और उन्होंने नगर व क्षेत्र वासियों को वोट करने के लिए भी प्रेरित किया ।



# बिश्नोई सभा के त्रैवार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से आभा बिश्नोई बनी अध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। श्री गुरू जंभेश्वर आध्यात्मिक भवन में बिश्नोई सभा के त्रैवार्षिक चुनाव चुनाव अधिकारी हरि विश्नोई की देख रेख में सम्पन्न हुए जिसमें सर्वसम्मति आभा बिश्नोई को अध्यक्ष चुना गया।

**वार्षिक सभा में सामाजिक बुराइयों को दूर करने का लिया संकल्प**

सभा के अध्यक्ष हरिओम बिश्नोई ने बताया कि वार्षिक आम सभा में सभा की संरक्षिका डा. अर्चना
बिश्नोई ने गत वर्षों में हुई प्रगति से अवगत कराया उन्होंने बताया कि मां अमृता देवी वाटिका का जीर्णोद्धार किया गया, एवं समाज के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया, मंदिर में मासिक हवन का आयोजन निरंतर किया गया । बैठक में निर्वाचित कार्यकारिणी में आभा बिश्नोई अध्यक्ष, एड. निरंजन बिश्नोई उपाध्यक्ष, अनुराग बिश्नोई सचिव, कविता बिश्नोई उपसचिव व संदीप बिश्नोई कोषाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। दीपक बिश्नोई को आडीटर व पंकज, निधि, अमित अश्वनी, पंकुल व संजीव बिश्नोई को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। मौजूदा समिति का कार्य काल पूरा होते ही नव गठित समिति 29 अगस्त को कार्यभार ग्रहण करेगी। इस अवसर पर सचिन, संजय, रविन्द्र, अनिल, दिनेश, विकास, सतीश, राकेश, सविता व भावना बिश्नोई आदि उपस्थित रहे। बिश्नोई सभा मेरठ की नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी को भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, सुभाष चंद्र बिश्नोई, प्रखर बिश्नोई आदि लोगों ने बधाई दी है और आशा व्यक्त की है कि नव निर्वाचित कार्यकारिणी समाज के 29 नियमों का प्रचार प्रसार कर लोगों में जन चेतना जागृत करेगी।







**कुन्दरकी** : नगर मे लोकसभा संभल के लिए राष्ट्रहित मे सम्मानित लोगों ने मतदान करके उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए।
**छाया :-बुलन्द संदेश**

# रेलवे फाटक पर प्रतिदिन जाम लगने से नागरिक परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)** । रेलवे फाटक पर बेतरतीव बाहनो के खडा होने से जाम लगता है और इसमे सुधार करने के लिऐ कोई अधिकारी पहल करने को तैयार नही है। कांठ मे रेलवे के फाटक 433 बी पर प्रतिदिन जाम लगना आम बात हो गई है। दोनो और से बाहनो की कई कई लाईनो के कारण लोगो को दिक्कतो का सामना करना पडता रहा है। फाटक बंद होते ही पुलिस के अभाव मे बाहन चालक दोनो और से अपने अपने बाहनो को आगे निकालकर खडा करते है। जिससे मुख्य मार्ग पर आवागमन बंद हो जाता है और इसका शिकार क्षेत्र के लोगो को ज्यादा होना पडता है। उन्हे दो किलोमीटर की दूरी तय करने मे ही फाटक पर घंटो खडा रहना पडता है क्षेत्र के लोगो ने फाटक पर ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिऐ पुलिस को तैनात किऐ जाने की मांग की है। मंगलवार को अनेक बार जाम लगने से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा ।





**कुन्दरकी** । ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गुरेर मे मंगलवार को संभल लोक सभा के चुनाव मे कमल कुमार प्रजापति पूर्व भाजपा प्रत्याशी विधानसभा 29 कुन्दरकी ने अपने परिवार के साथ मतदान किया । **छाया बुलन्द संदेश, एम.के.भारती सैफी**

जागरूक

## मुरादाबाद में केंद्रीय पुस्तकालय और कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की ओर से हुई ऑथर्स टाक सीरीज-04 का आयोजन

# टीएमयू में लीगल एक्सपर्ट ने दिए साइबर सिक्योरिटी के टिप्स

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद**। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी, बरेली के फैकल्टी ऑफ लीगल स्टडीज के डीन प्रो. अमित सिंह ने साइबर सिक्योरिटी पर बोलते हुए साइबर शब्द की उत्पति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सलाह देते हुए कहा, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर अपने डाटा को सुरक्षित रखना सबसे अधिक जरूरी है। साथ ही उन्होंने डाटा की सुरक्षा को लेकर तकनीकी जानकारियों के बारे में भी चर्चा की। आईटी एक्ट और इसके विभिन्न पहलुओं पर स्टुडेंट्स को जागरूक किया। प्रो. सिंह ने साइबर सिक्योरिटी से जुड़े कानूनों और फेसबुक आदि पर निजी डाटा से संबंधित कॉपीराइट के बारे में विस्तार से बताया। प्रो. अमित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी के तहत केंद्रीय पुस्तकालय और कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की ओर से आयोजित ऑथर्स टाक सीरीज-०४ में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। टाक सीरीज में सभी अतिथियों और वक्ताओं का बुके देकर स्वागत किया गया। अंत में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सवाल-जवाब का दौर भी चला, जिसमें स्टुडेंट्स ने अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया।

उल्लेखनीय है, प्रो. अमित सिंह अब तक २० किताबें लिख चुके हैं। इनमें साइबर ज्यूरिडिक्शन डेटा प्रोटेक्शन एंड साइबर सिक्योरिटी बुक प्रमुख है। इससे पहले एमजेपीआरय, बरेली के प्रो. सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता, टीएमयू लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित, प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार सिंह, कार्यक्रम संयोजिका एवम् यूनिवर्सिटी की मुख्य लाइब्रेरियन डॉ. विनीता जैन आदि ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण करके ऑथर्स टाक सीरीज का शुभारम्भ किया।

डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने साइबर सिक्योरिटी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। अंत में डॉ. विनीता जैन ने सभी अतिथियों, वक्तओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रो. मनीष यादव, प्रो. सुशीम शुक्ला, श्री उत्कर्ष अग्रवाल, श्री विजय वर्मा, श्री सौरभ बटार, डॉ. योगेश गुप्ता, डॉ. आलोक गुप्ता, श्री महेश सिंह के संग-संग टीएमयू लॉ कॉलेज की फैकल्टीज, लाइब्रेरी स्टाफ और लॉ कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।







**कुन्दरकी** : ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम रूपपुर निवासी जिला पंचायत सदस्य पति हाजी मौहम्मद रफी की 92 वर्षीय मां अफसरी बेगम ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण मे गांव मे स्थित पोलिंग बूथ पर अपने मताधिकार का प्रयोग करके वोट डालकर लोकतंत्र के राष्ट्रीय पर्व मे हिस्सा लिया और अपना फर्ज निभाया ।
**छाया बुलन्द संदेश, एम.के.भारती सैफी**

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश



# नेहा मलिक ने बिकनी पहन दरिया किनारे दिए सेक्सी पोज, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया तापमान

भोजपुरी अदाकारा नेहा मलिक सोशल मीडिया का तापमान बढ़ाने के लिए मशहूर हैं। आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिंग अवतार से फैंस के छक्के छुड़ाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर बिकनी में तस्वीरें शेयर की हैं। नेहा मलिक ने ऑरेंज कलर की बिकनी पहनी है और दुबई के बीच किनारे एक से बढकर एक सेक्सी पोज देती नजर आई हैं, एक्ट्रेस के खुले बाल उनकी हॉटनेस को और बी इनहांस कर रहे हैं।

दुबई के भव्य फाइव पाम जुमेराह में धूप का आनंद लेते हुए अपनी आकर्षक उपस्थिति से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। चमकीले नारंगी रंग की कटआउट मोनोकिनी पहने हुए, जो उसके कर्व्स को निखार रही थी, नेहा ने आत्मविश्वास और आकर्षण का प्रदर्शन किया, पूल के किनारे अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली आभा से आग लगा दी। अपने सुस्वादु बालों को कंधों पर खूबसूरती से लहराते हुए और आकर्षक चश्मे की एक जोड़ी के साथ, नेहा ने ऐसे पोज दिए जो लालित्य और आकर्षण बिखेर रहे थे। अपने मंत्रमुग्ध कर देने वाले संगीत वीडियो और शानदार मॉडलिंग शॉट्स के लिए प्रसिद्ध, नेहा ने इंस्टाग्राम पर 4 मिलियन से अधिक प्रशंसकों का एक समर्पित अनुयायी बना लिया है। ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन दोनों जगह उनके चुंबकीय व्यक्तित्व ने उन्हें मनोरंजन उद्योग में एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में स्थापित किया है, जिन्होंने अपनी सुंदरता और प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है।एक्ट्रेस का हॉट वीडियो देख यूजर्स घायल हो गए हैं और तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

नेहा मलिक के शानदार करियर में गांधी फेर आ गे (2020), पिंकी मोगे वाली 2 (2021), और मुसाफिर 2020 जैसी फिल्मों में उल्लेखनीय प्रदर्शन शामिल हैं। एक अभिनेत्री के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा चमकती है क्योंकि वह सहजता से विविध भूमिकाएँ निभाती हैं, जिससे उन्हें प्रशंसकों और आलोचकों से समान रूप से प्रशंसा और प्रशंसा मिलती है।

# बॉक्स ऑफिस पर रुसलान ने तोड़ा दम, आयुष शर्मा की फिल्म पर लगा फ्लॉप का ठप्पा

सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान को रिलीज हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन सिनेमाघरों में इसका खेल खत्म हो गया है।दर्शकों के लिए तरस रही इस फिल्म की कमाई ने सबको निराश कर दिया है। रिलीज के पहले दिन से ही यह फिल्म चंद लाख रुपये कमाने के लिए संघर्ष कर रही है।आइए जानते हैं 9वें दिन फिल्म ने कितनी कमाई की।

दूसरे हफ्ते भी इस फिल्म की हालत खस्ता नजर आ रही है। सैकनिल्क के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक 9वें दिन फिल्म ने महज 1 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 4 करोड़ 8 लाख रुपये हो पाई है।फिल्म 9 दिनों में अपनी लागत की एक चौथाई हिस्सा भी नहीं वसूल पाई है। हालांकि, आयुष को अपनी इस फिल्म से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसका भी बंटाधार हो गया है।

आयुष तीसरी फिल्म रुसलान के साथ बड़े पर्दे पर लौटे हैं। वह अब तक लवयात्री और अंतिम में दिख चुके हैं। ये दोनों फिल्में सलमान के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी थीं। वहीं, रुसलान से आयुष ने पहली बार सलमान के बैनर से बाहर काम



किया है।रुस्लान काफी हो-हल्ले के बाद सिनेमाघरों में आई थी। लगा था कि यह आयुष के करियर को ऊंचाई पर पहुंचा देगी। हालांकि, रिलीज होने के बाद यह फिल्म फुस्स हो गई। फिल्म ने पहले दिन सिर्फ 60 लाख रुपये कमाए थे। वीकेंड पर कलेक्शन में उछाल देखने को मिला था। फिल्म ने दूसरे दिन 80 लाख, तीसरे दिन 90 लाख, चौथे दिन 40 लाख, 5वें दिन 55 लाख, छठे दिन 46 लाख, 7वें दिन 29 लाख रुपये कमाए और 8वें दिन 7 लाख रुपये कमाए।रुसलान को बनाने में 25 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। कमाई के आंकड़े देख साफ है कि निमार्ताओं को फिल्म से नुकसान उठाना पड़ा है। करण बुटानी के निर्देशन में बनी रुसलान में आयुष एक रॉ एजेंट की भूमिका में हैं। उन्होंने फिल्म के लिए अपनी बाडी और सिक्स पैक एब्स बनाने और एक्शन में तेज-तर्रार होने के लिए खूब मेहनत की, लेकिन इस चक्कर में वह अपनी एक्टिंग पर काम करना भूल गए।भावुक, गुस्सैल हर सीन में वह एक जैसा अभिनय करते हैं। चेहरे पर भाव आने से पहले ही चले जाते हैं। फिल्म में ज्यादातर उनके एक्शन की तारीफ हुई है। अजय देवगन की फिल्म मैदान ने 24वें दिन 1 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसी के साथ इसकी कुल कमाई 47.10 करोड़ रुपये हो गई है। उधर अक्षय कुमार की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 24वें दिन महज 40 लाख रुपये बटोर पाई।

# एक्ट्रेस सयानी गुप्ता ने अपकमिंग फिल्म बारह बाय बारह को लेकर जताई खुशी

एक्ट्रेस सयानी गुप्ता ने अपने दोस्त ज्ञानेंद्र त्रिपाठी की फिल्म बारह बाय बारह की रिलीज को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के क्लासरूम से उनकी यात्रा को याद किया। सयानी गुप्ता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरे प्यारे दोस्त की फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह मुझे बहुत भावुक कर देता है। एफटीआईआई में हमारी कक्षा से लेकर अब तक का सफर



कैसा रहा, अच्छी चीजें यहां हैं, बधाई हो। गौरव मदान द्वारा निर्देशित, बारह बाय बारह की कहानी एक फोटोग्राफर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर मृतकों के अंतिम क्षणों को कैद करता है। वह जीवन और मृत्यु के चक्र की परिधि से होकर यात्रा पर निकलता है। फिल्म में हरीश खन्ना और गीतिका विद्या ओहल्याण भी हैं।

सयानी को पिछली बार नंदिता दास की फिल्म ज्विगाटो में देखा गया था, जिसमें कपिल शर्मा और शहाना गोस्वामी मुख्य भूमिका में थे। फिल्म एक डिलीवरी राइडर की कहानी बताती है।

# गिप्पी ग्रेवाल, जैस्मीन भसीन स्टारर अरदास सरबत दे भले दी 13 सितंबर को होगी रिलीज

पंजाबी एक्टर गिप्पी ग्रेवाल ने सोमवार को घोषणा की कि अरदास की तीसरी फ्रेंचाइजी, जिसका नाम अरदास सरबत दे भले दी है, इस साल 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इमोशनल फैमिली ड्रामा में गिप्पी, जैस्मीन भसीन और गुरप्रीत घुग्गी हैं। गिप्पी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर किया, जिसमें सुंदर पहाडियां और बीच में गुरुद्वारा नजर आ रहा है।

पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, अरदास सरबत दे भले दी... अरदास की तीसरी फ्रेंचाइजी है। यह 13 सितंबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जैस्मिन ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक छोटा सा नोट लिखा, सबसे हिट फ्रेंचाइजी अरदास में से एक का हिस्सा बनकर काफी भाग्यशाली महसूस कर रही हूं, थैंक यू गिप्पी। फिल्म की रिलीजिंग को लेकर गिप्पी ने कहा, अरदास फ्रेंचाइजी के लिए मेरे




दिल में खास जगह है। फिल्म के जरिए दिया गया मैसेज लोगों को एकजुट करने की ताकत रखता है। मैं इस नए चैप्टर को ऑडियंस के साथ शेयर करने के लिए एक्साइटिड हूं और इस कहानी को वाइब्रेंट बनाने के लिए जियो स्टूडियोज और पैनोरमा स्टूडियोज के साथ काम करके खुश हूं।

फिल्म का पहला पार्ट 2016 में रिलीज हुआ था, जबकि फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म अरदास करण 2019 में रिलीज हुई थी।

फिल्म मास्टर गुरमुख (गुरप्रीत) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक गांव के सरकारी स्कूल में नौकरी करता है। फिल्म में प्रिंस कंवलजीत सिंह, मलकीत रौनी और रघुवीर बोली भी हैं।

जियो स्टूडियोज, हम्बल मोशन पिक्चर्स और पैनोरमा स्टूडियोज प्रस्तुत अरदास सरबत दे भले दी गिप्पी द्वारा लिखित और निर्देशित है।

यह फिल्म 13 सितंबर को रिलीज होगी।

# आमिर खान और सनी देओल की फिल्म लाहौर 1947 की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

आमिर खान को पिछली बार फिल्म लाल सिंह चड्ढा में देखा गया था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसका बुरा हाल हुआ।लाल सिंह चड्ढा के बाद आमिर ने एक्टिंग से कुछ समय का ब्रेक ले लिया था और फिलहाल उनका ध्यान फिल्में बनाने पर है।आमिर ने की शूटिंग अभी चल रही है और यह जून 2024 तक खत्म हो जाएगी। आमिर लाहौर 1947 को अगले साल गणतंत्र दिवस पर रिलीज करना चाहते हैं।सूत्र ने यह भी बताया कि फिल्म में आमिर मेहमान की भूमिका निभा सकते हैं।

लाहौर 1947 के निर्देशन की जिम्मेदारी राजकुमार संतोषी पर



हाल ही में बतौर निमार्ता अपनी अगली फिल्म लाहौर 1947 का ऐलान किया था, जिसके हीरो सनी देओल हैं।अब इस फिल्म को अपनी रिलीज तारीख मिल गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म लाहौर 1947 अगले साल गणतंत्र दिवस के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।एक सूत्र ने कहा, फिल्म है।संतोषी और सनी ने 27 साल बाद हाथ मिलाया है। दोनों की जोड़ी ने हिंदी सिनेमा को घायल और दामिनी जैसी हिट फिल्में दी हैं।1996 में आई फिल्म घातक के लिए दोनों आखिरी बार साथ आए थे।उधर आमिर, इस फिल्म से संतोषी के साथ 29 साल बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने 1994 में आई फिल्म अंदाज अपना अपना में संतोषी संग काम किया था।

# 1 महीने तक रोजाना पिएं टमाटर का जूस, वजन कम होने साथ इन बीमारियों से भी मिल जाएगा छुटकारा

जूस पीने के अपने ही फायदे होते हैं. आज हम फल का जूस नहीं बल्कि सब्जियों में लाल टमाटर के जूस पीने के फायदे के बारे में बात करेंगे। सब्जी के जूस की सबसे बड़ी खासियत यह होती है कि इसमें काफी ज्यादा मात्रा में फाइबर होता है जो शरीर की कई सारी छोटी-मोटी बीमारियों से निजात दिलाता है। टमाटर के जूस में विटामिन ए, सी, के और पोटेशियम भरपूर मात्रा में मिलता है. सेहत के लिहाज से देखा जाए तो यह काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. अगर कोई व्यक्ति एक महीने तक लगातार टमाटर का जूस पिए तो उसके शरीर में तुरंत फर्क दिखने लगेगा.



टमाटर के जूस को आप रोजाना खाली पेट पीने से गजब के फायदे मिलते हैं. बीपी से लेकर दिल से जुड़ी बीमारियां भी दूर हो जाती है. टमाटर के जूस में लाइकोपीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं. शरीर के लिए फायदेमंद है.

अगर आपका वजन काफी ज्यादा बढ़ा हुआ है तो आप इसे रोजाना पीना शुरू कर दें. तेजी से आपका वजन घटने लगेगा. साथ ही पेट से जुड़ी समस्याओं से भी हमेशा के लिए निजात मिल जाएगा। गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए टमाटर का जूस कारगर है. अगर शरीर में पानी की कमी हो रही है तो आप एक महीने तक टमाटर का जूस पिएं.

गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए टमाटर का जूस कारगर है. अगर शरीर में पानी की कमी हो रही है तो आप एक महीने तक टमाटर का जूस पिएं।

# ज्यादा दूध पीना भी सेहत के लिए है खतरनाक, जानिए एक दिन में कितना दूध पीना चाहिए

अक्सर घर के बड़े-बुजुर्ग कहते हैं कि दूध जरूर पीना चाहिए. इससे हड्डी मजबूत होती है. वहीं हेल्थ एक्सपर्ट का मानना है कि दूध पीने से बाल, स्किन, हड्डी मजबूत होने के साथ शरीर को विटामिन डी, कैल्शियम और प्रोटीन भरपूर मात्रा में मिलते हैं. डॉक्टर भी कहते हैं सभी को दूध पीना चाहिए. लेकिन कुछ लोगों के लिए दूध पीना काफी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है।

ज्यादा दूध पीने से हार्मोनल इंबैलेंस हो सकता है. दूध में फैट और कैलोरी बहुत होती है जिसके कारण तेजी से वजन बढ़ता है. इसमें काफी ज्यादा लैक्टोज पाया जाता है. जिसके कारण वजन बढ़ सकता है।

**होने लगती हैं ये परेशानियां**

रोजाना दूध पीने से पेट से जुड़ी गंभीर समस्या हो सकती है, जैसे- गैस, अपच, पेट फूलना, दस्त और कब्ज. दूध में बैड और गुड दोनों तरह की बैक्टीरिया पाई जाती है. इसलिए दोनों में बैलेंस बनाना बेहद जरूरी है.

**पाचन से जुड़ी दिक्कत**

ज्यादा दूध पीने से पाचन से जुड़ी कई सारी दिक्कतें हो सकती है. इसमें मौजूद लैक्टोस कई लोगों को पचती नहीं है. पाचन बिगडने लगती है. और बाद बैचेनी और उल्टी होती है।

स्किन से जुड़ी समस्याएं

अगर आपको स्किन एलर्जी की दिक्कत है तो आपको बिल्कुल भी दूध नहीं पीना चाहिए. इससे एक्ने, पिगमेंटेशन की समस्या हो सकती है. हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक स्किन की बीमारी से पीड़ति लोगों को दूध से कई तरह की बीमारी हो सकती है. साथ ही शरीर पर लाल चकत्ते निकल सकते हैं.



**लिवर से जुड़ी परेशानी**

जिन लोगों को लिवर की परेशानी है तो उन्हें भूल से भी दूध नहीं पीना चाहिए. दूध फैट से भरपूर होता है. साथ ही लिवर इसे ठीक से पचा नहीं पाता है. जिसके कारण लिवर में सूजन हो जाती है.

**एक दिन में कितना दूध पियें**

हर व्यक्ति को अपनी शारीरिक क्षमता के हिसाब से दूध पीना चाहिए, साथ ही उम्र और हाईट के हिसाब से दूध पीना चाहिए।

3 साल तक के उम्र वाले बच्चे - 300 से 500 मिलीलीटर दूध, 4 से 10 साल तक की उम्र -400 से 600 मिलीलीटर दूध, 11 साल से 18 साल तक उम्र-500 मिलीलीटर से 700 मिलीलीटर दूध, 18 साल से ज्यादा उम्र-1 से 2 गिलास दूध।

# मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर किया मतदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**चंदौसी/ बहजोई ।** लोकसभा चुनाव को लेकर हुए मतदान में सुबह से शाम तक पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं में खास उत्साह नजर आया। उत्साह के साथ जहां युवाओं ने वोट डाला तो वही बेटियों ने मुद्दे पर वोट की चोट करने का दावा किया। तो वही सभी को राष्ट्र को सशक्त बनाने में मतदान अवश्य करने का मुद्दा भी युवाओं मुद्दा रहा। वही सभी केंद्रों पर पहुंचकर मतदाताओं ने अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया शाम 6:00 बजे तक 62. 79% मतदाताओं ने मतदान किया।

सुबह 7 बजे से जैसे ही बहजोई के मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई तो सबसे पहले युवा ही वोटो की कतारो में लगे हुए नजर आए। पहली बार वोट करने वालों में खास उत्साह नजर आया वोट डालने के बाद वह मतदान केंद्र के बाहर सेल्फी लेते नजर आए। तो वहीं बेटियों ने सुरक्षा को लेकर अपना वोट डालने की बात कही तो वही हर व्यक्ति से आह्वान किया। कि उसे वोट आवश्यक करना चाहिए। सभी मतदान के दौरान युवाओं में मतदान करने का क्रेज दिखाई दिया। तो वही आप मतदाता भी मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए नजर आए।जहां बुजुर्ग मतदाता मतदान केंद्र पर मतदान करने उत्साह के साथ आ रहे थे।तो वहीं महिलाओं ने भी मतदान में बढ़-चढ़कर भागीदारी की सुबह से शाम तक जहां मतदान केंद्रों पर भीड़ नजर आई तो दोपहर में मतदान केदो पर सन्नाटा से पसरा रहा।

केवल एक दो ही मतदाता मतदान करने के लिए आ रहे थे। भीषण गर्मी में मतदान प्रतिशत पर भी असर पड़ा। जिससे देर शाम तक 62 पॉइंट 79% मतदान हुआ। डीएम मनीष बंसल ने मतदान केदो पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।तो वहीं मतदाताओं से सीधा संवाद करते हुए बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की। डीएम ने बहजोई इंटरमीडिएट कॉलेज पर पहुंचकर अपने मत अधिकार का प्रयोग किया।

# लोकतंत्र के महापर्व पर मतदाताओ ने किया मतदान, छुटपुट घटनाओं के बीच जनपद में शांति पूर्ण ढंग से हुआ चुनाव सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो





















**चन्दौसी/संभल (मंयक सक्सेना)।** लोकतंत्र के महापर्व पर मतदाताओं ने मतदान करने के लिए सुबह से उत्साहित दिखाई दिए। और अपने अपने बूथों पर पर्ची लेकर मतदान करने पहुंचे। जनपद में छुटपुट घटनाओं के बीच शांति पूर्ण ढ़ग से मतदान सम्पन्न कराया गया। जनपद भर में मतदान कराने को लेकर जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पूरी तरह से अलर्ट दिखाई दिये। और पल-पल वे जिले के हर बूथ की सूचना अपने अधीनस्थों से लेते रहे। उन्होने जिलें में हर बूथ पर तैनात पुलिस फोर्स को पूरी तरह अलर्ट कर दिया गया और फर्जी वोट को रोकने के लिए कर्मचरियों को चुस्त दुरस्त करने के निर्देश भी दिये। और डीएम एसपी ने भी जनपद के कई बूथों पर जाकर भी निरीक्षण किया। कुल मतदान 62.79 प्रतिशत रहा। वही ईवीएम में तकनीकी खराबी के चलते चन्दौसी की बूथ संख्या 214 पर मतदान प्रक्रिया देर शुरू हुई। जिससे मतदाताओं में आक्रोश दिखाई दिया। जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई, जिसके बाद मतदान प्रक्रिया शुरू हो सकी।

**मतदान के बाद बूथों पर खूब ली गई सेल्फी**

पिंक बूथों व आदर्श बूथों पर मतदाताओं ने बोट डाली और उत्साह के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर खूब शेयर की। सेल्फी लेने वालों में युवा बुजुर्ग महिलाएं छात्राएं खूब आगे रही। साथ ही इसमें मुस्लिम समुदाय की महिलाएं भी पीछे नहीं रही। ऐसा ही नजारा चन्दौसी के अक्ररजी व वीएम जी इंटर कॉलेज के बाहर बनी सेल्फी प्वाइंट पर चन्दौसी के उद्योग पति बाबू फूल प्रकाश और समाज सेवी विवेक चौधरी भी नजर आए। विवेंक चौधरी ने कहा कि जो मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर आयेगा उसके लिए एक पर्ची दी जायेगी। और उसके बाद लकी ड्रा निकाला जायेगा। लकी ड्रा निकलने वाले को पुरस्कृत किया जायेगा।

**मतदाता मोबाइल न ले जाने से परेशान**

निर्वाचन आयोग ने बूथ के अंदर मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके चलते सुरक्षाकर्मियों ने लोगों की तलाशी लेकर बूथ के अंदर जाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी । लेकिन इसके बाद भी कुछ मतदाता अपना मोबाइल लेकर पहुंच गये जिनकों पुलिस प्रशासन द्वारा रोक दिया गया जिससें वे परेशान दिखाई दिये। प्रशासन का कहना है कि बिना मोबाइल फोन के ही बूथ के अन्दर प्रवेश दिया जायेगा। और वोट डालने की अनुमति मिलेगी।

**पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं में देखने को मिला उत्साह**

पहली बार वोट डालने वाले युवा काफी उत्साहित देखे गए। स्तुति शर्मा ने बताया कि पहली बार बोट डाल रही है। उसे बहुत खुशी हो रही है। यह भी देश के लिए बेहतर सरकार चाहती है। राहुल ने कहा कि वोट डालने के लिए वह काफी बेसब्री से इंतजार कर रहा था। आज उसने पहली बार बोट डाली। इसके अलावा काफी युवाओं ने कहा कि वह भी अब देश के जिम्मेदारर नागरिक बन गए है। उन्होंने सभी लोगों से बोट जरूर करने की अपील की। वर्षा रानी ने पहली बार बोटिंग की और लोगों से कहा कि सभी लोग बोट जरूर करे। देश की तरक्की व बेहतर भविष्य का निमार्ता हमारी बोट ही है।

**बीएलओं ने मतदान केंद्रो पर बनाई मतदाताओं की पर्ची**

काफी बोटरों की इस बार मतदान पर्ची उनके घर नहीं पहुंच सकी। इससे ऐसे बोटरों को मतदान केंद्र पर मौजूद बीएलओ ने पर्ची बनाई। पर्ची बनने के बाद ही बोट डाला गया। वोटर कार्ड न होने से अन्य आई डी प्रूफ से वोट डाल काफी वोटरों के बोटर कार्ड नहीं थे। इसलिए निर्वाचन आयोग ने अन्य आईकार्ड को मान्यता देकर बोट करने का अधिकार दिया। इसी के साथ कुछ वोटरों ने यह भी बताया कि उनके वोट उनकी बोटर लिस्ट के हिसाब से नहीं मिले।जिससे उन्हे परेशानी का सामना करना पड़ा।

**बुजुर्गो व बीमार मतदाता भी मतदान करने पहुंचे बूथों पर**

काफी बीमार वोटरों ने अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट डाली और कहा कि वोट डालने के लिए आए है। बोट डालकर अपना कर्तव्य निभा रहे है।

क्योकि एक वोट लोकतंत्र तथा सही सरकार चुनने में काफी अहम भूमिका हो सकती है।वही वुजुर्ग मतदाताओं ने मतदाताओं अपील की वे ज्यादा से ज्यादा राष्ट्रहित में मतदान करे।

## नारनौंद के अनेक गांवों का किया दौरा, जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत

# आपकी पहनाई पगड़ी की हमेशा लाज रखूंगा: जय प्रकाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) ।** इंडिया गठबधन के हिसार लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी जयप्रकाश ने आज नारनौंद हलके के अनेक गांवों का दौरा किया। गांव-गांव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश का पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। गांव गुज्जरबाड़ा, ढाणी ब्राहमण, पाली, राजपुरा, माढ़ा, माजरा, ढाणी कुम्हारान, मोठ करनैल, मोठ रांगड़ान, गढ़ी अजीमा, लोहारी, डाटा, गुराणा, खानपुर, सिंधड़ सिंघवा राघो , मसूदपुर, सिसाय, महजद सहित गांवों में पहुंचे तो लोगों में काफी भारी जोश दिखा। गांवों में लोगों ने जयप्रकाश को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। जय प्रकाश आश्वसत करते हुए कहा कि आपने जो पगड़ी पहनाई है उसकी पूरी लाज रखने के लिए खून के आखिरी कतरे तक साथ निभाउंगा।

गांव माढ़ा में जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में कांग्रेस की हवा चल रही है। जनता नरेंद्र मोदी और भाजपा की जुमलेबाजी से परेशान हो चुकी है। उन्होंने कहा भाजपा संविधान को बदलने और प्रजातंत्र को खत्म करने का पूरा प्रयास किया जा रहा। संविधान और प्रजातंत्र को बचाने के लिए इस बार भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करना होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल में जो काम हुए है उन्हें जनता आज तक भूल नहीं पाई है आज भी लोग उनके किये हुए कामों का याद कर रहे हैं। वहीं मनोहर लाल के किए काम भी आप लोगों से छुपे नहीं हैं। भाजपा ने किसी भी वर्ग को परेशान करने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। अपने



हकों की आवाज उठाने वाले और धरना-प्रदर्शन करने वालों पर लाठियां भांजने का काम किया है। वहीं अगले गांव माजरा में सरपंच रामकेश की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजन किया गया। यहां भी अन्य गांवों की तरह लोगों ने फूलमालाओं और पगड़ी पहना कर जयप्रकाश का स्वागत किया । जय प्रकाश ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के शासन में किसान, मजदूर, व्यापारी, छात्र, आंगनवाड़ी वर्कर, आशावर्कर सभी गत वर्षों से आंदोलनरत है। सरकार ने इनकी मांगे मानने की बजाए इनपर अत्याचार करने का काम किया। भाजपा ने फिर से एकबार अंग्रेजों की याद ताजा कर दी।

इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने जनता के साथ विश्वासघात किया है । भाजपा के प्रति वर्ष दो करोड़ रोजगार देने, 15 लाख खाते में डालने, किसानों की आय दुगनी करने, काला धन वापस लाने एवं अन्य लोक लुभावने वायदे झूठे साबित हुए। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा ने हमेशा झूठी जुमलेबाजी की राजनीति की है। अब की बार लोग भाजपा के बहकावे में आने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आज महंगाई, बेरोजगारी व कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व श्रम क्षेत्र एवं युवाओं व मजदूरों का बुरा हाल है। हर वर्ग भाजपा की कार्यप्रणाली से बहुत परेशान है और इस बार भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगी। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व विधायक प्रो. रामभक्त, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जस्सी पेटवाड़, पूर्व जिला पार्षद सुरेंद्र पंघाल सहित अनके वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

# युनिटी कालेज की कशिश फात्मा ने हाईस्कूल में 89 प्रतिशत के साथ रौशन किया सीबार का नाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ।** यूनिटी कॉलेज की कशिश फात्मा ने आइसीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में 89% पास के साथ अपने वतन सीबार का नाम रोशन किया। कशिश फातिमा ने यह कामयाबी बिना किसी मदद के हासिल की। उसने खुद स्वयं घर पर पढ़ाई करके कामयाबी हासिल की। किसी भी तरह की कोई कोचिंग और ट्यूशन का सहारा उसने नहीं लिया।

कशिश के पिता सैयद मो अली तकवी पेशे से एक शिक्षक तथा काउंसलर भी हैं और पत्रकारिता तथा लेखन में भी पकड़ रखते हैं। कशिश के दादा सैयद मंजूरूस सिब्तैन फैजाबाद के प्रसिद्ध अंग्रेजी के शिक्षक रहे हैं और आचार्य नरेन्द्र देव अवार्ड से सम्मानित हैं। कशिश फात्मा ने बताया कि उनकी रूचि जीवविज्ञान में है और इंटरमीडिएट में वह जीवविज्ञान विषय के साथ ही पढ़ाई जारी रखेंगी।

# बदायूं के 16 गांवों में लोगों ने किया मतदान का बहिष्कार, अफसर समझाने में जुटे रहे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं ।** जिले में मतदान के दिन बिजली, सड़क और जल निकासी की समस्या का मुद्दा गूंजता रहा। समस्याओं का समाधान न होने से नाराज ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। कई गांव से बहिष्कार के मामले सामने आए। अफसर मतदाताओं को मनाने में जुटे रहे। ज्यादातर लोग मतदान को तैयार हो गए, लेकिन कुछ बहिष्कार पर अड़े रहे। बदायूं जिले में मतदान के लिए तमाम प्रयास किए गए, लेकिन जनसमस्याओं के समाधान पर उतनी गंभीरता नहीं दिखी। नतीजा चुनाव के दिन सामने आ गया। तीसरे चरण के चुनाव में मंगलवार को मतदान के दौरान जिले के 16 गांव में बिजली और सड़क का मुद्दा छाया रहा। इसको लेकर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। दोपहर तक उन्हें मनाने का क्रम चलता रहा।

मतदान करने के लिए 13 गांवों के लोग मान गए लेकिन शाम चार बजे तक तीन गांव के लोग मतदान करने नहीं पहुंचे। उन्हें पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी समझाने में लगे रहे। सहसवान ब्लॉक क्षेत्र के गांव बसंतनगर, इस्लामनगर के पुरदलपुर और खुशहालपुर में लोग नहीं माने तो तीन बजे के बाद अधिकारियों ने मतदान का शून्य खत्म करने के लिए कुछ मतदाताओं को राजी किया। वोट डलवाए।

**सड़क के लिए सड़क पर उतरे ग्रामीण, प्रदर्शन**


सहसवान ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत खंडुआ के मझरा बसंतनगर के ग्रामीणों ने सड़क को लेकर मतदान का बहिष्कार कर दिया। जब सुबह 11 बजे तक ग्रामीण मतदान करने नहीं पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे तो पीठासीन अधिकारी ने उच्चाधिकारियों को सूचना दी, जिससे सहसवान एसडीएम प्रेमपाल सिंह और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों ने मतदान न करने की वजह पूछी तो ग्रामीणों ने बताया कि बसंतनगर गांव से करियामई तक करीब तीन किलो मीटर तक कच्ची सड़क है। वह पिछले कई साल से सड़क निर्माण कराने की मांग करते आ रहे हैं लेकिन हर बार मामला टाल दिया जाता है।पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान भी ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया था। तब पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाबुझाकर मतदान करा दिया था लेकिन सड़क का निर्माण फिर भी नहीं हो पाया। सड़क न बनने से कई युवाओं की शादी तक नहीं हुई है। ग्रामीणों को काफी समझाया गया लेकिन उन्होंने शाम तक मतदान नहीं किया। इसी तरह भरतपुर गांव के लोग भी नजदीकी गांव उदयपुर में मतदान केंद्र बनाने से नाराज हैं, जिससे वह मतदान करने नहीं पहुंचे। यहां केवल दो-तीन लोगों ने ही मतदान किया।

**बिजली नहीं मिली तो लोग आक्रोशित हुए**

इस्लामनगर ब्लॉक क्षेत्र के गांव पुरदलपुर में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। उन्होंने बताया कि उनके गांव में रुदायन फीडर से बिजली आती है। लगातार ट्रिपिंग होती है। बिजली कटौती भी खूब होती है। किसानों की फसलें सूख जाती हैं। कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। गांव में 40 बीघा जमीन विद्युत उपकेंद्र के नाम से पड़ी हुई है लेकिन आज तक उपकेंद्र नहीं बन पाया। उनके गांव में 1250 मतदाता हैं। इसकी सूचना पर सहसवान एसडीएम प्रेमपाल सिंह, इस्लामनगर इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र सिंह गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की लेकिन ग्रामीण नहीं माने। पुलिस ने दबाव बनाकर दो-तीन महिलाओं से मतदान करा दिया लेकिन उसके बाद किसी ग्रामीण ने मतदान नहीं किया। इसी तरह खुशहालपुर के ग्रामीणों ने भी बिजली समस्या को लेकर मतदान नहीं किया।

**गुस्सा भड़का तो मनाने पहुंचे विधायक और एसडीएम**

आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र के पांच गांव के लोगों ने मतदान करने से इन्कार कर दिया। इनमें दौलतपुर, मुंसिया नगला, भरतपुर, बीधा नगला और ललुआ नगला के ग्रामीणों ने बिजली और सड़क की समस्या को लेकर बहिष्कार किया। इसकी सूचना पर एसडीएम कल्पना जायसवाल और पूर्व विधायक कुशाग्र सागर समेत कई नेता और अधिकारी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाबुझाकर मतदान शुरू कराया। इन पांचों गांव में दोपहर तक मतदान प्रतिशत बेहद कम रहा। ग्रामीणों की मांग थी कि उनके इलाके में विद्युत उपकेंद्र पिछले दस साल से प्रस्तावित है लेकिन आज तक उपकेंद्र का निर्माण नहीं हो पाया, जिससे ग्रामीण नाराज थे।



**ढोरनपुर में लगा नारा- रोड़ नहीं तो वोट नहीं**

आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव ढोरनपुर में ग्रामीणों ने एकजुट होकर मतदान का बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जिला प्रशासन दो किलोमीटर के संपर्क मार्ग का निर्माण नहीं करा पाया है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में भी यह आवाज उठाई थी और मतदान का बहिष्कार भी किया था लेकिन उन्हें समझाबुझाकर मतदान करा दिया गया था।

इस लोकसभा चुनाव का वह कई दिन से बहिष्कार कर रहे थे। इसको लेकर ग्रामीणों ने गांव में बैनर पोस्टर भी लगाए। मंगलवार को उन्होंने प्रदर्शन भी किया। इसकी सूचना पर तहसीलदार विजय कुमार और एसओ वेदपाल सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों से बातकर ग्रामीणों को समझाया कि सड़क का प्रस्ताव पास हो चुका है। उसकी धनराशि भी स्वीकृत है। चुनाव के बाद सड़क का निर्माण शुरू हो जाएगा। तब कहीं ग्रामीण मतदान करने के लिए तैयार हुए और मतदान किया।

**यहां के मतदाता भी हुए नाराज**

बिल्सी ब्लॉक क्षेत्र के गांव सुकटिया में सड़क को लेकर लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव की सड़क बेहद खराब है। वह पिछले कई साल से सड़क निर्माण कराने की मांग करते आ रहे हैं लेकिन सड़क का निर्माण नहीं हो पाया। इसके अलावा हरनाम नगला के लोगों ने स्कूल निर्माण को लेकर मतदान नहीं किया।

इसकी सूचना पर पूर्व विधायक प्रेमस्वरूप पाठक और पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव गांव पहुंचे। उन्होंने जैसे-तैसे समझाकर उन्हें मतदान करने के लिए राजी किया। यहां दोपहर करीब ढाई बजे से मतदान शुरू हुआ। तो वहीं सहसवान विधानसभा क्षेत्र के गांव केशरपुर में भी लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। ग्रामीणों का दावा है कि उन्होंने शाम पांच बजे तक मतदान नहीं किया।

**रुकुमपुर और अमृतापुर में 11 बजे से शुरू हुआ मतदान**

दातागंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रुकुमपुर और अमृतापुर के लोगों ने बिजली और सड़क को लेकर सुबह मतदान का बहिष्कार किया। रुकुमपुर के ग्रामीणों का कहना है कि उनका सात किलो मीटर का रास्ता है, जिसमें तीन किलोमीटर की सड़क बेहद खराब है। वह कई कार सड़क निर्माण की मांग कर चुके हैं लेकिन उनकी सड़का निर्माण नहीं कराया गया।

इसी तरह अमृतापुर के लोगों ने भी बिजली और सड़क निर्माण का मुद्दा उठाया। इसकी सूचना पर दातागंज विधायक के बेटे अतेंद्र विक्रम सिंह और आंवला सांसद के प्रतिनिधि धर्मेंद्र गुप्ता पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों को समझाबुझाकर सुबह करीब 11 बजे मतदान शुरू कराया।

**इन गांव में हुआ बहिष्कार**

सहसवान ब्लॉक क्षेत्र के गांव बसंतनगर, केशरपुर, इस्लामनगर ब्लॉक क्षेत्र के गांव भरतपुर, पुरदलपुर, खुशहालपुर, आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव दौलतपुर, मुंसिया नगला, भरतपुर, बीधा नगला, ललुआ नगला, ढोरनपुर, बिल्सी ब्लॉक क्षेत्र के गांव सुकटिया, हरनाम नगला, उझानी ब्लॉक क्षेत्र के गांव हजरतगंज और दातागंज ब्लॉक क्षेत्र के गांव रकुमपुर व अमृतापुर आदि गांव में बहिष्कार हुआ।

# शब्बर मुर्तजा इंकलाब सिरसिवी और डाक्टर कलीम सिरसिवी के इंतकाल पर बज्म ए शोअरा ए मीसम की ताज़ियती मीटिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**संभल।** शायरे अहले बैत जनाब शब्बर मुर्तजा इंकलाब सिरसिवी और डाक्टर कलीम सिरसिवी साहब के इंतकाल पर बज्म ए शोहरा ए मीसम ने ताज़ियाती मीटिंग की। जिसमें बज्म के मिम्बरान ने अपने सरपरस्त और मशहूर शायर जनाब इंकलाब सिरसिवी के इंतकाल पर अफसोस जाहिर किया।

इस अवसर पर बज्म के नौजवान शायर कलीम सिरसिवी की हादसाती मौत पर भी गम का इजहार किया गया। नवजवान शायर कलीम असगर जो इंकलाब सिरसिवी की मौत की खबर सुनकर उनकी अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए जा रहे थे तभी महमूदपुर माफी जगह पर उनकी स्कूटी को डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मरहूमीन की मगफिरत की दुआ की गई।

# अगर UPA का कार्यकाल जंगल राज था, तो NDA का राक्षस राज है, चिराग पासवान का पलटवार : तेजस्वी



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए के कार्यकाल को "जंगल राज" कहा जाता है, तो भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए शासन को "राक्षस राज" कहा जा सकता है। पत्रकारों से बात करते हुए, यादव ने कहा कि यूपीए सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, शिक्षा का अधिकार और मनरेगा जैसी कई पहल कीं। उन्होंने दावा किया कि रेल मंत्री के रूप में लालू प्रसाद के कार्यकाल के दौरान रेलवे ने अधिशेष राजस्व अर्जित किया और गरीब रथ जैसी ट्रेनें शुरू की गईं। सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले एसी कोच में यात्रा करने लगे। अगर बीजेपी नेता इसे 'जंगल राज' कहते हैं तो पीएम मोदी के शासनकाल को 'राक्षस राज' बताया जाना चाहिए। राजद नेता तेजस्वी यादव की 'राक्षसराज' टिप्पणी पर एलजेपी (रामविलास) प्रमुख और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार चिराग पासवान ने कहा कि जब हम जंगलराज कहते हैं तो उसका एक कारण है, जिस तरह 1990 के दशक में यहां सबसे ज्यादा पलायन, हत्या, बलात्कार, लूट-डकैती हुई, वो जंगलराज था। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में सबसे ज्यादा कितने गरीबों को मुख्यधारा से जोड़ा गया है, आंकड़े यही बता रहे हैं... अगर ये लोग ऐसे नियम को 'राक्षसराज' कह रहे हैं, तो ऐसा 'राक्षसराज' ही अच्छा है।

आपक बता दें कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल सत्ता में आए तो देश में जंगलराज होगा। शाह ने यह भी दावा किया कि झारखंड में नकदी बरामदगी से साबित होता है कि इंडिया गुट के नेता भ्रष्ट हैं।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267